Vol. 7
No. 12
DP-13

वैदिक वाग् ज्योतिः - प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री

ISSN : 2277-4351
RNI Reg:UTTMUL 2012/53882

DP-13

वैदिक वाग् ज्योतिः
Vaidika Vāg Jyotiḥ

An International Refereed & Peer-Reviewed
Research Journal on Vedic Studies
(UGC Approved Half Yearly Journal)

Vol./ वर्ष–7 January-June 2019 No./ अंक 12

Special Issue
SCIENCE & PHILOSOPHY : A VEDIC PERSPECTIVE

सम्पादक
प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री
अध्यक्ष, वेदविभाग

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
(NAAC द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त एवं यू.जी.सी. द्वारा पूर्णतः अनुदानित समविश्वविद्यालय)
Gurukula Kangri Vishwavidyalaya
Haridwar-249 404 (Uttarakhand) India
http://www.gkv.ac.in

ISSN : 2277-4351
RNI Reg:UTTMUL 2012/53882
(UGC Approved Half Yearly Journal)
January-June 2019

'वैदिक वाग् ज्योतिः' 'Vaidika Vāg Jyotiḥ'

An International Refereed & Peer-Reviewed Research Journal on Vedic Studies

Patrons

Dr. Satyapal Singh, Chancellor, GKV, Haridwar
Prof. Vinod Kumar, Vice-Chancellor, GKV, Haridwar

Chief Editor

Prof. Dinesh Chandra Shastri
Ex-Head, Dept. of Veda, GKV,
Haridwar-249 404 (U.K.) India
Email - dineshcshastri@gmail.com
Tel : +91-9410192541

Advisory Board

Prof. Nicholas Kazanas, Athens (Greece)
Dr. Rajendra Ayurvedalankar, Haridwar
Dr. Vinod Chandra Vidyalankar, Jwalapur
Prof. Maan Singh, Roorkee
Prof. Shashi Tiwari, "President Awardee" Delhi
Prof. Lekhram Sharma, Amritsar
Prof. Suneel Joshi, Haridwar
Prof. Ishwar Bharadwaj, Haridwar
Prof. Rakesh Sharma, Haridwar
Prof. Bheem Singh, Kurukshetra
Prof. Rajendra Vidyalankar, Kurukshetra
Prof. Vedpal (Meerut)
Prof. Kamalesh Chaukashi, Ahamedabad
Prof. Renubala, Amritsar
Dr. Nagendra K. Neeraj, Haridwar
Prof. Sharada Sharma, Delhi
Prof. M.R. Verma, Haridwar
Prof. R.C. Dubey, Haridwar
Prof P.C. Joshi, Haridwar
Prof. Pankaj Madan, Haridwar
Prof. L.P. Purohit, Haridwar
Dr. Aparna Dhir, New Delhi
Dr. Anju Kumari
Dr. R.G. Murli Krishna, Delhi
Dr. Udham Singh

Distinguished Advisors

Acharya Balkrishna, V.C., Patanjali University
Prof. Devi Prasad Tripathi, V.C., U.S. University

Departmental Advisory Board

Prof. Roopkishor Shastri
Prof. Manudev Bandhu

Reviewers

Acharya Balveer, Rohtak
Prof. Veerendra Alankar

Finance Advisor

Sh. R.K. Mishra, F.O.
Sh. Shashi Kant Sharma, ACMA
Sh. Naveen Kumar

Business Manager

Department of Veda & Librarian
GKV, Haridwar - 249 404
(Uttarakhand) India

Subscription

Rs. 200.00 Annual, US $ 20,
Single Copy: Rs. 100.00
Rs. 1000.00 Five Year's
Payment Mode :
D.D. in favour of Registrar,
G.K.V. Haridwar (U.K.)

Published by

Prof. Dinesh Bhatt
Registrar, GKV, Haridwar - 249 404
(Uttarakhand) India

Printed at

D.V. Printers
97-U.B., Jawhar Nager, Delhi-110007
Mob.: 09990279798, 09818279798

ISSN : 2277-4351
RNI : UTTMUL 2012/53882

वैदिक वाग् ज्योतिः

Vaidika Vāg Jyotiḥ

An International Refereed & Peer-Reviewed Research Journal on Vedic Studies

(UGC Approved Half Yearly Journal)

Vol./वर्ष–7 **January–June 2019** **No./अंक 12**

Special Issue
SCIENCE & PHILOSOPHY : A VEDIC PERSPECTIVE

सम्पादक
प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री
अध्यक्ष, वेद विभाग

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
(NAAC द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त एवं यू.जी.सी. द्वारा पूर्णतः अनुदानित समविश्वविद्यालय)
Gurukula Kangri Vishwavidyalaya
Haridwar-249 404 (Uttarakhand) India
http://www.gkv.ac.in

वैदिक वाक्

मि॒त्रꣳ हु॑वे पू॒तद॑क्षं॒ वरु॑णं च रि॒शाद॑सम्।
धिय॑ं घृ॒ताचीꣳ॑ साध॑न्ता।। यजु. 33/57

पदार्थः—(मित्रम्) सुहृदम् (हुवे) स्वीकरोमि (पूतदक्षम्) पवित्रबलम् (वरुणम्) धार्मिकम् (च) (रिशादसम्) हिंसकानां हिंसकम् (धियम्) प्रज्ञाम् (घृताचीम्) या घृतमुदकमञ्चति तां रात्रिम्। घृताचीति रात्रिना।। निघं. 1।7।। (साधन्ता) साधन्तौ।

अन्वयः—हे मनुष्याः! यथाऽहंधियं घृताचीञ्च साधन्ता पूतदक्षं मित्रं रिशादसं वरुणञ्च हुवे तथैतौ यूयमपि स्वीकुरुत।

भावार्थ—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथा प्राणोदानौ प्रज्ञां रात्रिञ्च साध्नुतस्तथा विद्वांसः सर्वाण्युत्तमानि साधनानि गृहीत्वा कार्यसिद्धिं कुर्वन्तु।

पदार्थ—हे मनुष्यो! जैसे मैं (धियम्) बुद्धि तथा (घृताचीम्) शीतलतारूप जल को प्राप्त होने वाली रात्रि को (साधन्ता) सिद्ध करते हुए (पूतदक्षम्) शुद्ध बलयुक्त (मित्रम्) मित्र (च) और (रिशादसम्) दुष्ट हिंसक को मारने हारे (वरुणम्) धर्मात्मा जन को (हुवे) स्वीकार करता हूँ वैसे इनको तुम लोग भी स्वीकार करो।

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे प्राण और उदान बुद्धि और रात्रि को सिद्ध करते, वैसे विद्वान् लोग सब उत्तम साधनों का ग्रहण कर कार्यों को सिद्ध करें।

द.भा.

वाग्ज्योतिर्निंतरां विभाति भुवने ज्ञानप्रदं वैदिकम्

नाना-तर्कैर्वितर्कैर्विबुध-जनमतैर्भूषयल्लेखमालाः
शास्त्राणां दर्शनानां निगमपथजुषां ब्राह्मणानां बहूनाम्।
वाक्यैः सिद्धान्तनिष्ठैः समम् उपनिषदां तत्त्वमाधातुकामम्
वाग्ज्योतिर्वैदिकं तत् प्रसरतु भुवने ज्ञानविज्ञानदं नः॥1॥ (स्रग्धरा)

विद्वद्व्यूहविचारसारसहितं यत् प्राच्यविद्याऽऽश्रितम्
अज्ञानाऽन्धतमोनिवारणपरं सद्-बुद्धिशुद्धि-प्रदम्।
शोधोद्योगपरायणा बुधजना जानन्तु तद् दीपकम्
वाग्ज्योतिर्निंतरां विभाति भुवने ज्ञानप्रदं वैदिकम्॥2॥ (शार्दूलविक्रीडितम्)

—प्रशस्यमित्रशास्त्रिणः

अनुक्रम

वैदिक वाक् *iii*

सम्पादकीय- वेद, विज्ञान और दर्शन *vii*

विज्ञान और दर्शन

1. **अथर्ववेद के कृषिविषयक मन्त्रों की विज्ञानपरक समीक्षा** 1
   —प्रो. कमलेशकुमार छ. चोकसी

2. **ब्रह्माण्ड में विभिन्न बलों का क्रियाविज्ञान - वैदिक एवं आधुनिक भौतिकी के संदर्भ में** 12
   —आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक

3. **भारतीय वाङ्मय का वैज्ञानिक पक्ष** 25
   —प्रमोद कुमार अग्रवाल

4. **ऊर्जा के अवशोषण एवं उत्सर्जन का वैदिक विज्ञान** 41
   —विशाल आर्य

5. **ऋग्वेद में अग्नि का वैज्ञानिक स्वरूप** 50
   —डॉ. भगवान दास जोशी

6. **Causal Genesis & Celestial Beings** 57
   - a study in Vedas Part - II
   - Acharya Siddhartha A. Bhargava &
   - Prof. Dinesh Chandra Shastri.

7. **In the beginning 3: One or many...** 80
   (In the Beginning - the start of Philosophy in the *Rigveda*)
   - Dr Nicholas Kazanas

8. **Yoga : A treatment technique for Anxiety** 93
   - Farha Naaz & Megha Taragi

प्रकीर्ण/विविध

9. **वेदों में पुनरुक्ति दोष विषयक पाश्चात्य एवं भारतीय विद्वानों का मत** 104
– प्रेम प्रकाश लाल
– प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री

10. **यजुर्वेदीय ब्राह्मणों के सन्दर्भ में 'वाणी' का वेदत्व** 125
–डॉ. अपर्णा (धीर) खण्डेलवाल

11. **स्मृतिग्रंथों में प्रतिपादित धर्म एवं उसकी प्रासंगिकता** 131
–डॉ. मोनिका मिश्रा

12. **आधुनिक जीवन में क्रियायोग की प्रासंगिकता** 136
–डॉ. ऊधम सिंह, डॉ. ईश्वर भारद्वाज

13. **उपनिषदों में प्राणायाम का स्वरूप** 144
–डॉ. विजेन्द्र प्रकाश कपरूवान

14. **गुह्योपनिषत्सु गूढं मनोवैज्ञानिकं व्यक्तित्वविकासतन्त्रम्** 147
–डा. आर. गायत्रीमुरलीकृष्णः

15. **प्राच्यपाश्चात्यदृशा व्यक्तित्वचिन्तनम्** 155
–डॉ. देवदत्त सरोदे

16. **वैदिकवाङ्मये दार्शनिकतत्त्वानां समीक्षणम्** 171
–डॉ. शक्तिशरणः

17. **ऋग्वेद-वर्णित-राष्ट्र-समन्वित-भावोद्रेकाः** 179
–श्याम सुन्दर शर्मा

18. **Contribution of Great Thinker Yogi Sri Aurobindo** 192
–Prof. Shashi Tiwari (Retd.)

19. **योग और वेदान्त दर्शन में व्यक्तित्व की अवधारणा** 197
–डॉ. अंजू कुमारी

20. **पत्र एवं सम्मतियां**

✦✦✦

सम्पादकीय

वेद, विज्ञान और दर्शन

वैदिक परिप्रेक्ष्य में विज्ञान और दर्शन को आधार बनाकर तैयार किया गया "वैदिक वाग् ज्योति" का प्रस्तुत अंक पाठकों की सेवा में अर्पित करते हुए बहुत खुशी हो रही है। क्योंकि इस अंक की शोभा अनेक प्रतिष्ठित प्रबुद्ध विद्वानों ने अपने शोधनिबन्ध प्रेषित कर बढायी है। इन विद्वानों में प्रसिद्ध हैं–गुजरात के लब्धप्रतिष्ठ वैदिक विद्वान् डॉ. कमलेश चौकसी, ऐतेरेय ब्राह्मण के वैज्ञानिक भाष्यकार आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक, विज्ञानपरक भारतीय साहित्य के प्रसिद्ध विद्वान् श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल, वैदिक साहित्य की विज्ञानधारा के युवा विद्वान् डॉ. सिद्धार्थ भार्गव और ग्रीक देश के निवासी एवं ऋग्वेद के दार्शनिक पक्ष को भारतीय दृष्टिकोण से विश्व के सामने आधुनिक तरीके से रखने वाले डॉ. निकोलस कजानस, राष्ट्रपति-सम्मान से सम्मानित वैदिक विदुषी डॉ. शशि तिवारी एवं डॉ. आर.गायत्री मुरलीकृष्ण आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही कुछ युवा रिसर्च स्कालर्स ने भी अपने शोधपरक निबन्ध हमें भेजे हैं, जिनमें डॉ. अपर्णा धीर और डॉ. देवदत्त सरोदे का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। इन विद्वानों के निबन्ध शोध की गहराई लिए हुए हैं। इस अंक में प्रकाशित अन्य विद्वानों के निबन्ध भी शोध के मापदण्डों के आधार पर लिखे गये हैं। इन पर टिप्पणी न कर मैं विद्वानों के समक्ष वैदिक परिप्रेक्ष्य में उक्त विषय पर कुछ निवेदन करना उचित समझता हूँ। जिससे भविष्य में वेदों को आधार बनाकर आधुनिक विज्ञान पर शोध करने वालों को एक दिशा मिल सके।

वेदों में भौतिकी, रसायन तथा आज जिन्हें हम विज्ञान कहते हैं उन्हें ढूंढने की बात नई नहीं है। यह जिज्ञासा बहुत पुराने समय से चली आ रही है। फिर भी प्रश्न यह है कि हम वेदों में विज्ञान की खोज करके क्या पायेंगे, हमारे हाथ क्या लगेगा? वेदों में विज्ञान को ढूंढता-ढूंढता नारद हार गया, हम लोग भी वेदों में विज्ञान ढूंढने के लिए परेशान रहते हैं, परन्तु वेदों में भौतिकवादी विज्ञान को पाकर हम क्या करेंगे? वेदों में तो आत्मज्ञान है जिसे पाकर साधक अमर हो जाता है।

अगर वेदों में आज का-सा विज्ञान नहीं है तो हमारा क्या बिगडता है, इस संहारकारी विज्ञान को तो यूरोप वाले भी छोडते चले जा रहे हैं, हमारी खोज आत्म-ज्ञान की है जिससे मानव को शान्ति मिल सकती है। नारद भी सनत्कुमार

ऋषि के चरणों में बैठकर इसी भाषा में बोल रहा था। इसीलिए हम कहते हैं कि वेद मुख्य रूप से आध्यात्मिक-ग्रन्थ हैं, भौतिक बातों का जहां-तहां वर्णन उनमें जरूर पाया जाता है, परन्तु वह कभी-कभी आध्यात्मिक को समझने-समझाने के लिए या उदाहरण या रूपक के लिए किया गया है। अध्यात्म-शास्त्र ही नित्य है, सनातन है, भौतिक-विज्ञान तो खोजने की वस्तु है, वह मनुष्य स्वयं खोज सकता है; आध्यात्मिक-ज्ञान खोजने की नहीं, देने तथा पाने की वस्तु है, वह भगवान् मानव को देता है। इसीलिए कहा गया है कि वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है क्योंकि भौतिक ज्ञान परिवर्तनशील होने के कारण वेद की परिभाषा में सत्य-ज्ञान की कोटि में नहीं आता।

तो क्या वेद में विज्ञान नहीं है? हमारा उत्तर है- वेद में विज्ञान है, और अवश्य है, परन्तु ऐसा विज्ञान जो नित्य है, अखण्ड है, अद्वय, जो 'सदा+अवृध' है, जो नित-नित बदलता नहीं है (ऋ. 8.18.6)। जो विज्ञान बदलता रहता है, वह वेद की परिभाषा में 'अविद्या' है "सदावृध"-"सदा-वर्धमान" है। "सदावृध"—सदा वर्धमान-ज्ञान मनुष्य के हाथ में है; "सदा+अवृध"—सदा एक रहने वाला ज्ञान—भगवान् द्वारा वेद के रूप में मानव को दिया जाता है।

जो ज्ञान सदा गवेषणा का विषय रहता है, आज यह और कल वह, जिसे आज की परिभाषा में हम 'विज्ञान' कहते हैं—रेल, तार, टेलीविजन, टेलीफोन, हवाई जहाज, दवा-दारू आदि—यह काम आयुर्वेद, धनुर्वेद, गन्धर्ववेद और अर्थवेद नाम से लोकविश्रुत उपवेदों के साथ-साथ ब्राह्मणग्रन्थ, सूत्र एवं वेदांगसाहित्य आदि का है, वेदों में अगर कहीं इनका जिक्र आया है तो आध्यात्मिक विषय को समझाने के लिए उदाहरण या रूपक के तौर पर इनका उपयोग हुआ है,परन्तु वेद का मुख्य विषय अमर, सत्य-ज्ञान का प्रकाश करना है।

जब हम कहते हैं कि वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है, तब हमारा अभिप्राय क्या होता है? इससे क्या हमारा यह अभिप्राय होता है कि वेद में फिजिक्स, कैमिस्ट्री आदि सब-कुछ है, क्या रेल, हवाई जहाज, तार, टेलिफोन, टेलीविजन आदि बनाना सब सत्य विद्याएं वेद में हैं। इस प्रश्न पर विचार करते हुए हमें दो-तीन बातों पर विचार करना होगा। हमें इस बात का उत्तर देना होगा कि अगर वेद में फिजिक्स, कैमिस्ट्री, रेल, तार, हवाई जहाज आदि सब-कुछ है,तो भगवान् ने मनुष्य को अपने मस्तिष्क से सोचने-समझने, खोजने के लिए कुछ-भी नहीं छोडा; हमें इस बात का भी उत्तर देना होगा कि सब भौतिक-आविष्कार उन लोगों ने कैसे किये जो वेद का एक अक्षर भी नहीं जानते थे। इन सब आपत्तियों का हमारे पास क्या जवाब

है? वास्तविक स्थिति यह है कि वेदों में भौतिक-विद्याओं का बीज तो है जैसा कि स्वामी दयानन्द ने भी इंगित किया है, परन्तु उसे पुष्पित तथा फलित या क्रियात्मक रूप देने के लिए उपवेदादि अन्य वेद सम्बन्धी साहित्य की रचना की गयी है। उपवेदों का निर्माण इसीलिए हुआ ताकि वेदों में जिन भौतिक विद्याओं का बीज था, परन्तु उसकी प्रधानता न थी, इन उपवेद आदि द्वारा उनका विशदीकरण किया जाये।

हमारा कथन यह नहीं है कि वेद में वैज्ञानिक बातें नहीं हैं। हमारा कथन सिर्फ इतना है कि वेद में जो वैज्ञानिक बात कही गयी है वह उदाहरण या उपमा या रूपक के रूप में कही गयी है। जैसे, यजुर्वेद के 23वें अध्याय में यज्ञ का वर्णन करते हुए कहा है-**'पृच्छामि त्वा परमन्तः पृथिव्याः'**- मैं पूछता हूं कि पृथ्वी का परम छोर क्या है? इसका उत्तर देते हुए कहा गया है-**'इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्याः'**-यह वेदी जहां हम यज्ञ कर रहे हैं पृथ्वी का परला सिरा है। इसका अर्थ हुआ कि पृथ्वी गोल है जिसे सिद्ध करने के लिए गैललियो को जेल जाना पडा था। प्रत्येक गोल वस्तु का आदि तथा अन्त एक ही स्थल होता है, परन्तु यह कथन यज्ञ के विषय में उदाहरण या उपमा के रूप में कहा गया है। ऋग्वेद 5.52.9 में मरुतों (सैनिकों) को मद्गु पक्षी से उपमा दी गयी है। सैनिकों को मद्गु पक्षी से उपमा देकर कहा गया है कि वे बडी-बडी कुटिलगामिनी नदियों में पानी के भीतर छिपे रहते हैं। मरुतों के इस वर्णन से यह स्पष्ट सूचित होता है कि सेनाधिकारियों को ऐसी नौकाएं भी बनानी चाहिए जो मद्गु पक्षी की भांति जल के भीतर-ही-भीतर चल सकें और उसके द्वारा सेनाएं जल के भीतर-ही-भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान जा सकें। ऋग्वेद 1.163.6 मन्त्र में कहा है, "हे विचित्र अश्व, मैं इस पृथिवी से उठकर आकाश-मार्ग से उडते हुए तुम्हारे पक्षी रूप शरीर को मन से जानता हूं"। यहां विचित्र अश्व के शरीर को पक्षीरूप कहा गया है।हमारी दृष्टि में यह विचित्र अश्व और कुछ नहीं, विमान है। विमान ही पक्षी की तरह उड़ सकता है। यह बात मन से विचारने से-अध्ययन करने से-समझ में आ जाती है। वेद की भाषा (मन से जानता हूँ) का यही तत्पर्य है। आजकल जो विमान बन रहे हैं, उनके इतिहास को पढने से पता चलता है कि इस दिशा में आरम्भ काल में अन्वेषण करने वाले लोगों ने पहले-पहल पक्षियों के आकाश में उडने और उनके पंखों की बनावट का बडी बारीकी से अध्ययन किया था।इसी तरह अथर्ववेद 10.33 एक लम्बा ब्रह्म की प्रशंसापरक सूक्त है जिसमें प्रश्नात्मक शैली में मनुष्य के सिर से लेकर पैरों तक शरीर के मुख्य-मुख्य सब अंगों और प्रत्यंगों का नाम लेकर पूछा गया है कि मनुष्य शरीर में ये अंग किसने बनाये।प्रश्न का उत्तर स्थूल रूप में तो पाठक पर ही छोड

दिया गया है कि वह स्वयं विचार करके प्रश्न का उत्तर खोजे और विचार करके खोजने पर वह इसका उत्तर पाएगा कि विश्व के रचयिता परमात्मा ने ही उक्त अंगों की रचना की है। इस प्रकार से इस सूक्त में शरीर के अंग-प्रत्यंगों को गिनाकर संक्षेप में शरीर-रचना विज्ञान या अनाटमी (Anatomy) का वर्णन कर दिया गया है।इसी सूक्त के 11वें मन्त्र में शरीर में प्रवाहित होते रहने वाले रक्तप्रवाह-चक्र (Circulatory system of Blood)का भी वर्णन किया गया है। कहा जाता है कि ईसा की 17वीं शताब्दी में इंग्लैण्ड के डाक्टर हार्वे ने सबसे पहले शरीर के इस रक्तप्रवाहचक्र की खोज की थी। परन्तु पाठक देखेंगे कि वेद में इसका वर्णन बहुत पहले से विद्यमान है। इस प्रकार हमारा कथन है कि वैज्ञानिक या भौतिक तथ्यों को परमात्मा की तरफ से बतलाने की जरूरत ही नहीं, उनका आविष्कार करने के लिए भगवान् ने मनुष्य को बुद्धि दी है। ईश्वरीय-ज्ञान अर्थात् आध्यात्मिक-तथ्यों को वेद द्वारा दिया गया है। आध्यात्मिक-विद्या ही सत्य विद्या है, वही अद्वय है, वही अदिति है, वही अवर्धमान है, वही विद्या है, भौतिक-विद्या को वेद ने "सदावृध"-सदा बढने वाली विद्या कहते हुए भी "अविद्या" कहा है। भौतिक-विद्या को अविद्या कहते हुए भी जीवन के लिए उपयोगी होने के कारण उसे भी वेद ने सम्मान का स्थान देते हुए कहा है-**'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा'**- अविद्या से मृत्यु को तो तरा ही जा सकता है, परन्तु अमरत्व तो अध्यात्म से ही प्राप्त होता है। इसका अभिप्राय यह है कि भौतिक-विज्ञान या भौतिकवाद से मनुष्य को भौतिक लाभ तो हो सकता है, आध्यात्मिक लाभ नहीं। मानवीय-ज्ञान को वेद ने 'अविद्या' का नाम इसीलिए दिया है। यह वेद की अपनी Terminology अर्थात् शब्दावली है। इसी प्रकार वेदों की रूपक या उपमापरक बातों से ही दर्शन का उद्गम दिखाई देता है। जैसे कि दिन में तारे क्यों नहीं दिखाई देते? मैं कौन हूँ? कहाँ से आया हूँ, मेरे जीवन का उद्देश्य क्या है? यह संसार क्या है? इस संसार से मनुष्य का छुटकारा कैसे हो सकता है? यह सृष्टि कैसे उत्पन्न हुई? इस सृष्टि का स्रष्टा कौन है? ये और इस प्रकार के न जाने कितने प्रश्न उसके हृदय और मस्तिष्क में चक्कर काटते रहे। तत्वदर्शियों के मत में मनुष्य को इन विषयों का तत्वज्ञान हो सकता है। इसी तत्वज्ञान को संसार के मनीषियों ने 'दर्शन' की संज्ञा प्रदान की है। इस दर्शन को और विज्ञान को वैदिक दृष्टि से पाठकों के समक्ष रखना ही प्रस्तुत अंक का उद्देश्य है। इतना लिखने के बाद अब हमें उक्त विषय से सम्बद्ध वैदिक साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान् एवं आधुनिक विज्ञान के तत्ववेत्ता स्व.स्वामी सत्य प्रकाश सरस्वती की अंग्रेजी में लिखित यहाँ अत्यन्त सामयिक कुछ पंक्तियों का उल्लेख करना उचित समझता हूँ, जो कि इस प्रकार हैं-

"There is no end to knowledge. From the day, the First man was born, the inquisitiveness was inherent in him. He started posing problems (some of the most fundamental problems have been posed in the Vedic Saṁhitas themselves). Like a child philosopher, man is even today inquistive- the more he would know, the more inquisitive he would be. The great scientist only knows the real meaning of the Creator being *Omniscient;* it is only a scientist that can be a real theist. This is why Dayananda, the founder of the Arya Samaj, welcomed the advancement of modern sciences, which he declared as something not entirely new to Indian people. Scientific traditions suit to the Indian genius the most. Science stands for the Vedanta as an aid to the study of the Veda. Just as in thermodynamics, we speak of the *Unattainability of the Absolute Zero*, so is the Vedic concept of the *Unattainability of the Ultimate Limit of Knowledge*; it can be only asymptotically approached. There is no end to knowledge; there is no end to the inquistiveness. The realization of this truth is the realization of the true theism.

Dayananda sees no contradiction between the *Veda* and *Science* and hence there could never be a conflict between science and religion or science and philosophy. Religion is merely the application of the notions experienced or observed through the disciplines of science and philosophy for the betterment of our life here or after. Our Creator has revealed himself in His *Creation* and in His *Word* too; and therefore, according to Dayandnda, there could be no conflict between the revelated knowledge and the scientific understanding. It is a theistic notion that there could be no end to the range of inquiry: one inquiry would always lead to a series of inquiries, and there shall be no finality of an answer. The inquiry would always lead to deeper and deeper and more extensive vistas.

Perhaps no other teacher in the field of theology has exhorted people to the study of science and technology as Dayananda in his writings. To him, the *yajna* is not merly putting oblations in fire, *yajna* means all the activities associated with scientific knowledge--our laboratories, observatiories, our large-scale factories, our industry, and in fact everything that goes to increase our knowledge, our production, and all that contributes to human prosperity and happiness. Dayananda himself was not a scientist, nor he claimed himself to be, but he had the vision to see that future prosperity of man depends on science and technology. Whilst commenting on the Vedic verses, he fervently pleaded

for developing aeronautics, shipbuilding, use of *electricity* for various purposes and for exploiting natural resources for peace and defence both. It is a historical fact that in India, thousands of years ago, the thinkers, the seers and sages, sitting round the sacred fire, developed the sciences of medicine, chemistry, astronomy, geometry, prosody and grammer; the *yajnashalas* had been our open air laboratories and observatories for the development of several sciencess."

उपरोक्त समस्त कथन का आशय है कि वेदों में समस्त विज्ञानों के बीज होते हुए भी आत्म दर्शन हेतु उपदेश दिया गया है। जिसे हम विज्ञान कहते हैं, वह प्रकृति के गुप्त रहस्यों का उद्‌घाटन है। प्रकृति के अनेक रहस्यों का अन्वेषण किया जा चुका है, परन्तु अनगिनत रहस्य अभी भी शेष हैं जो सम्भवत: सृष्टि के प्रलय तक सभी अन्वेषित नहीं हो पायेंगे। इनका अन्वेषण तो जिज्ञासुओं को आत्मिक ज्ञान होने पर ही सम्भव हो सकेगा। इसी सम्बन्ध में सन् 1921 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित विश्व के महानतम वैज्ञानिक आइंस्टाइन से जब उनके अन्तिम समय में पूछा गया कि यदि पुनर्जन्म सम्भव है तो आप अगले जन्म में क्या बनना चाहेंगे? आइंस्टाइन ने उत्तर दिया कि कुछ भी बनूं, पर वैज्ञानिक नहीं बनना चाहता। इसका कारण उन्होंने बताया कि मैंने अनेक वैज्ञानिक तथ्यों व सत्यों की खोज में अपना पूरा जीवन ही व्यतीत कर दिया, अब मैं जीवन के अन्तिम पड़ाव पर खाली हाथ ही जा रहा हूँ, मैं वह तत्व नहीं खोज सका जिसने मुझे आइंस्टाइन बनाया। यदि मेरा जन्म हुआ तो प्रभु से मेरी प्रार्थना रहेगी कि मैं आत्मदर्शी, आत्म अन्वेषक सन्त बनूं जिससे जीवन तथा उस परम शक्ति के तथ्यों से आत्म-साक्षात्कार करने में सफलता प्राप्त करूँ।

–प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (1-11) January-June 2019 ISSN 2277-4351

अथर्ववेद के कृषिविषयक मन्त्रों की विज्ञानपरक समीक्षा

प्रो. कमलेशकुमार छ. चोकसी

निदेशक, भाषासाहित्यभवन, गुजरात युनिवर्सिटी तथा
प्रोफेसर-अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, भाषासाहित्यभवन,
गुजरात युनिवर्सिटी, अहमदाबाद-380009 (गुजरात)

भूमिका -

सामान्यरूप से जनमानस में ऐसी मान्यता प्रवर्तित हो रही है कि वेद में तो प्रायः विधि-निषेधात्मक मन्त्रों का प्रवचन है। और कहीं कहीं प्रार्थनारूप से कुछ मन्त्र आते हैं। वस्तुतः यह मान्यता ठीक है, पुनरपि यह निवेदन करना है कि इस विधि-निषेधात्मक प्रवचन में तथा प्रार्थनारूप मन्त्रों में मानव के द्वारा करने योग्य पुरुषार्थ अर्थात् करणीय कर्मों की दिशा का निरूपण है।[1] इस दृष्टि से देखा जाय, तो वैदिक मन्त्रों में जो प्रार्थनाएँ की गई हैं, उन में त्रिविध विशेषताएँ हैं।

एक ओर तथ्य भी इस संदर्भ में ध्यातव्य है। वह यह है कि वैदिक मन्त्रों में जो प्रार्थनाएँ की गई हैं, उन में कुछ विशेषता भी है। ये विशेषताएँ त्रिविध हैं। तद्यथा -

1. प्रार्थना के शब्दों में पुरुषार्थ की दिशा सूचित होती है।

2. सभी प्रार्थनाएँ साकार तथा सफल हो सकें, ऐसी हैं। अर्थात् प्रत्येक प्रार्थना में व्यक्त किया गया भाव सम्भावना लिये हुए है। ऐसा नहीं है कि प्रार्थनात्मक विषयवस्तु में कुछ अशक्य हो।

---

1. हमारी भारतीय प्राचीन सामाजिक परम्परा में यह वेदोक्त कर्म है, ऐसा मानकर आस्तिक लोग उस कर्म को ईश्वर की आज्ञा के रूप में स्वीकार करते रहे हैं। इसलिये वे सभी वेदोक्त कर्मों को वैसे ही करते रहे हैं, जैसे करने के लिये वेद में उस कर्म की दिशा तथा दशा उपदिष्ट है। अथ च इस प्रकार के कर्म की ठीक प्रकार से सिद्धि करने के लिये अपने अपने आत्मा में विनम्रता बनी रहे, इस सदिच्छा से यथावसर प्रार्थना भी करते रहे हैं। पुरातन काल से आज तक वैदिकों में इस प्रकार का व्यवहार प्रवर्तित हो रहा है।

3. प्रार्थना के माध्यम से उस उस कर्म को मानव अपनी वंशपरम्परा में प्रवर्तित रख सकता है। इन प्रार्थनाओं को प्रतिदिन का कार्य बना कर अपने वंश में उत्पन्न होने वाले सन्तानों की दिनचर्या का अंग बना दिया जाता है। इससे ये प्रार्थनाएँ तथा उनमें सूचित दिशा संतानों के लिये सुरक्षित तथा संरक्षित बन जाती हैं। इसलिये परिवार में जन्म लेने वाले नये नये सदस्य प्रवर्तमान जनों के कर्म का स्वाभाविक रूप से अनुसरण करने लगते हैं।[1] जब पूर्वजों के समान कर्म किये जाते हैं, तो फल भी उन्हीं पूर्वजों के जैसा ही प्राप्त होता है। समान फल के भागी भी बनते हैं।

इस स्थिति में वेद के इन विधि-निषेधात्मक उपदेशरूप तथा प्रार्थनारूप मन्त्रों का पदार्थ करके अर्थघटन करना एक बात है और सतह में जाकर पदों की संयोजना में छिपे हुए अर्थ को उजागर करना दूसरी बात है। प्रथम बात वेदमन्त्र को एकमात्र धर्मवचन के रूप में प्रस्तुत करती है। जब कि दूसरी बात वेदमन्त्र को विज्ञान के सूत्र के रूप में प्रस्तुत करती है। हमने प्रस्तुत लेख में अथर्ववेद से कुछ मन्त्र लिये हैं, जिनमें कृषि से संबद्ध कुछ बातें कहीं गई हैं। इनके आधार पर वेदोपदिष्ट कृषिकर्म के सिद्धान्तों को तथा परंपरागत वैदिक कृषिविज्ञान को आकारित करने का इस शोधालेख में उपक्रम रखा गया है।

(1.) अथर्ववेद (6.30.1) में एक मन्त्र है -

देवा इमं मधुना संयुतं यवं सरस्वत्यामधि मणावचर्कृषुः।
इन्द्र आसीत् सीरपतिः शतक्रतुः कीनाशा आसन् मरुतः सुदानवः॥

इस मन्त्र का सायणाचार्य के द्वारा जो अर्थघटन प्रस्तुत किया गया है, तदनुसार इस मन्त्र में सरस्वती नदी के पास में मणौ अर्थात् मनुष्यजाति में देवताओं के द्वारा किये गये कृषि कर्म का वर्णन है। सायणाचार्य का मानना है कि इस कृषि कर्म में धान्य को उत्पन्न करने के लिये शतक्रतु इन्द्र सीरपति अर्थात् हल के अधिष्ठाता स्वामी रहे थे। साथ ही सुदानव अर्थात् शोभन है दान जिनका वे मरुत कीनाश अर्थात् कर्षक थे।[2]

---

1. अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु सम्मनाः। (अथर्ववेदः 3.30.2) - यह मन्त्र इस संदर्भ में स्मर्तव्य है।
2. सायणभाष्यम्- (मधुना) मधुररसेन क्षौद्रेण वा संजितम् संप्राप्तम् यवम् दीर्घशूकम् इमम् धान्यविशेषं सरस्वत्यामधि सरस्वत्याख्याया नद्याः समीपे मणौ मनुष्यजातौ देवाः अचर्कृषुः कृतवन्तः। तदानीं कर्षणेन भूमौ तद् धान्यम् उत्पादयितुं शतक्रतुः इन्द्रः सीरपतिः हलस्याधिष्ठाता स्वामी आसीत्। सुदानवः शौभनदाना मरुतः कीनाशाः कर्षकाः आसन्।। - (अथर्ववेदसंहिता (श्रीमत्सायणाचार्यविरचित-माधवीयवेदार्थप्रकाशसहिता) संपादक- शंकर पाण्डुरंग पंडित, प्रकाशक- कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, सन् 1989, द्वितीयो भागः) पृ. 60

उपर्युक्त मन्त्रार्थ में सरस्वती शब्द को सरस्वती नामक नदी का तथा मणि शब्द को मनुष्य जाति का वाचक माना गया है। साथ ही कृषि कर्म में इन्द्र जो कि देव स्वरूप हैं, को अधिष्ठाता बताया गया है।

इधर पं. जयदेव शर्मा ने इस मन्त्र का हिन्दी अनुवाद करते हुए कहा है-

(देवाः) विद्वान् लोग (इमम्) इस (यवम्) जौ धान्य को जिस प्रकार (सरस्वत्याम्) नदी के तट पर (मणौ) उत्तम भूमि में (अचर्कृषुः) हल जोत कर बोते हैं, उसी प्रकार (देवाः) विद्वान् शासक लोग (मधुना) उत्तम धन समृद्धि से (संयुतम्) सम्पन्न (यवम्) इस राष्ट्र को (सरस्वत्यां मणौ) सरस्वती- सत्यवाणी धर्म-पुस्तक (कोडबुक) के आधार पर (अचर्कृषुः) चलाते हैं। इस राष्ट्ररूपी खेती में (सीरपतिः) हल का स्वामी (इन्द्रः आसीत्) राजा होता है जो (शतक्रतुः) सैंकडों सामर्थ्यों से युक्त होता है और (सुदानवः) उत्तम दानशील (मरुतः) प्रजागण (कीनाशाः) किसानों के समान (आसन्) होते हैं।[1]

यहाँ उन्होंने लुप्तोपमालंकार मान कर राजकार्य को कृषिकार्य के समान बताया है। यह तुलना अपने आप में कई संदर्भ में सटीक ठहरती है। राजकार्य यदि कृषि है, तो राजा को यह स्वीकार करना पडेगा कि प्रजा के पास से आने वाला कर कृषिकर्म की तरह आकाशवृत्ति होगा। कभी कम तो कभी ज्यादा। इस स्थिति में कृषक जिस प्रकार से कम उपज के होने पर भी अपना जीवनव्यवहार चलाता है, राजा को भी अपना राजकार्य चलाते रहना होगा। अस्तु।

पं. सातवलेकर जी ने इस मन्त्र का बहुत ही सुन्दर तथा प्रतीतिकारक अर्थघटन किया है, जो इस प्रकार है- (सरस्वत्याम्) पानी के प्रवाह से युक्त[2] (मणौ अधि) उत्तम भूमि में (इमम्) इस (मधुना संयुतं यवम्) मीठे जौ अथवा चावलों की (देवाः) देवों ने (अचर्कृषुः) खेती की, उस समय (शतक्रतुः) सैंकडों कर्म करनेवाला (इन्द्रः) इन्द्र, देवों का राजा (सीरपतिः आसीत्) हल का रक्षक था और (सुदानवः मरुतः) उत्तम दाता मरुद्गण देव (कीनाशाः आसन्) किसान थे।[3]

---

1. (अथर्ववेद-संहिता, भाषाभाष्य (द्वितीय खण्ड), भाष्यकार - पं. जयदेव शर्मा, प्रकाशक- आर्य साहित्य मंडल, अजमेर, पंचमावृत्ति, सन् - 1976) पृ. 33-34
2. सरस्वती शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार से भी विचारी जाती है - सरतीति सरः जलम्, तद्वती सरस्वती। अर्थात् जल वाली कोई जगह।
3. वेदामृत, पृ. 372 (संपादक- स्वामी वेदानन्द, प्रकाशक - जनज्ञान प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2029)

0.0.0. मन्त्रार्थ में निहित कृषि विज्ञान

पं. सातवलेकर जी ने जो मन्त्रार्थ किया है, उस में पूर्ववत् ही कृषिकर्म की बात केन्द्र में है। पर, इस कृषिकर्म के कर्ता के रूप में देव को माना गया है। पुनः इन देवों में इन्द्र को सीरपति अर्थात् हल के स्वामी तथा मरुत को कीनाश अर्थात् कृषिकर्म को करने वाले- माना गया है। इस दृष्टि से विचार किया जाय, तो यह कृषिकर्म मानवीय कर्म न रह कर देव कर्म का रूप ले लेता है। अतः इस मन्त्र में देवताओं के द्वारा किये जाने वाले कृषिकर्म का वर्णन है, मानवीय कृषि कर्म का नहीं, ऐसा तात्पर्य कोई निकाल सकता है। पर, इस वर्णन के लिये प्रयुक्त पदावलि के अन्तस्तल में छिपे हुए अर्थ को समझ लेने पर वेदानुसारी कृषिविज्ञान के कई सिद्धान्त हमारे समक्ष प्रकट होने लगते हैं।

तद्यथा -

(क.) कृषि योग्य भूमि कैसी हो, इस का उत्तर देते हुए कहा गया है कि- कृषिकर्म के लिये भूमि मणि अर्थात् उत्तम होनी चाहिये।

यहाँ पर भूमि की उत्तमता को प्रदर्शित करने के लिये जिस मणि शब्द का प्रयोग किया गया है। मणि प्रकाश का कारक पदार्थ है। संस्कृत साहित्य में मणिदीप की परिकल्पना प्रसिद्ध है।[1] उसे जितनी बार भी प्रकाश के फैलाने के काम में लिया जाता है, उतनी बार वह समानरूप से उपयोगी बनता है। लम्बा समय बीतने के पश्चात् भी उसके कारकत्व में कोई कमी नहीं आती है। वेद का मानना है कि कृषि के लिये उपयोग में ली जाने वाली भूमि भी मणि के समान होनी चाहिये।

कृषि के लिये वेद के द्वारा जिस भमि की संकल्पना प्रस्तुत की गई है, उस में मानवीय कर्तव्य की दिशा का भी उपदेश दे दिया गया है। वेद का कहना है कि किसी भूमिखण्ड को कोई किसान जब से कृषि कार्य के लिये उपयोग में लेने लगे, तब से लेकर उत्तरोत्तर वह भूमिखण्ड वैसा का वैसा ही उपयोगी बना रहना चाहिये। अर्थात् ऐसा न हो कि उपयोग के प्रारंभिक काल में भूमि बहुत अधिक उपयोगी हो, पर उत्तरोत्तर वह अपनी उपयोगिता समाप्त करती चले। किसान को कृषि के लिये उपयोग में ली जाने वाली भूमि के संदर्भ में इस प्रकार की प्रक्रिया करनी है कि अनन्त वर्षों तक वह भूमि कृषि के लिये एक समान रूप से उपयोगी बनी रहे, यह किसान का कर्तव्य है।

---

1. कवि मयंख का पद्य है- नो शक्य एव परिहृत्य दृढाम् परीक्षाम् ज्ञातुं मितस्य महतश्च कवेर्विशेषः। को नाम तीव्रपवनागमनमन्तरेण तत्त्वेन वेत्ति शिखिदीप-मणिप्रदीपौ।। - परंपरा में प्रचलित तथा संगृहीत।

इस कर्तव्य को निभाने के लिये 1. एक तो जिस भूमि पर उस प्रकार के खाद आदि के प्रयोग को टालना होगा, जो दो-चार वर्ष तक अच्छी फसल देते हैं, और बाद में उस भूमि को बेकार बना देते हैं। इस प्रकार का कृषि के लिये किया जाने वाला भूमि का उपयोग वेद को मान्य नहीं है।

(2) कृषिकर्म का प्रथम सोपान भूमि का विलेखन है। इस में यदि बैल के द्वारा हल को जोत कर खेत का विलेखन किया जाता है, तो वह भूमि मणि की तरह सर्वदा एक जैसी रहती है। क्यों कि इस प्रकार से विलेखन से कृषिकर्म में अपेक्षित भूमि का एक निश्चित स्तर ही उपयोग में आता है। इस निश्चित स्तर में खाद पानी की अपेक्षा रहती है। भूमि का यह उपरि भाग होता है। भूमि के नीचे के भाग से तो कोई मतलब नहीं होता, वह तो वैसे का वैसा ही बना रहता है। यही भूमि का मणित्व है।

आज कल चल रहे कृषि कर्म में ट्रेक्टर से भूमि का विलेखन किया जाता है। यान से जब भूमि का विलेखन किया जाता है, तब कहीं कहीं नियत स्तर से आगे का स्तर भी विलेखन का भागी बन जाता है। इस से भी भूमि का सर्वदा एक जैसा स्वरूप अर्थात् मणित्व सुरक्षित नहीं रहता है। वेद इस प्रकार से कृषिकर्म के पक्षधर नहीं है।

(3) एक अन्य तथ्य की ओर भी हमारा ध्यान जाना चाहिये। मणि तो वस्तुतः एक प्रस्तर ही है। वह पृथिवी पर उपलभ्यमान उत्तम पदार्थों में से एक है। इसी प्रकार पृथिवी पर यद्यपि बहुत से भूमिखण्ड कृषिकर्म के लिये समुपलब्ध हैं, पर उन में वही भूमिखण्ड कृषि के लिये पसंद करना है कि जो मणितुल्य अर्थात् उत्तमोत्तम हो। ऐसे उत्तमोत्तम मणि रूप भूमि में ही कृषिकर्म करना है, अन्यत्र नहीं, यह बात भी इस मन्त्र से सूचित होती है।[1]

इस सूचना के अनुसार अब मानव को कृषि के लिये कौन सी भूमि उत्तम है, इसका पता लगाना होता है। और जब एक बार पता चल जाय, तब उस भूमि को सदैव कृषिकर्म के लिये उपयोग में लाना है। ऐसा न हो कि कृषिकर्म के लिये

---

1. इमा यास्तिस्रः पृथिवीस्तासां ह भूमिरुत्तमा। तासामधि त्वचो अहं भेषजं समु जग्रभम्।। अथर्ववेद 6.21.1 इस वेद मन्त्र में भी कृषि के लिये उत्तम भूमि के वरण की बात की गई है। (द्रष्टव्य, इस मन्त्र का सायणभाष्य, जो इस प्रकार है- तासां पृथिव्युपलक्षितानां लोकानां मध्ये इयम् अस्माभिः अधिष्ठिता भूमिः खलु उत्तमा उत्कृष्टतमा ऐहिकफलभोग-निमित्तत्वात् स्वर्गादिफलसाधनयागहोमाद्यनुष्ठानहेतुत्वाच्च। तासां पृथिवीनां त्वचः त्वगिव उपरिवर्तमाना या भूमिः तस्या अधि उपरि प्ररूढं भेषजम् व्याधिनिवर्तकम् औषधम् अहं समु जग्रभम् संगृह्णामि। - पृ. 42 सायणभाष्यम् (द्वितीयः भागः)।

उत्तमोत्तम भूमि को स्वार्थवशात् नगरादि बसाने के लिये या अन्य किसी कार्य (जैसे कि ईंट आदि बनाने) के लिये उपयोगी मान कर कृषि कार्य से उस भूमि को बेदखल कर दिया जाय। आज कल यही हो रहा है।

वैदिक दर्शन है कि उत्तम भूमि उत्तम अन्न देगी। इस उत्तम अन्न से एक ओर ऐहिक सुखों की प्राप्ति होगी, तो दूसरी और स्वर्गादि की प्राप्ति फल की प्राप्ति के साधनरूप याग-होम आदि के अनुष्ठान का अवसर भी प्राप्त होगा। इस प्रकार कृषि के कार्य के लिये रखी गई उत्तम भूमि इहलोक तथा परलोक का कारण बनेगी। जब कि ऐसी उत्तमोत्तम भूमि पर कृषिकर्म न करके नगरादि की स्थापना से ऐहिक फल के रूप में भोग भले ही प्राप्त हों, पर पारलौकिक सुख की प्राप्ति के साधनरूप धर्म कार्य का विराम हो जायेगा। आज ऐसा ही हो रहा है।

(ख) कृषि कर्म के लिये भूमि को पसंद करने के लिये एक दूसरी बात भी ध्यातव्य है। वह है- जलप्रवाह से युक्त भूमि। वेद का उपदेश है कि जिस भूमि के पास में जल प्रवाह है, उस भूमि पर कृषिकर्म किया जाना चाहिये।

वेद ने इस तथ्य को प्रस्तुत करने के लिये सरस्वती शब्द का प्रयोग किया है। सरस् जलवाचक शब्द है। उसकी जिस प्रकार से व्यत्पत्ति विचारी गई है, उस प्रकार से सरतीति यत् तत् सरः अर्थात् जो सरने वाले है, वह जल सरस् है, ऐसा अर्थबोध होता है। इस प्रकार की सरस् वाली भूमि को सरस्वती कहा जा सकता है। यह तलाव या नदी के रूप में द्विविध है। इन दोनों स्थानों में आकाश से गिर कर बहता हुआ पानी एकत्र होता है और आगे बहता रहता है। जल की इस प्रकार से जहाँ प्राप्ति संभवित हो, उसी भूमि को कृषि के लिये पसंद करने का उपदेश वेद देते हैं।

(ग) कृषिकार्य में बीज की भी बृहती भूमिका होती है। इसलिये यह जिज्ञासा होनी स्वाभाविक है कि बोये जाने वाले बीज कैसे हों? इस जिज्ञासा का समाधान करते हुए वेद मन्त्र में कहा है- मधुना संयुतस्य यवस्य अर्थात्- मधु से संयुक्त यव-बीज से खेती करनी है।[1]

वेद का यह वचन भी रहस्यात्मक है। यवादि बीज को मधु अर्थात् शहद से संयुक्त करने के पश्चात् इसे बोने के कार्य में लाना है। वेद के इस कथन में प्रयुक्त

---

1. बीजकालेषु संबन्धाद्यथा लाक्षारसादयः। वर्णादिपरिणामेन फलानामुपकुर्वते।। वाक्यपदीयम् - 2.185 इस कारिका में भर्तृहरि ने स्पष्टतया बीज को लाक्षादि रस से युक्त करने पर फल में उपकार होने की बात कही है। इस कथन में जो वैज्ञानिकता है, उसका स्रोत वेद का यह वचन क्यों न माना जाय?

मधु शब्द एक ओर तो शहद नामक पदार्थ विशेष का वाचक है, तो दूसरी ओर अविनाशपूर्वक प्राप्त होने वाले पदार्थसामान्य का भी प्रतीक है।[1]

पदार्थ की प्राप्त के उपाय द्विविध हैं। एक तो विनाशपूर्वक तथा दूसरा अविनाशपूर्वक। एक पदार्थ का विनाश होने पर दूसरे पदार्थ की प्राप्ति होना एक बात है। जब कि अस्तित्व रखने वाले पदार्थ को किसी प्रकार से विनष्ट न करते हुए दूसरे पदार्थ की प्राप्ति होना दूसरी बात है।

प्रथम बात के संदर्भ में मधुना संयुतम् का आशय है- बीज मधु नामक माधुर्ययुक्त पदार्थ विशेष का पुट देकर बोने चाहिये। (वैज्ञानिकों को इसकी प्रयोगात्मक परीक्षा करनी चाहिये।) इससे उत्पन्न होने वाले अन्न में अतिरिक्त माधुर्य का गुण आ जाता है।

वेद में वर्णित परंपरागत विज्ञान के अनुसार यदि बोने योग्य बीज को, मधु तथा तत्सदृश अन्यान्य प्रवाहिपदार्थों के सहयोग से संस्कृत करके यदि बोये जाते हैं, तो कृषिकर्म में महान् लाभ होता है। एक तो जिस पदार्थ को बीज से संयुक्त किया गया होता है, उस पदार्थ के गुण भी बीज में प्रविष्ट हो जाते हैं। जैसे कि मधु (शहद) सर्वदा मधुर होता है। इस मधु से संयुक्त यव भी मधुमय हो जाते हैं। इस प्रकार की कोई प्रक्रिया आज प्रत्यक्षीभूत न हो तो भी इस सूचना में किसी संभावना की सूचना तो प्राप्त होती ही है, जिसे हम परंपरागत विज्ञान मान सकते हैं।[2]

दूसरे अर्थघटन के संदर्भ में मधु से संयुक्त यव का आशय उत्पन्न किये गये अन्न के कणों में उत्पादन शक्ति का विनाश करने वाला न हो- यह लिया जा सकता है। इस का तात्पर्य यह बनता है कि वपन कर्म में उपयुक्त बीज की प्राप्ति भी विनाशपूर्विका नहीं बल्कि अविनाशपूर्विका होनी चाहिये।

---

1. इसका आशय यह है कि जैसे मधुकर पुष्प से रस को ग्रहण करके मधु का निर्माण करता है, और जिससे वह रस ग्रहण करता है, वह पुष्प वैसा का वैसा ही बना रहता है, जैसा पूर्व में था। अर्थात् उस पुष्प का रूप रंग सुगन्ध कोमलतादि सर्व गुण किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होते हैं। मधुकर जैसे पुष्प की रक्षा करता हुआ पुष्प से मधु का निर्माण करता है, वैसे ही कृषक को भी बीज की रक्षा करके ही बीज से धान्यादिक की प्राप्ति करनी चाहिये।।
2. वाक्यपदीयनामके व्याकरणशास्त्रीये सुप्रसिद्धे ग्रन्थे एकस्मन् प्रसङ्गे कथितमस्ति यत्- 'बीजकालेषु संबन्धाद् यथा लाक्षारसादयः। वर्णादि परिणामेन फलानामुपकुर्वते।।' अस्यां कारिकायां वपनकार्यात् पूर्वं लक्षादिपदार्थानाम् बीजेषु संबन्धः क्रियते स्म इति सूचितमस्ति। अनया प्रक्रियया बीजेषु कश्चित् विशेषः गुणः उत्पादयितुम् शक्यते इति सुस्पष्टं सूचितमस्ति। -वाक्यपदीयम्, काण्डम्- 2, कारिका- 185 (सं. जयदेव शुक्ल, प्रका. ला.दा. विद्यामन्दिर, अहमदाबाद सन् -1984) पृ. 122

यह विनाशपूर्विका प्राप्ति क्या है, ऐसा कोई यदि प्रश्न करता है, तो उसका उत्तर इस प्रकार है- किये जाने वाले कृषिकर्म में जिस बीज का प्रयोग किया गया है, उससे कालान्तर में कृषिकर्म के फल स्वरूप धान्य या अन्न की प्राप्ति होनी है। बीज जिस धान्य का होगा, कृषिकर्म के फलस्वरूप धान्य भी वही प्राप्त होगा। अब इस प्राप्त हुए धान्य-अन्न में से आगामी समय में कृषि कार्य के लिये बीज की प्राप्ति होनी चाहिये। तब तो यह पाक अविनाशपूर्वक का है। पर यदि कृषिकर्म के फलस्वरूप प्राप्त हुआ बीज बोने पर भी उगने में सक्षम नहीं रहता है, अंकुरित हो कर पूर्व की तरह ही प्रचूर धान्य की प्राप्ति नहीं करवाता है, तो वैसे धान्य या बीज को हमें विनाशपूर्विका प्राप्ति का उदाहरण मानना पडेगा। तात्पर्य यह है कि कृषक एक बार जिस धान्य को बोता है, उसी धान्य के पाक से बीज पा कर पुनः पुनः कृषिकर्म करता रहता है, यह वैदिकी भावना मधुना संयुतं यवम् - इस पदावलि में व्यक्त हो रही है।

वर्तमान समय में सर्वत्र यह देखा जा रहा है कि बोने के लिये जो बीज उपयोग में लिया जा रहा है, वह विनाशप्राप्ति का उदाहरण बन गया है। कृषक बाजार से खरीद कर बीज लाता है। उसे बोकर कृषक कृषिकर्म में प्रवृत्त होता है। कालान्तर में जब बीज धान्य के रूप में परिणमित हो जाता है, तब उन धान्यगत कणों में बीजत्व नहीं होता है। उन्हें यदि बोया जाय, तो वे उगते नहीं है। यदि उगते हैं तो उस पर उचित पाक नहीं होता। इसलिये दूसरे वर्ष पुनः कृषक को बाजार से बीज लाने की आवश्यकता होती है। ऐसा प्रतिवर्ष होता रहता है। वेद को यह परम्परा स्वीकार्य नहीं है। वेद का उपदेश है कि कृषिकर्म में जब भी बीज की आवश्यकता हो, तब वह किसान के द्वारा विगत वर्ष में उत्पन्न किये गये धान्य में से ही प्राप्त हो जाना चाहिये। प्राचीन भारत में कृषिकर्म करने वाला कृषक जिस बीज को बोता था, वह उसका अपना ही बीज होता था। कृषक की यह मनोगत भावना प्रत्येक धार्मिक जन की भी मनोगत भावना है। किसी धर्म कार्य को करने के बाद वह प्रार्थना करता है कि इस कर्म से प्राप्त होने वाले फल को जब मैं प्राप्त करुं, तब उसे बीजरूप मान कर पुनः धर्मकार्यरूप कृषिकर्म में लगाता रहूँ। इस प्रकार से मेरे धर्म कर्म की उत्तरोत्तर समृद्धि बनी रहे।

अर्थ के अतिशय लोभ में आकर आज कल किसान बाजार से बीज ले आता है। उसे जब भूमि में प्रथम वार बोया जाता है, तब वह प्रभूत धान्य को तो उत्पन्न करता है, पर उस फसल में से बीज लेकर पुनः वपन नहीं किया जाता। यदि कोई करता भी है, तो वैसा धान्य प्राप्त नहीं होता है, जैसा प्रथम वार प्राप्त हुआ था। तीसरे चौथे वर्ष में तो वह बीज बीज ही नहीं रहता जाता है। ऐसी परिस्थिति कृषक को कभी भी सुखदा नहीं हो सकती है। क्योंकि बीज की पुनः पुनः प्राप्ति के लिये

कृषक को व्यापारी के आश्रित रहना होता है। वह बहुत सा मूल्य लेकर खूब धनवान् होता जाता है, जब कि किसान वर्ष प्रतिवर्ष निर्धन होता चला जाता है। आज यही हो रहा है। यदि वेद की विचारधारा के अनुरूप बीज को सदा अविनाशपूर्वक प्राप्त किया जाता रहे, तब तो कृषिकर्म सुखद बन सकता है।

इस प्रकार से कृषिकर्म में अत्यन्त उपयोगी भूमि तथा बीज रूप दो पदार्थों के विषय में वेद अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह वैदिक दृष्टि कोण प्राचीन-भारतीय-समाज का परंपरागत विज्ञान था, जिसका कृषकों के द्वारा सुदृढता से परिपालन किया जाता था। फलतः साम्प्रतीक काल में भूमि तथा बीज से संबद्ध जिस प्रकार की समस्याएँ हैं, वैसी उस काल में नहीं थी। इस रूप में कृषि कर्म को उत्तम आजीविका के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त थी। (आज तो कृषिकर्म निकृष्ट कर्म के रूप में बदनाम है। जिसे कोई करने के लिये तैयार नहीं है।)

(घ) भूमि तथा बीज के बाद कृषिकर्म में उपयोगी वस्तु है पानी। यह पानी कैसा हो, इसका सूचन हमें उपदेश प्रार्थनामन्त्र में प्राप्त होता है। प्रार्थना के शब्द इस प्रकार हैं -

शुनासीरेह स्म मे जुषेथाम्।
यद् दिवि चक्रथुः पयस्तेनेमामुप सिंचतम्।। -अथर्ववेद 3.17.7

मन्त्र का अर्थ है - (यद् पयः) जो जल (दिवि चक्रथुः) द्युलोक में, जलद अर्थात् बादल या सूर्य के द्वारा संपादित है, (तेन इमाम् उप सिंचतम्) उस जल से इस भूमि को सिंचना।

यहाँ वर्षा के जल से कृषिकर्म करना चाहिये, ऐसा उपदेश दिया गया है। सामान्यरूप से तो नदीजल पतालजल तथा सामुद्रिक जल- इस प्रकार से विविध जल पृथिवी में प्राप्त होते हैं। परन्तु यहाँ तो मात्र वार्षिक जल के द्वारा ही भूमि को सिंचने का सूचन किया गया है, तदतिरिक्ति किसी जल से नहीं। इस प्रकार की प्रार्थना करते हुए ऋषि वर्षा से प्राप्त जल के द्वारा ही कृषिकर्म करने को सर्वश्रेष्ठ मानता है।

इस वचन के आधार पर हमारा मानना है कि वेदोक्त परंपरागत विज्ञान की दृष्टि से कृषि कार्य में उपयुक्त जल यदि वर्षा का होगा, तो उपज अच्छी होगी, भूमि मणितुल्य बनी रहेगी तथा कृषक को श्रम भी कम ही करना पडेगा। अथ च आकाशस्थित मेध में जब विजली चमकती है, तथा गर्जना होती है, तब उससे मेधस्थ जल में कई प्रकार से गुणों का आधान होता है। यह वैदिक परंपरागत विज्ञान है, मान्यता है। इसी कारण से शन्नः कनिक्रद्देव पर्जन्योघभिवर्षतु।[1] अर्थात् गर्जता हुआ

---

1. यजुर्वेद, अध्याय 36, मन्त्र 10

पर्जन्य बरसता रहे – ऐसी वेदमन्त्र में प्रार्थना की जाती है। उधर आयुर्वेद के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ में जलों में वर्षा के जल को ही सर्वोत्तम माना है।[1]

साम्प्रतिक समाज में बहुतायत रूप से कृषिकर्म प्रायः वर्षा जल का अत्यन्त ही न्यून प्रयोग हो रहा है, जब कि पाताल से प्राप्त किये जाने वाले जलों का अत्यधिक प्रयोग हो रहा है। इस कारण भूमि भी गुणविहीन हो रही है तथा कृषि का फल भी उतना गुणसम्पन्न नहीं रहा, जितना होना चाहिये। जो किसान आज भी वर्षा के जल से कृषिकर्म करते हैं, उनकी भूमि भी मणि की तरह ही सर्वदा समानगुणयुक्त बनी रहती है, और पाक भी गुणवान् तथा अविनाशपूर्वकबीजवान् प्राप्त होता है।[2]

मणितुल्य भमि में मधु से संयुक्त यव की कृषि करने वाले लोगों को देवता बताया गया है। इससे पता चलता है कि इन सिद्धान्तों के प्रति अरुचि रखने वाले लोग देवतेतर– असुर किंवा राक्षस– दानव हैं। मानव यदि दानव बन कर कृषिकर्म करता है, तो वह वेद को मान्य नहीं है। मानव देवता बन कर कृषिकर्म करे यह वेद को मान्य है। मानव को देवत्व दो कारणों से मिलता है – दानात् वा दीपनात् वा। अर्थात् एक तो मानव देने की भावना से कृषिकर्म करता है, तब तो वह देवता बन जाता है। और दूसरा प्रकृति के पदार्थों को चमकते रख कर कृषिकर्म करता है, तब वह देव बनता है। कृषि कर्म करते हुए मात्र खुद ही स्वार्थ देखना पशु पक्षी या प्राणिमात्र की उपेक्षा करना तथा स्वयं की समृद्धि का ख्याल रखना मानव का कार्य नहीं है।

आज कल कृषिकर्म करते हुए कुछ लोगों ने खुद को तो चमका दिया है, पर भूमि, कीट–पतंग, पशु–पक्षी इत्यादि को हानि पहुँचाई है। इस प्रकार से मानव दानव बन गया है। वेद देव बन कर कृषि कर्म करने की बात करता है, दानव बन कर नहीं। यह भी स्मर्तव्य है कि प्रत्येक कर्म के फल पर उस कर्म के करने वाले कर्ता के पूर्वार्जित शुभाशुभ कर्म का भी प्रभाव पडता है। इस कारण वेद के एक मन्त्र

---

1. द्रष्टव्य– आन्तरिक्षम् उदकानाम्– (अग्र्याणां शतमुपदेशकाले, चरकसंहिता, सूत्रस्थानम्, अध्याय– 25)
2. हमारे गुजरात प्रान्त में भालिया नाम की गोधूम की एक जाति होती है। अहमदाबाद के पास दक्षिण दिशा में भालप्रदेश है। वहाँ के जो कृषक है, वे कृषिकर्म के रूप में मात्र गोधूम को बोने का कार्य करते हैं। न तो वे उन्हें जल देने जाते है, न ही खाद देने। बस, पाक के अन्त में लवन के लिये ही जाते हैं। इस प्रकार का यह कृषिकर्म अपने आप में अनूठा है। पर, वेद की मान्यता के अनुकूल है। नियतकाल में उस भूमि पर उत्पन्न हुए ये गेहूँ बाजार में अन्य प्रकार के गेहूँ की अपेक्षा से महेंगे बीकते–मिलते हैं।।

में मेरे पाप कर्म दूर हों, इस प्रकार की प्रार्थना की गई है।[1]

हमारा मानना है कि वेद के इस मन्त्र में कृषिकर्म के सूत्ररूप में मूलभूत सिद्धान्तों का निर्देश है। इन सूत्रों की व्याख्या करके हम वैदिक कृषिविज्ञान को इस प्रकार से आकारित कर सकते हैं कि प्राचीन कृषिकर्म में –

1. कृषिकर्म के लिये भूमि मणि की जैसी तथा बीज मधु से संयुक्त होने चाहिये। भूमि को मणिरूप बनाय रखने के लिये उसे जोतने के लिये बैल का प्रयोग करना चाहिये। जब कि बीज को मधु से संयुक्त रखने के लिये विनाशात्मक प्रक्रिया से उपर उठ कर उत्पन्न धान्य से ही बीज की प्राप्ति करने का यत्न किया जाना चाहिये।[2]

2. कृषिकर्म में प्रयुक्त होने वाला जल पर्जन्य-वर्षा का होना चाहिये, न कि खनिज जल।

3. पाक की परिपक्वता हो जाय, उसके बाद ही अन्नादि का लवन करना चाहिये, उससे पूर्व नहीं। अर्थात् धान्य या फलादि को स्वयं परिपक्व होने पर ही काटना चाहिये, अपरिपक्वावस्था में काट कर कृत्रिमता से परिपक्व नहीं करना चाहिये। यथाकाल पके हुए धान्य का उपभोग करना चाहिये।

4. कृषिकर्म करने वाले व्यक्ति देवत्व गुण से संपन्न होने चाहिये।

---

1. (देखें – सुक्षेत्रिया सुगातुया वसूया च यजामहे। अप नः शोशुचदघम्।। ऋग्वेद 1.97.2 इस मन्त्र का अर्थ है – हे परमात्मन् (सुक्षेत्रिया) सुशोभनीय क्षेत्र के लिये (सुगातुया) सुशोभनीय मार्ग के लिये और (वसूया च) सुशोभनीय धन के लिये (यजामहे) हम आप के उद्देश्य से यज्ञ करते हैं। (अप नः शोशुचत् अघम्) हमारा पाप नष्ट होवे।। (पृ.161) (सायणभाष्यम् – सुक्षेत्रिया शोभनक्षेत्रेच्छया सुगातुया शोभनमार्गेच्छया वसूया च धनेच्छया निमित्तभूतया च यजामहे अग्निं हविर्भिः पूजयामः। यद्वा सुक्षेत्रिया देवयजनलक्षणशोभनदेश-संबंन्धिना हविषा अग्निम् यजामहे। नः अस्माकम् अघम् अप शोशुचत् विनश्यतु। सुक्षेत्रिया। शोभनं क्षेत्रं सुक्षेत्रम्। तद्विषयेच्छा सुक्षेत्रिया।।)
2. संस्कृत व्याकरण शास्त्र की नव्य परम्परा में धात्वर्थ का विचार कुछ इस प्रकार से किया जाता है- खाद् धातु का अर्थ बताते हुए कहा जाता है- गलबिलाधःसंयोगानुकूलव्यापारः खाद्धातोरर्थः। इस रीति का अनुसरण करके कृष् धातु का वेदानुकूल अर्थ विचारा जाय, तो वह इस प्रकार से करना होगा – विना विनाशं भूमितः अन्नादिप्राप्त्यनुकूलव्यापारः कृषेरर्थः। – इति दिक्।।

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (12-24) January-June 2019 ISSN 2277-4351

ब्रह्माण्ड में विभिन्न बलों का क्रियाविज्ञान - वैदिक एवं आधुनिक भौतिकी के संदर्भ में

आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक, प्रमुख
श्री वैदिक स्वस्ति पन्था न्यास,
वेद विज्ञान मन्दिर, भीनमाल (राज.)-343029

सार

[सृष्टि निर्माण में जिस गुण की सबसे बड़ी भूमिका होती है, वह है बल। बल के बिना कोई सृजन कार्य सम्भव नहीं है। ये बल अनेक प्रकार के होते हैं। कुछ बल विद्युत् आवेशविहीन पदार्थों के मध्य, तो कुछ विद्युत् आवेशित पदार्थो के मध्य कार्य करते हैं। विद्युत् आवेशित कण परस्पर एक दूसरे को आकर्षित वा प्रतिकर्षित करते हैं। समान आवेश वाले कण एक दूसरे को प्रतिकर्षित तथा विपरीत आवेश वाले आकर्षित करते हैं। वर्तमान विज्ञान इस आकर्षण और प्रतिकर्षण के पीछे मीडिएटर पार्टिकल्स के विनिमय को उत्तरदायी मानता है। परन्तु वह इसके क्रियाविज्ञान को अभी तक नहीं जान पाया है। कैसे मीडिएटर पार्टिकल्स बनते हैं? कौन सा बल उनके विनमय के लिए उत्तरदायी है? Charged Particles की आंतरिक संरचना क्या है? आदि प्रश्न वर्तमान विज्ञान के लिए अभी भी पहेली बने हुए हैं। वैदिक रश्मि थ्योरी, जो कि मेरे ग्रंथ **'वेदविज्ञान-आलोकः'** पर आधारित है, के अनुसार अनुसार सभी मूलकण, क्वांटा, स्पेस आदि वैदिक छन्द रश्मियों से बनते हैं। ये रश्मियां इन कणों से उत्सर्जित होती रहती हैं। जब धनंजय रश्मि का मरुत् रश्मियों से संयोग होता है, तब वर्तमान में कहे जाने वाले Virtual Particles का निर्माण होता है। इस तरह यह थ्योरी वर्तमान भौतिकी से कहीं अधिक गहराई में जाकर ब्रह्मांड को समझने में हमारी सहायता करती है। ये Virtual Particles अपने दोनों ओर संचारित होने वाली मरुत् व धनंजयादि रश्मियों को आकृष्ट करते हैं। इससे दोनों कणों का मध्यस्थ सिकुड़ता हुआ दोनों कणों को निकट ले आता है।]

सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी कुछ हमारे अनुभव में आता है अथवा नहीं भी आता है, वह सभी कुछ नियमबद्ध होकर परमात्मा के प्रशासन में कार्य करता व उत्पन्न

भी उसी के नियमों के अनुकूल होता है। इसलिए भगवत्पाद महर्षि व्यास जी महाराज ने लिखा–

सा च प्रशासनात्।[1]

यह बात पृथक् है कि हम उसके प्रशासन के नियमों को पूर्णरूप से कभी नहीं जान सकते। इसी प्रकार प्रसिद्ध अमेरिकी वैज्ञानिक रिचर्ड पी. फाइनमैन ने भी कहा है–

"We can imagine that this complicated array of moving things which constitutes "the world" is something like a great chess game being played by the God, and we are observers of the game. We do not know what the rules of the games are; all we are allowed to do is to watch the playing. Of course, if we watch long enough, we may eventually catch on to a few of the rules. The rules of the game are what we mean by fundamental physics. Even if we knew every rule, however, we might not be able to understand why a particular move is made in the game, merely because it is too complicated and our minds are limited"[2]

अब हम उस ईश्वर के प्रशासन के विषय में विचार करते हैं। हम जानते हैं कि सृष्टि के शासन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण पदार्थ है– बल। बल द्रव्य का वह मूलभूत गुण है, जिसके द्वारा परमात्मा संपूर्ण ब्रह्मांड पर नियंत्रण कर रहा है तथा इसी के द्वारा इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति भी करता है। सृष्टि के सूक्ष्म से सूक्ष्म तथा विशाल से विशाल पदार्थों का नियंत्रण बल नामक गुण के द्वारा ही होता है।

"One of the most important characteristics of force is that it has a material origin." "If you insist upon a precise defination of force, you will never get it."[3]

इधर बल गुण के विषय में महर्षि यास्क कहते हैं–"बलं कस्मात् बलं भरं भवति बिभर्त्तेः"[4] अर्थात् जो किसी पदार्थ का धारण व पोषण करता है, वह गुण बल कहलाता है। यह हम सब जानते हैं कि बल के द्वारा ही सृष्टि के सभी लोकों से लेकर सूक्ष्मतम कणों का परस्पर धारण होता है। अब प्रश्न उठता है कि बल के द्वारा पदार्थों का पोषण कैसे होता है और यह भी विचारणीय है कि 'पोषण' शब्द का क्या अर्थ है? क्या सभी पदार्थों का अस्तित्व भी बल गुण पर निर्भर है? हां, यहाँ महर्षि

---

1. ब्रह्मसूत्र 1.3.11
2. Lecture on physics, Rechard P. Feyman
3. Pg. 147, Lecture on physics, Rechard P. Feyman
4. निरुक्तम् 3.9

यास्क का आशय यही है। आइये, इसे इस प्रकार समझते हैं कि प्रत्येक स्थूल पदार्थ सूक्ष्म कणों के संयोग से उत्पन्न होता है एवं उसी संयोग पर उस पदार्थ का जीवन निर्भर है। यदि उस पदार्थ के अवयवरूप सूक्ष्म कणों के मध्य कार्यरत बल अकस्मात् समाप्त हो जाए, तब उस पदार्थ का अस्तित्व तुरंत समाप्त हो जायेगा और वह सूक्ष्म कणों में बिखर जायेगा। अब क्या सूक्ष्म कणों का अस्तित्व भी बल पर आश्रित है? हां, तब वह कैसे? इसे इस प्रकार समझते हैं कि प्रत्येक कण नाना प्रकार की छन्द व प्राण रश्मियों तथा वे रश्मियां मनस्तत्व, महत्तत्व व मूलरूप से प्रकृतिरूपी मूल पदार्थ से बना है। ये सब पदार्थ पृथक्-2 स्तर पर पृथक्-2 बलों व अंत में ईश्वरीय बल के कारण उत्पन्न हुए व अस्तित्व को बनाए रख पाते हैं। अब व्याकरण की दृष्टि से इस शब्द पर विचार करें तो-

'बलम्' शब्द 'बल प्राणने धान्यावरोधे च' धातु से निष्पन्न है। इससे स्पष्ट है कि यह गुण पदार्थ को प्रकृष्ट रूप से कंपन कराता, उनका संचय करता व उन्हें रोकता है। अगर सृष्टि के विभिन्न बलों के कार्यों पर स्थूल दृष्टि से विचारें, तो ये कार्य सर्वत्र होते हैं और इन्हीं के द्वारा पदार्थों का धारण व पोषण होता है। अब बल के विषय में कुछ अन्य आर्षवचनों पर भी दृष्टि डालते हैं-

बलं मेघनाम।[1]
बलं वै मरुतः।[2]
बलं विश्वेदेवाः।[3]
आत्मा वै बलम्।[4]

इन वचनों से बल के क्रियाविज्ञान का अद्भुत प्रकाश होता है। संक्षेप में इनसे स्पष्ट होता है कि विभिन्न पदार्थ विभिन्न मरुद् व प्राणादि रश्मियों से निर्मित हैं और वे पदार्थ इन रश्मियों की एक दूसरे पर ऐसे वृष्टि करते रहते हैं, जैसे मेघ वर्षा करते हैं। ये रश्मियां सततगतियुक्त होकर बलों के प्रभाव को सतत बनाए रखती हैं। इस क्रियाविज्ञान को हम इस लेख में संक्षिप्त रूप से समझने का प्रयास करेंगे। हाँ, यहां तक बल के निर्वचनों से इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि वर्तमान भौतिकी से वैदिक भौतिकी कितनी स्पष्ट व दूरगामी है।

आधुनिक विज्ञान मूल रूप से चार बलों की सत्ता को स्वीकार करता है। वे बल हैं-

---

1. निघण्टु 1.10
2. काठक संहिता 29.9
3. मैत्रायणी संहिता 4.7.8
4. काठक संकलन 72.5



जबकि वैदिक भौतिकी नौ प्रकार के प्रमुख बलों को मानती है परन्तु सबसे मूल बल ईश्वर का ही बल है। हम यहाँ सर्वप्रथम वर्तमान भौतिकी में इन बलों के क्रियाविज्ञान को समझने के लिए हम एक बल विद्युत् चुंबकीय बल पर विचार करते हैं–

आकर्षण बल का आधुनिक सिद्धान्त

यह बल दो विद्युदावेशित कणों के मध्य कार्य करता है। जिन कणों पर समान आवेश होता है, वे परस्पर एक दूसरे को प्रतिकर्षित करते तथा जिन कणों पर परस्पर विपरीत आवेश होता है, वे परस्पर आकर्षित होते हैं। यहाँ हम केवल आकर्षण बल की ही व्याख्या करेंगे। इसकी प्रक्रिया को इस प्रकार दर्शाया जाता है–

चित्र- आकर्षण बल के कार्य करने की प्रणाली

देखें इस चित्र में दो व्यक्ति एक गेंद को एक दूसरे पर फेंकते व पकड़ते हुए कैसे एक दूसरे के निकट आते जा रहे हैं? इसी प्रकार असमान विद्युदावेशित कणों के परस्पर निकट आने पर उनके मध्य वर्चुअल फोटोन्स का विनिमय होने से वे दोनों कण परस्पर निकट आते हैं। गेंद का कार्य वर्चुअल फोटोन्स तथा असमान आवेशित कण दो व्यक्तियों के रूप में कार्य करते हैं। इस विषय में कहा जाता है–

Whenever two like charges are placed near each other, they start exchanging virtual photons amongst themselves, which transfer the momen-

tum between them, and thus they appear to repeleach other.Similaraly, in the case of unlike charges also momentum transfer takes place but in such a way that they appear to attract each other.

यह आश्चर्य की बात है कि समान व असमान आवेश वाले कणों के मध्य momentum के transfer की प्रक्रिया सर्वथा विपरीत प्रकार से होती है। वर्तमान भौतिक शास्त्री इस बात की व्याख्या करने में नितान्त असमर्थ हैं कि यह प्रक्रिया परस्पर विपरीत प्रकार से कैसे होती है? कौन इन प्रक्रियाओं को बुद्धिजन्य प्रयोजन पूर्वक सम्पन्न करता है? इस विषय में लिखा है–

"You might think of the mediating particles, rather, as messengers" and the message can just as well be "come a little closer" as "go away."[1]

अर्थात् वर्चुअल फोटोन्स आदि मीडियेटर पार्टिकल्स दोनों कणों के मध्य सन्देशवाहक का कार्य करते हैं और सन्देश होता है– 'थोड़ा निकट आओ' अथवा 'दूर जाओ'। इस प्रकार की भाषा विज्ञान के नाम पर चलना हास्यास्पद है। कणों का दूर जाना वा पास का आने का एक निश्चित क्रियाविज्ञान है, जो वर्तमान Quantum field theory को पूर्ण विदित नहीं है।

आधुनिक Quantum Field Theory पर कुछ प्रश्न

(1) धन व ऋण आवेशित कणों की संरचना में क्या भेद है?

(2) जब वे दोनों कण अथवा समान वा असमान प्रकार के कण निकट आते हैं, तब क्यों virtual photons उत्पन्न होने लगते हैं? बल की उत्पत्ति प्रथम होती है अथवा मीडियेटर पार्टिकल्स पहले उत्पन्न होते हैं? यदि बल की उत्पत्ति पहले होती है, तब उसकी उत्पत्ति का कारण क्या है? और यदि मीडियेटर पार्टिकल्स पहले उत्पन्न होते हैं, तब उनकी उत्पत्ति का कारण क्या है? यदि बल तथा मीडियेटर पार्टिकल्स परस्पर एक दूसरे पर निर्भर नहीं, तो दोनों विशेषकर मीडियेटर पार्टिकल्स की उत्पत्ति इस प्रक्रिया में क्यों आवश्यक होती है?

(3) मीडियेटर पार्टिकल्स exchange के लिए कौन सा बल उत्तरदायी है?

(4) विद्युत् क्षेत्र किससे बना होता है और आवेशित कण इस क्षेत्र को कैसे व क्यों उत्पन्न करते हैं?

(5) मीडियेटर पार्टिकल्स जिस वैक्यूम एनर्जी से उत्पन्न माने जाते हैं, उस वैक्यूम एनर्जी का क्या स्वरूप होता है और उसकी उत्पत्ति कैसे होती है?

(6) मीडियेटर पार्टिकल्स की उत्पत्ति का क्रियाविज्ञान क्या है?

---

1. Pg.16, Introdution to elementry particles, David Griffiths

(7) मीडियेटर पार्टिकल्स के विनिमय के द्वारा आकर्षण व प्रतिकर्षण बलों के उत्पन्न होने का क्रियाविज्ञान क्या है?

(8) मीडियेटर पार्टिकल्स को क्यों डिटेक्ट नहीं कर सकते हैं?

(9) वे अत्यल्प काल तक ही क्यों अस्तित्व में रहते हैं?

इन सभी प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न भी इस थ्यौरी पर हो सकते हैं, जिनका उत्तर वर्तमान Quantum field theory के पास नहीं है।

विद्युत् चुम्बकीय आकर्षण बल का क्रिया-विज्ञान

अब मैं अपनी वैदिक रश्मि थ्यौरी के आधार पर बलों के स्वरूप व उनके क्रियाविज्ञान की अति संक्षिप्त व्याख्या करता हूँ। इस व्याख्या से पूर्व वैदिक रश्मियों के स्वरूप को समझना अनिवार्य है। इस कारण इसकी क्रमशः परन्तु संक्षिप्त चर्चा करते हैं-

सम्पूर्ण जगत् का मूल उपादान कारण है- प्रकृतिरूप सूक्ष्मतम पदार्थ, जिसके महाभारत में 31 विशेषण दर्शाये हैं। इसमें 9 विशेषण **भगवान् महादेव शिव,** 21 विशेषण **भगवान् परमर्षि ब्रह्मा** एवं एक विशेषण बताया है, **महर्षि वसिष्ठ जी** ने। इसकी चर्चा हमने ऐतरेय ब्राह्मण के अपने वैज्ञानिक भाष्य **'वेदविज्ञान-आलोकः'** में विस्तार से की है। इसके लिएयू-ट्यूब पर हमारे विडियोज भी देखे जा सकते हैं। इस प्रकृति पदार्थ में सर्वप्रथम ईश्वर द्वारा परा **'ओम्'** स्पन्दन उत्पन्न करके प्रकृति के सत्व व रजस् दो गुणों को जाग्रत करके कालतत्त्व को सृष्टि रचना हेतु सक्रिय किया जाता है। सत्व व रजस् गुणों से युक्त परा **'ओम्'** से स्पन्दित प्रकृति ही सक्रिय काल का रूप होती है।



चित्र- वैदिक भौतिकी में सृष्टि प्रक्रिया के विभिन्न चरण

अब यह काल तत्व तमोगुण को भी जाग्रत कर प्रकृति को स्पन्दित करके महत्तत्व के रूप में प्रकट करने लगता है। अंहकार व मनस्तत्त्व इसी महत्तत्व के अग्रिम रूप हैं। ईश्वर प्रेरित काल तत्व द्वारा मनस्तत्व में पश्यन्ती 'ओम्' प्रकट होती हैं, जिसके पश्चात् सर्वप्रथम महाव्याहृतिरूप सात रश्मियां निम्नानुसार प्रकट होती हैं-



इसके पश्चात् सूत्रात्मा वायु तदुपरांत प्राण, अपानादि दस प्राणरश्मियां भूरादि स्पन्दनों से समृद्ध मनस्तत्त्व के सागर में लहरों की भांति उत्पन्न होती हैं। इसके अनंतर सूक्ष्म वैदिक छंद रश्मियां (मरुत्) उत्पन्न होती हैं और इन सबके विशिष्ट योग से आकाश महाभूत (space) की उत्पत्ति होती है। वर्तमान भौतिकी space के पूर्व उत्पन्न किसी भी पदार्थ के बारे में नितांत अंधकार में है। इसके साथ ही आकाश (space) dscurve वा distort होने की चर्चा करते हुए भी इसके स्वरूप, संरचना व उसके उत्पत्ति-क्रिया विज्ञान को नहीं जानता।

Space के बनने के पश्चात् मनस्तत्त्व में तीव्र स्पन्दनों के रूप में विभिन्न वैदिक ऋचाओं की उत्पत्ति होती है। ये स्पन्दन (vibration) स्पेस के साथ मिलकर लंबी प्रक्रिया के चलते विभिन्न मूलकणों व क्वाण्टाज् को उत्पन्न करते हैं। वे मूलकण व क्वाण्टा वैदिक छन्द व प्राणादि रश्मियों के ही संघनित रूप हैं। इसके विषय में मद्रचित ग्रंथ 'वेदविज्ञान-आलोकः' पढ़ना आवश्यक है।

अब हम 'वेदविज्ञान-आलोकः' में प्रस्तुत वैदिक रश्मि थ्यौरी के आधार पर विद्युत् चुंबकीय बल के स्वरूप एवं क्रियाविज्ञान को दर्शाते हैं-



इस सृष्टि में वैदिक छंद व प्राण रश्मियां दो प्रकार की होती हैं। उनमें एक प्रकार की रश्मियां पुरुष रूप व्यवहार दर्शाती हैं तथा दूसरी प्रकार की रश्मियां स्त्रीरूप व्यवहार को दर्शाती हैं। इधर वर्तमान विज्ञान की दृष्टि से इस सृष्टि का निर्माण विद्युत् धनावेशित तथा विद्युत् ऋणावेशित कणों के नाना संयोगों से हुआ है। वैदिक विज्ञान इस जगत् को अग्निवसोम नामक पदार्थों के संयोग से उत्पन्न मानता है। हमारी दृष्टि में अग्नि में प्राण तथा सोम तत्व में मरुद् रश्मियों की प्रधानता होती है।

इन दोनों प्रकार के कणों के मध्य आकर्षण प्रक्रिया को दर्शाते हुए वे महर्षि ऐतरेय महीदास जी लिखते हैं-

आहूतयो वै नामैतायदाहुतयएताभिर्देवान्
यजमानो नयति तदाहुतीनामाहूतित्त्वम्।।[1]

यहाँ "आहूतिः" व 'आहुतिः' इन दो पदों का प्रयोग है। "आहूतिः" पद 'ह्वेञ् स्पर्धायाम् शब्दे च' धातु से निष्पन्न होता है। यह धातु चारों ओर से बुलाना, आकर्षण करना आदि अर्थों में प्रयुक्त है। उधर 'आहुतिः' पद 'हु दानादानयोः आदाने चेत्येके' धातु से निष्पन्न है। यह धातु ग्रहण करने तथा देने के अर्थ में प्रयुक्त है। इन दोनों ही धातुओं से आकर्षण-प्रतिकर्षण आदि अर्थों का ग्रहण होता है, इस कारण यहां आहूति को ही आहुति कहा गया है। इस सृष्टि में संयोज्य कण विभिन्न देव अर्थात् प्राण व मरुदादि रश्मियों को आकर्षित करते व उत्सर्जित करते हैं। इस प्रक्रिया को समझने हेतु इस चित्र को गंभीरता से देखें-



1. ऐतरेय ब्राह्मण 1.2

यहां धनावेशित (आग्नेय) व ऋणावेशित (सौम्य) दोनों कण स्थित हैं। महर्षि दयानंद ने ऋग्वेद भाष्य 6.72.3 में 'सोम' का अर्थ मरुत् ही किया है तथा ऋग्वेद 6.72.2 के भाष्य में विद्युत् किया है। इस कारण हमने सौम्य कण से विद्युत् ऋणावेशित कण का ग्रहण किया है। आर्य विद्वान् पंडित भगवद्दत्त रिसर्च स्कॉलर का भी यही मत है। सोम के लिए वेद में कहा गया है-

"सोमः अंतरिक्षं दाधार"।[1]

इससे स्पष्ट है कि सोमप्रधान अर्थात् ऋणावेशित कण अपनी सूक्ष्म मरुद् रश्मियों के द्वारा आकाश (space) को धारण किए रहता है किंवा मरुद्रश्मियों का space के साथ विशेष interaction होता है। उधर space अग्नि प्रधान कण को धारण करने वाला होता है, इसलिए कहा है-'अंतरिक्षमाग्नीध्रम्'[2], 'अंतरिक्षं वाऽआग्नीध्रम्'[3]।

इस प्रकार space दोनों कणों के मध्य इस प्रकार व्यवहार करता है, मानो वह एक शीट के समान हो और उस पर शीट पर दो बच्चे बैठे हों। एक बच्चा शीट से चिपका हुआ है और दूसरे बच्चे ने शीट को पकड़ा हुआ है, जो शीट को खींच-खींचकर शीट से चिपके हुए बच्चे को अपनी ओर ला रहा है।

इस विषय में प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी रिचर्ड पी. फाइनमैन का मत है-

"The existence of the positive charge, in some sense distorts or creates a 'condition' in space, so that when we put the negative charge in it feels a force this polentiality of producing a force is called an electric field."[4]

---

1. ऋग्वेद 6.47.4
2. तैत्तिरीय ब्राह्मण 2.1.5.1
3. शतपथ ब्राह्मण 9.2.3.15
4. Pg. 17, Lecturer on physics, Rechard P. Feyman

अर्थात् धनावेशित कण space को distort करता है, जिससे ऋणावेशित कण एक आकर्षण बल का अनुभव करता है। फाइनमैन का कथन वैदिक विज्ञान के कथन के प्रायः अनुकूल है। हाँ, फाइनमैन को इसका कारण किञ्चिदपि ज्ञात नहीं है।

सूत्रात्मा वायु कणों को बांधे रहता है। जैसा कि हमने कहा कि धनावेशित कण अग्नितत्वप्रधान अर्थात् प्रधानरूप से प्राण रश्मियों के संपीडन से बने होते हैं तथा ऋणावेशित कणों में मरुद् रश्मियों की प्रधानता होती है। ऐसी स्थिति में धनावेशित कण से प्राण तथा ऋणावेशित कणों से मरुद् रश्मियां उत्सर्जित होने लगती हैं।

कणों से वे प्राण व मरुद् रश्मियां क्यों रिसने वा उत्सर्जित होने लगती हैं? इस विषय में भगवान् ऐतरेयमहीदास ने संकेत किया है-

"तस्मादुपांशु वाचा चरितव्यं सोमे राजनि क्रीते गन्धर्वेषु हि तर्हि वाग्भवति साऽग्नावेव प्रणीयमाने पुनरागच्छति।"[1]

यहाँ गंधर्व का अर्थ है-सूत्रात्मा वायु। महर्षिदयानंद 'गंधर्वः' का भाष्य करते हुए लिखते हैं-

यो गां पृथिवीं धरति स सूर्य्यः वायुर्वा।[2]

इस प्रकार कण्डिका का आशय है कि सूत्रात्मा वायु के घेरे के अंदर वाक् रश्मियां अर्थात् 'ओम्' एवं भूरादि रश्मियां विद्यमान होती हैं। वे रश्मियां उपांशु अर्थात् अव्यक्त भाव से प्रवाहित होकर मरुद् रश्मियों को आकृष्ट करके बाहर निकालती हैं।



1. ऐतरेय ब्राह्मण 1.27
2. महर्षि दयानन्दयजुर्वेद भाष्य 17.32

उसके पश्चात् मरुद् रश्मियां भूरादि के साथ-2 प्राण रश्मियों, विशेषकर उनमें से सर्वाधिक तीव्रगामी धनंजय रश्मियों को आकृष्ट करती हैं।

वर्तमान भौतिकी जिन virtual photons की उत्पत्ति की बात करता है, वे कण वस्तुतः virtual अर्थात् काल्पनिक नहीं है, बल्कि वास्तविक हैं परंतु उनका जीवन काल अत्यंत अल्प होने से वे detect नहीं हो सकते। वे किस पदार्थ से बनते हैं, वैक्यूम एनर्जी क्या है? इस प्रश्नों का उत्तर वर्तमान विज्ञान के पास नहीं है। हमारी वैदिक रश्मि थ्यौरी के अनुसार इनकी उत्पत्ति वास्तविक फोटोन की भांति प्राण व मरुद् रश्मियों के पारस्परिक मेल व संघनन से होती है। इसे इस चित्र में समझने को प्रयत्न करेंगे-



इसी समय वहां एक गायत्री छन्द रश्मि प्रकट होती है। इस विषय में कहा है-

"तदेतहषिः पश्यन्नभ्यनूवाच 'नियुत्वाँ इन्द्रसारथिः"।[1] इति।।

तस्माद्धाप्येतर्हि भरताः सत्वनां वित्तिं प्रयन्ति तुरीये हैव संग्रही-तारो वदन्तेऽमुनैवानूकाशेन यदद इन्द्रः सारथिरिव भूत्वोदजयत्।

अर्थात् उस समय

शतेना नो अभिष्टिभिर्नियुत्वाँ इन्द्रसारथिः। वायो सुतस्य तृम्पतम्।[2], जो इन्द्रदेवताक तथा वामदेव ऋषि अर्थात् सूत्रात्मा वायु से उत्पन्न ऋचा है, के द्वितीय पाद-

'नियुत्वाँ इन्द्रसारथिः' की उत्पत्ति होती है। इसका छन्द प्राजापत्या गायत्री है। यह याजुषी अनुष्टुप् के समान भी है।

---

1. ऐतरेय ब्राह्मण 2.25 में
2. ऋग्वेद 4.46.2

अनुष्टुप् छन्द के विषय में भगवान् यास्क का कथन है-

'अनुष्टुबनुष्टोभनात्'[1] यही कथन दैवत ब्राह्मण में भी आया है। इस रश्मि के प्रभाव से इन्द्रतत्व सूत्रात्मा और धनंजय वायु का सारथि बनकर उसे नियन्त्रण में ले लेता है और उसे अपने साथ जोड़ भी लेता है। महर्षि यास्क 'नियुतः' पद का निर्वचन करते हुए लिखते हैं- "नियुतो नियमनाद्वा, नियोजनाद्वा।"[2] हमारा उपर्युक्त अर्थ इसी निर्वचन के अनुकूल है।

यहाँ भरत के विषय में ऋषियों का कथन है-

प्रजापतिर्वै भरतः स हीदं सर्वं बिभर्ति।[3]

अग्निर्वै भरतः स वै देवेभ्यो हव्यं भरति।[4]

प्राणो भरतः।[5]

इससे सूत्रात्मा वायु, आग्नेय अर्थात् धनावेशित कण तथा प्राण रश्मियों को भरत कहा जाता है। ऐतरेय ब्राह्मण की उपर्युक्त कंडिका से स्पष्ट है कि इंद्र तत्व जब सूत्रात्मा वायु को अपने साथ संयुक्त करके प्रकाशमान होता है ऽअनूकाशः =अनुप्रकाशः।[6] किंवा वह मरुद् रश्मियों को आकर्षित करने में समर्थ होता है, उस ऐसी प्रक्रिया के कारण ही इस समय भी इस सृष्टि में प्राणप्रधान आग्नेय अर्थात् धनावेशित कण और तेज को प्राप्त करके सोमप्रधान अर्थात् ऋणावेशित कणों को आकर्षित करने के लिए प्रयत्नशील होते हैं। उन दोनों कणों के मध्य जो बल उत्पन्न होता है, वह धनंजय प्राण के बल की अपेक्षा किंवा सूत्रात्मा वायु द्वारा किसी कण को आच्छादित करने वाले बल की अपेक्षा एक चौथाई भाग ही होता है। इस बल के कारण ही मीडियेटर पार्टिकल्स दोनों कणों के मध्य एक्सचेंज होने लगते हैं।



1. निरुक्तम् 7.12
2. निरुक्तम् 5.28
3. शतपथ ब्राह्मण 6.8.1.14
4. कौषीतकि ब्राह्मण 3.2
5. ऐतरेय ब्राह्मण 2.24
6. महर्षि दयानन्दयजुर्वेद भाष्य 25.2

इस चित्र में मीडियेटर पार्टीकल को देखा जा सकता है। यह पार्टिकल धनावेशित कण से उत्सर्जित विभिन्न प्राण रश्मियों तथा ऋणावेशित कण में से उत्सर्जित मरुद् रश्मियों के संघनन से बनता है। इसमें विद्यमान मरुद् रश्मियों pace के प्रति आकर्षण का भाव दर्शाती हैं तथा प्राण रश्मियां उस space के द्वारा आकर्षित होती हैं। इन मीडियेटर कणों के दोनों ओर भी प्राण व मरुद् रश्मियां की धाराएं विद्यमान होती हैं, जिनके प्रभाव से मीडियेटर पार्टीकल इधर-उधर दोलन करने लगता है। उसके गतिशील होने से धनावेशित व ऋणावेशित कणों के मध्य विद्यमान space भी धीरे-2 सिकुड़ने लगता है। जब यह space अधिकतम सीमा तक सिकुड़ जाता है, अर्थात् धनावेशित व ऋणावेशित कणों के मध्य न्यूनतम दूरी रह जाती है, तब मीडियेटर पार्टिकल्स अपनी अवयवभूत रश्मियों में बिखर कर लुप्त हो जाते हैं।

उपसंहार

आधुनिक विज्ञान बलों के स्वरूप व क्रियाविज्ञान के विशेष में अनेक अनसुलझी समस्याओं से ग्रस्त है। इधर वैदिक भौतिकी इस विषय में गम्भीर विज्ञान को दर्शाती है। बल के स्वरूप व क्रियाविज्ञान बहुत विस्तृत है, जिस पर पृथक् से एक पुस्तिका लिखी जा सकती है। इसके लिए 'वेदविज्ञान-आलोकः' का संपूर्ण अध्ययन करना भी उपयोगी है। मैंने यहां अति संक्षेप में केवल आवेशित कणों के आकर्षण की प्रक्रिया ही दर्शायी है। विद्युत् प्रतिकर्षण बल के साथ-2 अन्य विभिन्न प्रकार के बलों के क्रियाविज्ञान की यहां कोई चर्चा नहीं की है।

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (25-40) January-June 2019 ISSN 2277-4351

भारतीय वाङ्मय का वैज्ञानिक पक्ष

प्रमोद कुमार अग्रवाल

डी 9, लाल बहादुर नगर पूर्व,
जवाहरलाल नेहरु मार्ग, जयपुर 302017

1.0 प्राक्कथन

वेद एक अथाह सागर की तरह है। इसमें जितनी गहरी डुबकी लगायी जाती है, उतने ही आभायुक्त रत्न की प्राप्ति होती है। अनेक दार्शनिकों ने इसमें डुबकी लगायी है तथा भाषा शास्त्र, गणित, तर्कशास्त्र, खगोलशास्त्र, चिकित्सा शास्त्र आदि अनेक रत्नों को प्राप्त किया है।

अनादि काल से ही दार्शनिकों में इकाई की सत्ता को जानने की जिज्ञासा रही है। वेद में अनेक स्थानों पर इस विषय के संकेत भी मिलते हैं, जिन्हे व्यवस्थित कर हम किसी भी इकाई के मूल स्वभाव को समझ सकते हैं। किसी भी इकाई का मूल स्वभाव क्या है? इकाई का मूल स्वभाव उसकी आंतरिक संरचना में निहित है जिसे हम इकाई का कारण शरीर कहते हैं। और क्योंकि प्रत्येक इकाई का मूल कारण एक ही है, अतः इस कारण शरीर को ही ब्रह्म की अभिव्यक्ति कहा जा सकता है।

यहां एक प्रश्न उत्पन्न होता है कि सिद्धांत रूप में जिसे हमनें अभी ब्रह्म कहा है,और जो कि प्रत्येक इकाई में समान रूप से स्थित है, वह क्या है? यह इकाई का अस्तित्व है। यहां इकाई तथा इकाई के अस्तित्व में अंतर है। अस्तित्व कारण है जिसके अनुसार कोई इकाई बन रही है।

यहां एक प्रश्न और भी उत्पन्न होता है कि यदि सभी इकाईयों में समान रूप से ब्रह्म उपस्थित है तो इकाईयों में विभिन्नता क्यों है। उत्तर भी सहज ही है। ब्रह्म मूलरूपसे दो विपरीत भागों में उपस्थित है। (1) प्रथम है कार्य-कारण का सिद्धांत, जो कि इस ब्रह्माण्ड की सभी विधाओं में समान रूप से लागू होता है। और इसे विज्ञान कहा जाता है। (2) द्वितीय है अनंत क्षमताओं का पुञ्ज। 'एकोऽहं बहु स्याम' के अंतर्गत ब्रह्म अनंत क्षमताओं में से सीमित क्षमताओं के अनगिनत पुञ्ज बना कर

इस लोक में भेजता है। और अनगिनत इकाईयों को जन्म देता है। इन अनगिनत इकाईयों में कार्य-कारण का सिद्धांत तो वही रहता है। परंतु उन इकाईयों में क्षमताएं अलग अलग प्रकार की होती हैं। इन अलग अलग प्रकार की क्षमताओं के कारण इकाईयों में विभिन्नता दिखाई देती है। प्रथम स्तर पर यह इकाईयां हमें कोस्मिक इकाई, भौतिक इकाई, प्राणिक इकाई, मनो इकाई (पशु), तथा बौद्धिक इकाई (मनुष्य) आदि के भिन्न भिन्न स्तरों में दिखाई देती हैं। उपर्युक्त स्तरों के अंतर्गत भी प्रत्येक स्तर पर अनगिनत विभिन्नताएं दिखाई देती हैं। और इस प्रकार एक ही ब्रह्म भिन्न भिन्न इकाईयों का कारण बन कर 'एक से अनेक' हो जाता है- (एकंवा विबभूव सर्वम्)

2.0 बहुस्तरीय सजीव इकाई

अनेक विद्वानों ने इकाईयों के दो स्तर माने हैं; जड़ व चेतन। पार्थिव इकाई को जड़ मानते हुए प्राणिक इकाई को चेतन माना गया है। यह मान्यता कार्य-कारण की समानता के सिद्धांत के विपरीत प्रतीत होती है। वस्तुतः जड़ व चेतन एक ही इकाई के दो अविभाज्य प्रभाग हैं। जड़ कच्ची सामग्री है जिसे असत् कहा जाता है तथा चेतन सजीव है और सत् है। पारमार्थिक रूप से सभी इकाईयां सजीव हैं और उसका प्रमाण हैउनका यथाक्रमसर्जन तथा संचालन।



चित्र 1 - इकाई के अनेक स्तर

भिन्न भिन्न इकाईयों के सर्जन का यह क्रम निम्न प्रकार है। (चित्र 1)

1. कोस्मिक पदार्थ असत् के रूप में जब भौतिक सत् में समर्पित होता है तो भौतिक इकाई का जन्म होता है। (2) भौतिक पदार्थ असत् के रूप में जब प्राणिक सत् में समर्पित होता है तो प्राणिक इकाई का जन्म होता है। (3) प्राणिक पदार्थ असत् के रूप में जब मनो सत् में समर्पित होता है तो मनो इकाई का जन्म होता है। (4) मनो पदार्थ असत् के रूप में जब बौद्धिक सत् में समर्पित होता है तो बौद्धिक इकाई का जन्म होता है। (असद् वा इदमग्र आसीत्)

जिस क्रम मे विभिन्न इकाईयों का सर्जन होता है, उसी क्रम में इनका संचालन भी होता है। (1) कोस्मिक पदार्थों का संचालन भौतिक इकाई करती है। (2) भौतिक पदार्थों का संचालन प्राणिक इकाई करती हैं। (3) प्राणिक पदार्थों का संचालन मनो इकाई करती हैं। (4) मनो-अनुभूतियों का संचालन बौद्धिक इकाई करती हैं। इस प्रकार प्रत्येक इकाई अपने अपने स्तर पर सजीव हैं।

उपलब्ध वैदिक साहित्य में मनुष्य को ही आधार मान कर आत्मसत्ता का विश्लेषण किया गया है। तथा दर्शन को मनोवैज्ञानिक स्तर पर घटाया गया है। उपर्युक्त स्पष्टीकरण के बाद हम उपलब्ध मनोवैज्ञानिक दर्शन को भौतिक दर्शन के रूप में भी घटा सकते हैं। और इस प्रकार हम वैदिक दर्शन के जरिये भौतिक विज्ञान का नया अध्याय खोल सकते हैं। यह नया भौतिक विज्ञान आधुनिक विज्ञान की उन पहेलियों को सुलझाता है जहां आधुनिक विज्ञान अपने आप को अक्षम पाता है।



चित्र 2 - आधुनिक विज्ञान में मूल इकाई की संरचना

3.0 आधुनिक विज्ञान में इकाई की संरचना

आधुनिक वैज्ञानिक इस बात पर तो सहमत हैं कि पदार्थ के मूलभूत गुण उसकी संरचना में निहित होते हैं परंतु संरचना का रूप क्या है इस बात से वे पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। पदार्थ का मूल स्वरूप क्या है? यह जानने के लिये आधुनिक वैज्ञानिकों ने विशाल मशीनों का निर्माण किया है जिसकी सहायता से वो भौतिक कण को तोड़ते तोड़ते हिग्स बोसोन तक पहुंच गये हैं। परंतु इस प्रकार हम भौतिक कण को तोड़ने से कारण शरीर तक कभी भी नहीं पहुंच सकते, कण तक ही पहुंचेंगे। और यह प्रश्न अनुत्तरित ही बना रहेगा कि आखिर इस अंतिम कण के सर्जन का कारण क्या है? (चित्र 2)

4.0 वैदिक विज्ञान में इकाई की संरचना

भारतीय दर्शन जिस प्रकार आत्म सत्ता की विवेचना करता है, उससे पूर्ण 'पार्टीकल फिजिक्स' प्रकट हो जाती है। भारतीय दर्शन के अनुसार प्रत्येक आत्म सत्ता या मूल कण (पार्टीकल) के चार घटक हैं।

(1) परात्पर- परात्पर मूल ब्रह्म है। आध्यात्म के अनुसार यह क्रिया-कारण के सिद्धांत का कर्ता है, तथा विज्ञान के अनुसार यह क्रिया-कारण के सिद्धांत की विवेचना है। प्रत्येक इकाई चाहे वह कास्मिक हो, भौतिक हो, वानस्पतिक हो, या मनोवैज्ञानिक हो, सब में एक ही कारण-क्रिया का सिद्धांत लागू होता है। पदार्थ, आकाश, काल आदि सभी इस परात्पर का वितान भाव है। 'एकोहं बहुस्याम्' के अंतर्गत यह अनंत क्षमताओं का पुञ्ज है, तथा एकत्व रूपी कारण-क्रिया का संचालक है।

(2) अव्यय पुरुष- प्रत्येक इकाई में जो क्षमता स्थापित है, उसे अव्यय पुरुष कहते हैं। यह अव्यय पुरुष प्रत्येक इकाई का आधार भूत कारण तथा या बीज है, जो कि ससीम अनुवांशिक सूत्रों का व्यवस्थित पुञ्ज है। यह अनुवांशिक ससीम सूत्र ही इकाई को परिभाषित करते हैं। प्रत्येक सूत्र के पांच आयाम हैं। सूत्र अपनें पांच आयामों में विभाजित हो अव्यय के पांच कोशों का निर्माण करते हैं। यह कोश हैं अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, आनंदमय कोश, विज्ञानमय कोश, तथा मनोमय कोश। इसमें प्रथम चार कोश इकाई की क्षमता को स्पष्ट करते हैं तथा पांचवां कोश उद्दीपन को दिशा देता है। यह पांचों कोश इकाई की अनुवांशिक क्षमता को परिभाषित करते हैं।

(3) अक्षर पुरुष- मनोमय कोश जैसे ही आत्मा को स्वीकार करता है, बाकी चारों कोशों में उद्दीपन शुरू हो जाता है। यह कोश माया का अंतर्गमन, संग्रहण,

तथा बहिर्गमन करने लगते हैं। कोशों में संग्रहण से इकाई का स्वभाव निर्मित होने लगता है। इसको अक्षर पुरुष कहते हैं। स्वभाव ज्ञान व अनुभूति की विभिन्नसंगतियों के जोड़े होते हैं। यदि पीले रंग (देव) के साथ खुशी (पितृ) की संगति कोशों में संग्रहित हो जाती है तो भविष्य में हमें पील रंग ही पसंद आयेगा। यह स्वभाव क्षरित नहीं होता, अतः अक्षर कहलाता है।

(4) क्षर पुरुष– प्रवाह में अंतर्गमित, संग्रहित, तथा बहिर्गमित होने वाले संकेत ही क्षर पुरुष कहलाते हैं।यहां तक आत्म सत्ता का गठन पूर्ण हो जाता है।

उपर्युक्त चार घटकों में से 'परात्पर' का वर्णन किया जा चुका है, तथा 'अक्षर पुरुष' विषय से सम्बंधित नहीं हैं। हम यहां अव्यय तथा 'क्षर पुरुष' का वर्णन करेगें।

5.0 ब्रह्म तथा अव्यय पुरुष



चित्र 3 - अव्यय पुरुष की संरचना

ब्रह्म या परात्पर असीम गुणसूत्रों का पुञ्ज है, जो कि उनमें से ससीम गुणसूत्रों के अनगिनित पुञ्जों को इस लोक में भेजता है। यह ससीम गुणसूत्रों से ही अनगिनत इकाईयों के कारण शरीर बनते हैं। भारतीय चिंतन में अनेक स्थानों पर मूल ब्रह्म को परात्पर तथा ससीम गुणसूत्रों के पुञ्जों को अव्यय पुरुष कहा गया है। उपनिषद् स्पष्ट रूप से अव्यय पुरुष को पंचकोशात्मक होने की घोषणा करते हैं। अर्थात् प्रत्येक गुण-सूत्र पांच कोशों से युक्त होता है। जिन्हें हम अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, आनंदमय कोश, विज्ञानमय कोश, तथा मनोमय कोश कहते हैं। इनमें अन्नमय कोश विविधता, प्राणमय कोश में स्पंदन, विज्ञानमय कोश में विश्लेषण, आनंदमय कोश में आलम्बन, तथा मनोमय कोश में उद्दीपन रहता है। (चित्र 3)

व्यवहारिक रूप से यह पंचकोशात्मक अव्यय पुरुष क्या है? प्राणिक इकाई के उदाहरण से हम इस को स्पष्ट कर सकते हैं। प्रत्येक प्राणिक इकाई अनंत कोशिकाओं से निर्मित होती है। प्रत्येक कोशिका के दो भाग होते हैं, एक है कोशिका-पिण्डच (cell body) तथा दूसरा है केंद्रक (nucleus)। दोनों ही भौतिक पदार्थों से बने हैं। केंद्रक के अंतः में डी.एन.ए. (DNA_ deoñyribonucleic acid) होता है जो कि गुणसूत्रों का व्यवस्थित पुञ्ज है। यह डी.एन.ए. ही प्राणिक इकाई को अस्तित्व प्रदान करता है। डी.एन.ए. के भिन्न भिन्न गुणसूत्र इकाई के भिन्न भिन्न क्षमताओं को दर्शाते हैं। अतः प्रत्येक गुणसूत्र पांचों कलाओं से युक्त होता है। एक प्राणिक इकाई में उपलब्ध सभी डी.एन.ए. समान होते हैं। दो विभिन्न प्राणिक इकाईयों में यह डी.एन.ए. भिन्न-भिन्न होते हैं अतः उन इकाईयों की क्षमताएं भी भिन्न भिन्न होती हैं।

उपर्युक्त उदाहरण प्राणिक इकाई का है। इस उदाहरण को भौतिक इकाई में भी घटा सकते हैं। हम यह मान सकते हैं कि प्रत्येक मूल भौतिक इकाई के दो भाग होते हैं, एक है कणपिण्डह (Particle body) तथा दूसरा है केंद्रक (nucleus)। दोनों ही कोस्मिक पदार्थों से बने हैं। केंद्रक के अंत में गुणसूत्रों का व्यवस्थित पुञ्ज है। यह व्यवस्थित पुञ्ज ही भौतिक इकाई को अस्तित्व प्रदान करता है। और गुणसूत्र ही उसका स्वभाव है। हम यह तो नहीं समझ सकते कि यह मूल भौतिक इकाई हिग्स बोसोन है या इससे भी कोई सूक्ष्म कण है, परंतु जो भी कण है उसकी संरचना समझ सकते हैं। और यह संरचना ही भौतिक पदार्थ के स्वभाव से अवगत कराती है। भारतीय वाङ्मय के अनुसार यह संरचना अव्यय में निहित है।

6.0 अव्यय पुरुष की संरचना

वेदांत में अव्यय ब्रह्म के पांच कोश बताये हैं। 1. अन्नमय कोश, 2. प्राणमय कोश, 3. आनंदमय कोश, 4. विज्ञानमय कोश तथा 5. मनोमय कोश। इनमें प्रथम चार इकाई के गुणों को स्थापित करते हैं तथा पांचवां कोश प्रथम चारों में समन्वित उद्दीपन प्रदान करता है। प्रत्येक कोश में क्रमशः विविधिता, स्पंदन, आलम्बन, दृष्टि तथा उद्दीपन रहते हैं। निम्न लिखित वर्णन भौतिक कण (पार्टीकल) पर आधारित है (चित्र 3) -

(1) अन्नमय कोश- अन्नमय कोश भौतिक अस्तित्व के चार आयामी सूत्र का एक आयाम है। संकेत सृजन के संदर्भ में अन्नमय कोश संकेत के वैविध्यपूर्ण, आलम्बरहित, अपरिभाषित, तथा स्पंदन रहित प्रभाग को अंतर्वाह, संग्रह, तथा बहिर्वाह करता है। संकेत प्रवाह के संदर्भ में यह दृश्यता क्षेत्र और विस्तारण क्षेत्र का

सृजन करती है।

(2) प्राणमय कोश– प्राणमय कोश भौतिक अस्तित्व के चार आयामी सूत्र का एक आयाम है। संकेत सृजन के संदर्भ में प्राणमय कोश संकेत के स्पंदनपूर्ण, वैविध्यरहित, आलम्बरहित, तथा अपरिभाषित प्रभाग को अंतर्वाह, संग्रह, तथा बहिर्वाह करता है। संकेत प्रवाह के संदर्भ में यह बल क्षेत्र और विस्तारण क्षेत्र का सृजन करती है।

(3) आनंदमय कोश– आनंदमय कोश भौतिक अस्तित्व के चार आयामी सूत्र का एक आयाम है। संकेत सृजन के संदर्भ में आनंदमय कोश संकेत के आलम्ब पूर्ण, स्पंदन रहित, वैविध्य रहित तथा अपरिभाषित प्रभाग को अंतर्वाह, संग्रह, तथा बहिर्वाह करता है। संकेत प्रवाह के संदर्भ में यह बल क्षेत्र और संकुचन क्षेत्र का सृजन करती है।

(4) विज्ञानमय कोश– विज्ञानमय कोश भौतिक अस्तित्व के चार आयामी सूत्र का एक आयाम है। संकेत सृजन के संदर्भ में विज्ञानमय कोश संकेत के परिभाषित, आलम्बरहित, स्पंदन रहित तथा वैविध्य रहित प्रभाग को अंतर्वाह, संग्रह, तथा बहिर्वाह करता है। संकेत प्रवाह के संदर्भ में यह दृश्य क्षेत्र और संकुचन क्षेत्र का सृजन करती है।

(5) मनोमय कोश– मनोमय कोश भौतिक अस्तित्व का पांचवां आयाम है। मनोमय कोश छवि के अन्य कोशों में स्थित विषमता का निवारण करने हेतु अंतर्क्रिया का उद्दीपन करता है। संकेत प्रवाह के संदर्भ में यह शून्य अंतरिक्ष में विभिन्न क्षेत्रों का सृजन करती है।

7.0 संकेत का सर्जन

दर्शनके अनुसार, जीवन के प्रत्येक प्रवाह (प्राण) को पाँच भागों में विभाजित किया जा सकता है: देव प्राण, पितृ प्राण, ऋषि प्राण, गन्धर्व प्राण, और असुर प्राण। ये पांच भाग अविभाज्य हैं, लेकिन व्यक्ताव्यक्त हैं। (चित्र 4)

(1) देवप्राण – अन्नमय कोश (वैविध्यपूर्ण) व विज्ञानमय कोश (परिभाषित) के मध्य अंत:प्रक्रिया के फलस्वरूप स्पष्टता का उदय होता है, जो तीन प्रकार (शुद्धता; आकृति; विवरण) की हो सकती है। जब हम वायु देवता कहते हैं, तो इसका तात्पर्य है कि हम वायुतत्व की स्पष्टता की बात कर रहे हैं। जब हम अग्निदेवता कहते हैं, तो इसका तात्पर्य है कि हम अग्नितत्व की स्पष्टता की बात कर रहे हैं। यह कहा जाता है कि सूर्य हमारे लिए गौ (गऊ) उत्सर्जित कर रहा है, और सभी देवता गऊ के शरीर में रह रहे हैं, वाक्यांश का अर्थ है। ज्ञान पुञ्जचेतना



चित्र ४ - इकाई में संकेत (छवि) का सृजन

का उत्सर्जन कर रहा है। सभी ज्ञान चेतना के शरीर में रहते हैं। 'शक्ति' के अभाव में 'स्पष्टता' का अर्थ है जैसे बिना स्याही के आकृति बनाना, जो कि सम्भव नहीं है। यहां स्पष्टता का अर्थ है भ्रांति रहित स्पष्टता।

(2) पितृ प्राण– प्राणमय कोश (स्पंदनपूर्ण) व आनंदमय कोश (आलम्बपूर्ण) के मध्य अंत:प्रक्रिया के फलस्वरूप एक शक्ति का उदय होता है, जो तीन प्रकार (ऊर्जा; शक्ति; दृढ़ता) की हो सकती है। आलम्बन हमारे जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। यह हमारे आंतरिक भय को खुशी और सुरक्षा प्रदान करता है। यदि बच्चे को माता-पिता ने बिना शर्त सुरक्षा प्रदान की है, तो बचपन में ही आलम्बन पा लिया जाता है; यह बिना शर्त सुरक्षा हमारे उपचेतन में शिवमाया के रूप में पितृ प्राण बनाती है। बचपन के बाद, जब हम वयस्क होते हैं, तो पितृ प्राण हमें चिंता व भय से बचाता है। यदि हम अपने भय का सामना नहीं कर सकते, तो हम एक मूर्ति की पूजा करते हैं, जहां मूर्ति को परोक्ष रूप में परम पिता मान लेते हैं। परम पिता, अर्थात् उपचेतन में स्थित पिता के संरक्षण का अनुभव कर हम अपने वर्तमान भय को दूर करने का प्रयास करते हैं। 'स्पष्टता' के अभाव में 'शक्ति' का अर्थ है जैसे बिना दिशा के बल प्रयोग, जो कि सम्भव नहीं है। यहां 'शक्ति' का अर्थ है स्पंदनों की एकाग्रता।

(3) गन्धर्व प्राण– अन्नमय कोश (वैविध्यपूर्ण) व प्राणमय कोश (स्पंदनपूर्ण) के मध्य अंत:प्रक्रिया के फलस्वरूप एक प्रतीति का उदय होता है, जो तीन प्रकार

(विविधिता; भाव; तीव्रता) का हो सकती है। यहां प्रतीति अस्थापित व अव्यवस्थित है। कोई भी प्रतीति हो, ऋषि के अंगीकरण के अभाव में अपनी पहचान को प्राप्त नहीं हो सकती, तथा सूत्र के अभाव में अपने आप को परिभाषित नहीं कर सकती। भौतिक संसार में देखें तो रेडियो पर अनेक संकेत (अव्यवस्थित-प्रतीति) आ रहे हैं, परन्तु हम सुनते वही हैं जो हमारा रिसीवर (ऋषि-सूत्र) स्वीकार कर रहा है। अलग रिसीवर (ऋषि-सूत्र) से अलग स्टेशन स्वीकार किया जा सकता है। व्यावहारिक जीवन में गन्धर्व भाव प्रदर्शन को कहते हैं। संगीत, रंग, खेल, और सुंदरता, अनेक प्रकार के भाव होते हैं। सचिन तेंदुलकर क्रिकेट स्टार है, अमिताभ बच्चन अभिनय स्टार है, ए.आर. रहमान संगीत स्टार है। हमारे समय के सभी महान गन्धर्व हैं। आकाश में चमकने वाला सूर्य एक भौतिक स्टार है, जो ऊर्जा, तीव्रता, भाव, दृश्यता, व विविधिता, सबको प्रस्तुत करता है। पृथ्वी की भौतिक इकाईयां ऋषि भाव से उस प्रदर्शन को अङ्गीकृत करती हैं।

(4) ऋषि प्राण- विज्ञानमय कोश (परिभाषित) व आनंदमय कोश (आलम्बपूर्ण) के मध्य अंत:प्रक्रिया के फलस्वरूप एक नाम (पहचान) का उदय होता है, जो तीन प्रकार (विश्वास; सूत्र; तर्क) का हो सकता है। ऋषि तर्क द्वारा विविधिता मे से पहचान का चयन करता है तथा विश्वास द्वारा तीव्रता को आलम्बन देता है। इस प्रकार वह 'पहचान को आलम्बन' देता है तथा 'रूप' को 'नाम' प्रदान करता है। व्यावहारिक रूप से ऋषि प्राण जीवन में आचार संहिता, दिशानिर्देश, नैतिकता, पहचान और धर्म प्रदान करता है।

(5) असुर प्राण- विज्ञानमय कोश (परिभाषित), आनंदमय कोश (आलम्बपूर्ण), अन्नमय कोश (वैविध्यपूर्ण) व प्राणमय कोश (स्पंदनपूर्ण) के मध्य अंत:प्रक्रिया के अभाव के फलस्वरूप व्यक्ताव्यक्त कुछ भी उदय न होकर मात्रा का उदय होता है। संकेत में मात्रा के अभाव में कुछ भी प्रकट नहीं हो सकता। सचिन तेंदुलकर क्रिकेट बहुत अच्छा खेल सकते हैं, लेकिन अगर खेलने की मात्रा शून्य है, तो कोई उद्देश्य नहीं है। भारतीय पौराणिक कथाओं में, असुर शब्द का उपयोग नकारात्मक पहलू में किया जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय पौराणिक कथाओं में, गुण महत्वपूर्ण हैं न कि मात्रा। हम जीवन की मात्रा के साथ नहीं जीना चाहते हैं, हम जीवन को गुणवत्ता के साथ जीना चाहते हैं। उदाहरण के लिये जब हम गेहूं की बात कर रहे होते हैं को गेहूं की तात्विक विवेचना करेगें, गेहूं कितने किलो है, यह चर्चा नहीं होगी।

8.0 इकाई में निरंतर चलने वाली 'यज्ञ प्रक्रिया'



चित्र 5 - यज्ञ प्रक्रिया

उपर्युक्त पाचों प्राण न केवल इकाई में संकेत की स्वीकृति, संकेत का स्मृतिकरण, तथा संकेत के उत्सर्जन के लिये उत्तरदायी हैं। इस प्रकार होने वाली सारी प्रक्रिया को 'यज्ञ प्रक्रिया' कहते हैं। जब हम किसी संकेत का अंतर्गमन करते हैं तो प्रत्येक संकेत इकाई के मन पर पहुंच कर चार अंशों में विभाजित हो जाता है। यह चार अंश हैं, विषमता (विविधिता), तीव्रता (स्पंदन), दृढ़ता (आलम्बक), तथा शुद्धता (विश्लेषक)। इस प्रक्रिया में चारों कोश भी सम्बंधित अंश (विविधिता, स्पंदन, आलम्बक, विश्लेषक) प्रेषित करते हैं। इस प्रकार मन के मंच पर अनगिनित अंश उपस्थित हो जाते हैं। मनन प्रक्रिया में चारों प्रकार के अंश युक्तिपूर्ण संकेत-अंशों का चयन कर समुच्चय बनाते हैं, जिसे बोध (perception) कहा जाता है। मन में जो भी बोध बनता है, उनकी एक प्रतिलिपि पुनः विभाजित होकर आत्मसत्ता के चारों कोशों में संकलित (स्मृत) हो जाती है तथा दूसरी प्रतिलिपि अभिव्यक्ति के लिये बाहर उपलब्ध हो जाती है। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में मनोमय कोश मन में उद्दीपन का कार्य करता है। इस प्रकार पंचकोश संकेतों का संकलन तथा नये बोध का सर्जन करते हैं। (चित्र 5)

9.0 क्षर पुरुष

जो पंचकोश संकेत को संकलन तथा उसके पुनर्निर्माण का कार्य करते हैं, वही पंचकोश आकाश तत्व उत्पन्न कर संकेत को प्रवाहित भी करते हैं। प्रत्येक



चित्र 6 - क्षर पुरुष

संकेत उत्सर्जक सत्ता से क्षरित हो कर प्रेक्षक सत्ता तक पहुँचता है। संकेत के प्रवाह का कर्ता क्षर पुरुष कहलाता है। क्षर पुरुष के पांच प्रभाग माने गये हैं। 1. उत्सर्जक में ज्ञेय की दृश्यता 'वाक्' कहलाती है। 2. उत्सर्जक में ऊर्जा की जीवंतता 'प्राण' कहलाती है। 3. उत्सर्जक में अन्न की उपलब्धता 'अन्न' कहलाती है। 4. प्रेक्षक में अन्न की शून्यता 'अन्नाद' कहलाती है। 5. प्रेक्षक द्वारा अन्न की स्वीकार्यता 'आप्' कहलाती है। (चित्र 6)

10.0 प्रवाह के क्षेत्र



चित्र 7 - प्रवाह के क्षेत्र

वस्तुतः यह पांचों का प्रवाह क्षेत्र हैं, जिनका निर्माण अव्यय पुरुष के पंचकोशों द्वारा किया जाता है। 1. अन्नमय कोश व विज्ञानमय कोश से दृश्यता क्षेत्र उत्पन्न होता है, जिसको 'वाक्' कहा गया है। 2. प्राणमय कोश व आनंदमय कोश से बल क्षेत्र उत्पन्न होता है, जिसको 'प्राण' कहा गया है। 3. अन्नमय कोश व प्राणमय कोश से विस्तारण या प्रतिकर्षण क्षेत्र उत्पन्न होता है, जिसको 'अन्न' कहा जा रहा है। 4. आनंदमय कोश व विज्ञानमय कोश से संकुचन या आकर्षण क्षेत्र उत्पन्न होता है, जिसको 'अन्नाद' कहा जा रहा है। 5. उपरोक्त चारों के मध्य परम व्योम रहता है जो अन्य चारों को स्वीकृति प्रदान करता है, जिसको 'आप्' कहते हैं। (चित्र 7)

11.0 संकेत का प्रवाह



चित्र 8 - संकेत का प्रवाह

संकेत के प्रवाह के दो माध्यम हैं। (1) प्रथम है बोध तरंग जो कि दृश्यता क्षेत्र तथा बल क्षेत्र से मिल कर बनती है। (2) द्वितीय है काल तरंग जो आकर्षण क्षेत्र तथा प्रतिकर्षण क्षेत्र से मिल कर बनती है। (चित्र 8)

12.0 अंतरिक्ष में सक्रियता



अंतरिक्ष में सक्रियता	बल क्षेत्र FORCIBILITY	दृश्यता क्षेत्र VISIBILITY	प्रतिकर्षण क्षेत्र AVAILABILITY	आकर्षण क्षेत्र EMPTINESS
प्रकाश का प्रवाह E M Wave (दृश्य सक्रिय काल तरंग)	निष्क्रिय	सक्रिय	सक्रिय काल तरंग time wave	सक्रिय
चुम्बकीय प्रवाह Magnetic Flux (बल सक्रिय काल तरंग)	सक्रिय	निष्क्रिय	सक्रिय काल तरंग time wave	सक्रिय
गुरुत्वकर्षण Gravitation (आकर्षण सक्रिय बोध तरंग)	सक्रिय बोध तरंग sense wave	सक्रिय	निष्क्रिय	सक्रिय
प्रतिकर्षण Repulsion (प्रतिकर्षण सक्रिय बोध तरंग)	सक्रिय बोध तरंग sense wave	सक्रिय	सक्रिय	निष्क्रिय

चित्र 9 - अंतरिक्ष के चार प्रमुख विषय

उपर्युक्त चार क्षेत्रों से भौतिक विज्ञान के चार प्रसंग स्पष्ट हो जाते हैं। उपर्युक्त चित्र के अनुसार (1) प्रकाशीय-प्रवाह दृश्यता क्षेत्र की काल तरंग है। (2) चुम्बकीय-प्रवाह बल क्षेत्र की काल तरंग है। (3) गुरुत्वाकर्षण आकर्षण क्षेत्र की बोध तरंग है, तथा (4) प्रतिकर्षण प्रतिकर्षण-क्षेत्र की बोध तरंग है। (चित्र 9)

अंतरिक्ष में अन्य प्रकार के कास्मिक पदार्थ				
अन्य कास्मिक पदार्थ	दृश्यता क्षेत्र visibility field	बल क्षेत्र forcibility field	आकर्षण क्षेत्र emptiness field	प्रतिकर्षण क्षेत्र fullness field
दृश्यता की उपलब्धता fullness of visibility (C M B)	सक्रिय active	निष्क्रिय inactive	निष्क्रिय inactive	सक्रिय active
दृश्यता का अवशोषण emptiness (absorption) of visibility	सक्रिय active	निष्क्रिय inactive	सक्रिय active	निष्क्रिय inactive
संकुचन का बल forcible emptiness (dark matter)	निष्क्रिय inactive	सक्रिय active	सक्रिय active	निष्क्रिय inactive
फैलाव का बल forcible expansion (dark energy)	निष्क्रिय inactive	सक्रिय active	निष्क्रिय inactive	सक्रिय active

चित्र 10 - अन्य कास्मिक पदार्थ

13.0 अंतरिक्ष के अन्य चार प्रसंग

इसके अलावा इन चार क्षेत्रों से दृश्यता की उपलब्धता (CMB; कॉस्मिक माइक्रोवेव बैक ग्राउंड), दृश्यता का अवशोषण, डार्क मैटर, तथा डार्क एनर्जी को भी स्पष्ट किया जा सकता है। (चित्र 10)

14.0 प्रवाह क्षेत्र व आधुनिक विज्ञान

इस प्रकार आप देखेंगे कि मात्र चार प्रकार के क्षेत्रों के जरिये अंतरिक्ष में होने वाले तकरीबन सभी प्रसंगों को समझा जा सकता है। आधुनिक विज्ञान प्रकाश के प्रवाह को मानता है, चुम्बकीय प्रवाह मानता है, गुरुत्वाकर्षण भी मानता है, परंतु प्रतिकर्षण नहीं मानता। आधुनिक विज्ञान इस प्रकार चार क्षेत्रों की कल्पना भी नहीं करता। जो एक ही इकाई में से अविभाज्य रूप से प्रकट हो रहे हैं, और प्रकाश तरंग तथा गुरुत्वाकर्षण में सम्बंध स्थापित कर रहे हैं। यहां एक बात का उल्लेख करना अति आवश्यक है। ऐसा कहा जाता है कि अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपनी उम्र के अंतिम 30 वर्ष एक यूनीफाइड थ्योरी को खोजने में लगाये जहां वह प्रकाश तरंग तथा गुरुत्वाकर्षण में सम्बंध स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। वैदिक विज्ञान के जरिये जब हम नये पार्टीकल फिजिक्स की रचना करते हैं तो यह सम्बंध हमें स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है।

15.0 आधुनिक विज्ञान की सीमाएं

(1) आधुनिक विज्ञान प्रतिकर्षण क्षेत्र को नहीं मानता।

(2) आधुनिक विज्ञान भौतिक तथा कोस्मिक संस्थाओं में अंतर नहीं करता।

(3) आधुनिक विज्ञान सत् तथा असत् के भेद को नहीं मानता।

(4) आधुनिक विज्ञान ऐसे तथ्यों पर आधारित है, जो तर्कों पर आधारित नहीं हैं; यही कारण है कि आधुनिक विज्ञान अनेक अनसुलझी पहेलियों को जन्म देता है।

13.0 प्रतिकर्षण के प्रमाण

आधुनिक विज्ञान 'प्रतिकर्षण' को नहीं मानता। यहां हमनें प्रतिकर्षण के तीन प्रमाण उपलब्ध कराये हैं।

13.0 प्रतिकर्षण के प्रमाण

आधुनिक विज्ञान 'प्रतिकर्षण' को नहीं मानता। यहां हमनें प्रतिकर्षण के तीन प्रमाण उपलब्ध कराये हैं।

1. धूमकेतु की पूंछ- धूमकेतु की पूंछ का वह हिस्सा जिसका तापमान अत्यधिक होता है, यह हमेषा सूर्य के विपरीत दिशा में होता है। यह तापमान के कारण होने वाले प्रतिकर्षण के कारण है। (चित्र 11)

2. प्लाज्मा का उत्सरण- सूर्य का द्रव्यमान अत्यधिक होता है, फिर भी



चित्र 11 - धूमकेतु की पूंछ में प्रतिकर्षण



चित्र 12 - सूर्य की सतह से प्लाज्मा का उत्सरण



चित्र 13 - ग्रह की परिक्रमा में एक स्थिर संतुलन

प्लाज्मा का उत्सरण हजारों किलोमीटर तक होता है। यह सूर्य के तापमान के कारण होने वाले प्रतिकर्षण के कारण है। (चित्र 12)

3. संतुलित ओर्बिट- जब कोई ग्रह सूर्य की परिकृमा लगाता है तो उस ग्रह पर दो बल कार्य करते हैं, इनमें प्रथम है अपकेंद्रिय बल तथा दूसरा है गुत्वाकर्षण बल। ये बल संतुलित तो हो सकते हैं परंतु बिना प्रतिकर्षण बल के स्थिर संतुलन प्राप्त नहीं कर सकते। (चित्र 13)

14.0 समय विस्तारण (time dilation) की अवधारणा

जैसा की अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा, और प्रमाणित भी हो गया कि प्रकाश किसी भी गतिशील तममितमदबम तिंउम के सापेक्ष में एक निश्चित गति से ही चलता है। व्यवहारिक रूप से यह असम्भव दिखाई देता है। इस असम्भव को सम्भव प्रमाणित करने के लिये आधुनिक वैज्ञानिकों ने 'गति के साथ समय के विस्तारण' की कल्पना की। यह कल्पना अनुमान प्रमाण से प्रमाणित नहीं होती। प्रस्तुत सिद्धांत इस विषय पर अल्बर्ट आइंस्टीन से सहमत नहीं है। प्रस्तुत सिद्धांत के अनुसार प्रकाश भौतिक पदार्थ के सापेक्ष में 'असत्' है अतः कर्ता भाव से हीन है। अतः जब हम यह कहते हैं कि प्रकाश 'ब' गति से चलता है तो हम तक्नीकी रूप से गलत होते हैं। वस्तुतः प्रेक्षक (कर्ता) ही प्रकाश को आत्मसात (अंतर्गमित) कर रहा है। और अंतर्गमन की गति निश्चित है, जो कि 'ब' है। अब क्यों कि गति को प्रेक्षक ही माप रहा है, उत्सर्जक की गति से उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

भारतीय दर्शन को जिस रूप में मैने वर्णन किया है वह प्रचलित मान्यताओं से अलग हो सकता है, परंतु मेरी दृष्टि में इसमें प्रचलित मान्यताओं का कोई विरोध नहीं है। मात्र दर्शन की दिशा का अंतर है। मैंने प्रत्येक विवरण को भौतिक दृष्टि से देखने का प्रयास किया है, आध्यात्मिक दृष्टि से नहीं।

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (41-49) January-June 2019 ISSN 2277-4351

ऊर्जा के अवशोषण एवं उत्सर्जन का वैदिक विज्ञान

विशाल आर्य, उपाचार्य
वैदिक एवं आधुनिक भौतिकी शोध संस्थान,
वेद विज्ञान मन्दिर, भीनमाल (राज.) पिन-343029

सार

प्रस्तुत शोधपत्र में इलेक्ट्रॉन एवं फोटोन के मध्य अन्योन्य क्रिया, फोटोन का इलेक्ट्रॉन में अवशोषण एवं उत्सर्जन, किसी फोटोन के इलेक्ट्रॉन से संयुक्त वा वियुक्त होने की प्रक्रिया तथा कण द्वारा फोटोन की ऊर्जा का आंशिक अवशोषण के क्रिया विज्ञान का वर्णन किया गया है। साथ में वैदिक एवं आधुनिक भौतिक विज्ञान की तुलनात्मक विवेचना की गयी है। **वैदिक रश्मि थ्योरी**, जो श्री आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक के ग्रन्थ **वेदविज्ञान-आलोकः** पर आधारित है, के अनुसार ऐसी क्रियाओं को सम्पन्न करने में परमात्मा की प्रेरणा से समय-2 पर नाना प्रकार की वैदिक छन्द रश्मियों को उत्पन्न किया जाता है। वैदिक छन्द रश्मियां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सूक्ष्म अति सूक्ष्म क्रियाओं में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

क्वाण्टाज् के किसी कण के द्वारा उत्सर्जन व अवशोषण की प्रक्रिया

(अग्नि के विकिरण अर्थात् उत्सर्जन व अवशोषण में तेरह छन्द रश्मियां प्रेरक का कार्य करती हैं। इसके साथ ही इस कार्य में मुख्य भूमिका के लिए **राहूगणपुत्रो गोतम ऋषि** प्राण अर्थात् धनंजय प्राण से अग्नीषोमौ-देवताक एवं निचृत् त्रिष्टुप् छन्दस्क रश्मि

अग्नीषोमा हविषः प्रस्थितस्य वीतं हर्यतं वृषणा जुषेथाम्।
सुशर्माणा स्ववसा हि भूतमथा धत्तं यजमानाय शं योः।।

(ऋ.1.93.7)

की उत्पत्ति होती है। इसके दैवत व छान्दस प्रभाव से अग्नि व सोम तत्त्व तीव्र बल व तेज से समृद्ध होते हैं। इसके अन्य प्रभाव से अग्नि व सोम प्रधान पदार्थ अग्नि के परमाणुओं को विभक्त करके उत्सर्जित करने के लिए विभिन्न मार्गों से देशान्तर पहुंचाने हेतु वाक् तत्त्व का बल प्राप्त करते और अग्नि के कणों को उत्तम

रक्षा प्रदान करते हैं। यह रश्मि बनने वाले विभिन्न क्वाण्टाज् के साथ संयुक्त होकर उन्हें वाक् तत्त्व से संयुक्त करके उन्हें इलेक्ट्रॉन आदि से उत्सर्जित करने में तीव्र बल प्रदान करती है। इस कारण अर्थात् वाक् तत्त्व के संयोग से संयोग-वियोग करने वाले विभिन्न कणों व तरंगों के द्वारा वे अग्नि के परमाणु धारण किए जाते हैं।

इस रश्मि के कारण अग्नि तत्त्व परमाणुरूप होकर विभिन्न कणों के साथ संगत व वियुक्त होते हुए अपनी यात्रा पर सतत गमन करते रहते हैं। **अग्नि गमन करते समय भी फैलता हुआ चलता है** तथा विभिन्न पदार्थ कणों के द्वारा आकर्षित किया जाता ही रहता है। **वे क्वाण्टाज् जब तरंग रूप होकर गमन करते हैं, उस समय वे फैले हुए होते हैं और जैसे ही वे किसी कण के द्वारा अवशोषित किए जाते हैं, वैसे ही तत्काल ऊर्जा संकुचित होकर फिर उस अवशोषक कण में व्याप्त हो जाती है। इससे प्रतीत होता है कि ऊर्जा केवल उत्सर्जित व अवशोषित होते समय ही कण का रूप धारण करती है। मार्ग में वह ऐसे प्रवाह करती है, मानो उसका एक पूर्ण सुस्पष्ट सीमांकन नहीं किया जा सकता। इस प्रकार ऊर्जा को क्वाण्टा रूप देने हेतु ही इस त्रिष्टुप् छन्द रश्मि की विशेष भूमिका होती है।**

जब इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होती है अर्थात् पूर्वोक्त सभी छन्द रश्मियों की उत्पत्ति हो जाती है, तब विभिन्न आकर्षक कणों से अग्नि के परमाणु संयुक्त होते रहकर उन्हें समृद्ध करते रहते हैं अर्थात् उन्हें भी विविध प्रकार की गतियों, संगतियों से युक्त करते हैं।[1]



चित्र-1 क्वाण्टाज् के किसी कण के द्वारा उत्सर्जन व अवशोषण की प्रक्रिया

[फोटोन, इलेक्ट्रॉन आदि की विशिष्ट रचना के कारण एक इलेक्ट्रॉन से **एक समय में एक से अधिक फोटोन एक साथ संयोग नहीं कर सकते।**'[1] **इसी**

1. A single photon carries an energy hf into the emitter, where it is essentially transferred to single electron." [9]

प्रकार किसी आयन से एक समय में एक साथ एक से अधिक इलेक्ट्रॉन संयोग नहीं कर सकते। किसी आयन से संयोग करने वाले इलेक्ट्रॉनों में पहला इलेक्ट्रॉन जिस सहजता से संयोग करता है, उस सहजता से उसके पश्चात् संयोग करने वाले इलेक्ट्रॉनों में से कोई भी संयोग नहीं कर सकता, इसी प्रकार इलेक्ट्रॉन से फोटोन के उत्सर्जन एवं किसी इलेक्ट्रॉन के उत्सर्जन की प्रक्रिया भी समझी जा सकती है।]

कण द्वारा फोटोन को ऊर्जा का आंशिक अवशोषण

[प्राण नामक प्राण से

अपश्यं त्वा मनसा चेकितानं तपसो जातं तपसो विभूतम्।
इह प्रजामिह रयिं रराणः प्र जायस्व प्रजया पुत्रकाम॥1॥

अपश्यं त्वा मनसा दीध्यानां स्वायां तनू ऋत्व्ये नाधमानाम्।
उप मामुच्चा युवतिर्भूयाः प्र जायस्व प्रजया पुत्रकामे॥2॥

अहं गर्भमदधामोषधीष्वहं विश्वेषु भुवनेष्वन्तः।
अहं प्रजा अजनयं पृथिव्यामहं जनिभ्यो अपरीषु पुत्रान्॥3॥

(ऋ.10.183.1-3)

तृच् सूक्त की उत्पत्ति होती है। इनका देवता **''अन्वृचं यजमानयजमान-पत्नीहोत्राशिषः''** है तथा छन्द प्रथम का त्रिष्टुप् और शेष दोनों का विराट् त्रिष्टुप् है।

इन छन्द रश्मियों के कारण संलयन ऊर्जा विशेष प्रकाशवती होती है तथा तारों के **केन्द्रीय भाग में विभिन्न सूक्ष्म रश्मियों से अनेक छन्द रश्मियाँ उत्पन्न होती हैं।** विभिन्न कणों वा तरंगों की विशेष शक्तियाँ उत्कृष्ट होती हैं। **प्राण नामक रश्मि विविध फोटोन्स के साथ संयुक्त होकर विविध पदार्थों के निर्माण एवं विभिन्न लोकों के धारण में सहयोग करती है। कोई भी फोटोन स्वयं कई प्रकार की छन्द रश्मियों से युक्त होकर विभिन्न ऊर्जा अवयवों का समूह होता है। यही कारण है कि कोई फोटोन किसी अन्य कण से जब टकराता है, तो कुछ ऊर्जा उसे देकर शेष ऊर्जा रूप में आगे की यात्रा पर निकल पड़ता है। कोई भी फोटोन न्यूनतम ऊर्जा की इकाई नहीं होता।]**[2]



चित्र-2 कण द्वारा फोटोन को ऊर्जा का आंशिक अवशोषण

आधुनिक विज्ञान का मत

....the incident photon of energy E(=hf) gives up some of its energy to the recoiling electron, the scattered photon must have a lower energy E'(=hf').[5]

"In 1905, Einstein, building on the pioneering work of Max Planck proposed that light could indeed exist as discrete bundles of energy, which we now call photons. E=hf "[05]

फोटोन द्वारा इलेक्ट्रॉन को आंशिक ऊर्जा प्रदान करने की प्रक्रिया

[वाक् तत्त्व, जो अति सूक्ष्म अवस्था में विद्यमान होता है एवं सूक्ष्म मरुद् रश्मियाँ द्रव्य एवं ऊर्जा के साथ ही सदैव संयुक्त रहते हैं। विभिन्न फोटोन्स भी अति सूक्ष्म रश्मियों को धारण करते हैं। **जब फोटोन्स किसी इलेक्ट्रॉन आदि से टकराते हैं, तो वे इन्हीं सूक्ष्म रश्मियों को उन कणों में प्रक्षिप्त करते हैं। सभी प्रकार के सूक्ष्म कण, फोटोन्स अथवा बल-रश्मियाँ आदि पदार्थ अपनी सूक्ष्म शक्तियों अर्थात् 'भूः', 'भुवः', 'स्वः' आदि दैवी गायत्री छन्दों के साथ सदैव संयुक्त रहकर अपना कार्य करने एवं बाधक रश्मियों को दूर करने में समर्थ होते हैं। विभिन्न प्रकार के फोटोन्स गायत्री आदि सात प्रकार की छन्द रश्मियों, मन और वाक् तत्त्व, मूल प्रकृति और प्राणापानादि प्राथमिक प्राणों से भी युक्त होते हैं। वे फोटोन्स धनञ्जय प्राण के साथ आकाश तत्त्व पर सवार होकर गमन करते हैं।** आकाश में व्याप्त वायु और विद्युत् आकाश में विद्यमान कणों पर विभिन्न सूक्ष्म प्राणों की वर्षा करते रहते हैं। प्राणापानादि प्राथमिक प्राण आकाश तत्त्व को भी धारण वा तृप्त करते हैं। तीव्र भेदक विद्युत् तरंगों को सूक्ष्म

मरुद् रश्मियाँ सदैव घेरे रहती हैं। **विभिन्न मरुद् रश्मियाँ बड़ी छन्द रश्मियों, फोटोन्स, इलेक्ट्रॉन्स, आदि कण अथवा मिडीएटर पार्टीकल्स सबको उनका स्वरूप प्रदान करने में सहायक होती हैं और वे ही उनका भेदन भी करती हैं।**][3]



चित्र-3 फोटोन द्वारा इलेक्ट्रान को आंशिक ऊर्जा प्रदान करने की प्रक्रिया

आधुनिक विज्ञान का मत



Compton scattering, discovered by Arthur Holly Compton, is the scattering of a photon by a charged particle, usually an electron. It results in a decrease in energy (increase in wavelength) of the photon (which may be an X-ray or gamma ray photon), called the Compton effect. Part of the energy of the photon is transferred to the recoiling electron. Inverse Compton scattering occurs when a charged particle transfers part of its energy to a photon.[7]

किसी फोटोन के इलेक्ट्रॉन से संयुक्त वा वियुक्त होने की प्रक्रिया

अग्नेऽवीहि हविषा यक्षि देवान्त्स्वध्वरा कृणुहि जातवेदः॥3॥

(ऋ. 7.17.3)

यह ऋग् रश्मि वसिष्ठ ऋषि अर्थात् प्राण नामक प्राण से उत्पन्न होती है। इसका देवता अग्नि और छन्द आर्च्युष्णिक् होने से फोटोन और इलेक्ट्रॉन का जब संयोग होता है, तब इसकी भी भूमिका होती है। इसके अन्य प्रभाव से अग्नि परमाणु (ऊर्जा कण) संयोज्य कण के साथ व्याप्त हो जाता है और उसे गति प्रदान करता है। ऊर्जा तरंगों का अन्य कणों से जब संयोग होता है, तब उपर्युक्त अन्तिम दोनों छन्द रश्मियाँ वज्र रूप धारण करके संयोग की क्रिया को कुशलता से सम्पन्न करती हैं और उसी के पीछे-2 इस उष्णिक् छन्द रश्मि की उत्पत्ति होती है। यह रश्मि भी वज्ररूप होकर उस संयोग को पूर्णता प्रदान करती है।यह संयोग किसी कण के उत्तर वा प्रतिष्ठारूप दक्षिण दिशा में होता है। तदुपरान्त दो छन्द रश्मियों की उत्पत्ति होती है। जिनमें से प्रथम

यदुस्रियास्वाहुतं घृतं पयोऽयं स वामश्विना भाग आ गतम्।
माध्वी धर्तारा विदथस्य सत्पती तप्तं घर्मं पिबतं रोचने दिवः॥

–अथर्व. 7.73.4

अथर्वा ऋषि प्राण से उत्पन्न होती है। इसका छन्द जगती और देवता अश्विनौ होने से प्राणापान सक्रिय होकर अग्नि परमाणु को अन्य कण के द्वारा अवशोषित होने में सहयोग मिलता है। इसके अन्य प्रभाव से यज्ञ के धारक प्राणापान किंवा वायुविद्युत् अग्नि किरणों में विद्यमान विभिन्न प्राणादि पदार्थ उस संगतीकरण प्रक्रिया में प्रकाश और तेज से युक्त होकर अन्य कण के वायुविद्युत् से संयोग करते हैं। इसके ही **'ब्रह्मातिथि काण्व'** ऋषि अर्थात् सूत्रात्मा वायु से उत्पन्न प्राणापान में विचरण करने वाले एक सूक्ष्म प्राण विशेष से

अस्य पिबतमश्विना युवं मदस्य चारुणः।
मध्वो रातस्य धिष्ण्या॥ (ऋ.8.5.14)

की उत्पत्ति होती है। इसका देवता अश्विनौ और छन्द निचृद्गायत्री होने से वे प्राणापान किंवा अग्निवायू किञ्चित् भेदक शक्तिसम्पन्न होकर पूर्वोक्त संयोग को और दृढ़ करते हैं। इसके अन्य प्रभाव से वायुविद्युत् तीक्ष्ण होकर संयोज्य कणों से उत्सर्जित प्राणों को अवशोषित कर लेते हैं, जिससे ये दोनों छन्द रश्मियाँ मिलकर उपर्युक्त दोनों कणों के संयुक्त रूप को आवृत करके मानो उनके द्वारपाल के रूप में काम करती हैं और दूसरा विज्ञान यह है कि उपर्युक्त छन्द रश्मियों द्वारा जो दोनों

कणों का संयोग होता है, वह तत्काल ही वियोग में बदल जाता है और कणों के वियुक्त होते समय पूर्वोक्त **"अग्ने वीहि"** छन्द रश्मि उत्पन्न होकर उत्तर वा दक्षिण दिशा से दोनों कणों को पृथक्–2 करती है। इस प्रकार इनका संयोग और वियोग उन कणों के उत्तरी वा दक्षिणी ध्रुवों से ही होता है। उत्तरी दिशा से कण किसी अन्य कण का वरण करके उसके साथ संधि करते हैं। इस प्रकार संयोग वियोग इन दोनों ही दिशाओं से सम्पन्न हो सकता है।

कोई फोटोन इलेक्ट्रॉन पर गिरता है, तो वह इलेक्ट्रॉन के उत्तरी वा दक्षिणी भाग से ही प्रविष्ट होता है और जब वह वापिस इलेक्ट्रॉन से उत्सर्जित होता है, तो वह उसी दिशा से उत्सर्जित होता है। दिशा का यह नियम उपर्युक्त प्रथम छन्द रश्मि के कारण होता है। शेष दोनों रश्मियां फोटोन को इलेक्ट्रॉन के द्वारा पूर्ण रूप से अवशोषित करने में काम आती हैं, जिससे फोटोन की ऊर्जा इलेक्ट्रॉन, जो स्वयं सूक्ष्म कणों का समूह होता है, में व्याप्त हो जाती है और जब इलेक्ट्रॉन से वह फोटोन वापिस उत्सर्जित होता है, तो इन्हीं दो छन्द रश्मियों के प्रभाव से वह ऊर्जा एकत्र होकर प्रथम रश्मि के सहयोग से इलेक्ट्रॉन की उसी दिशा से घनीभूत रूप में बाहर उत्सर्जित हो जाती है।][4]



संयोग–वियोग की उपर्युक्त प्रक्रिया में आवरण पूर्ण नष्ट कभी नहीं होता बल्कि वह कण की आयु भर तक उसके साथ ही विद्यमान रहता है। पुनरपि वह आवरण क्षीण अवश्य हो जाता है, जैसे मानो इन कणों के चारों और दो आवरण विद्यमान रहते हों, जिनमें से एक आवरण किसी कण की गति और तेज आदि की तीव्रता सुनिश्चित करता है और दूसरा अतिसूक्ष्म आवरण ऊपरी आवरण को गृहीत वा विसर्जित करने में विशेष भूमिका निभाता हुआ किसी भी कण की विशिष्टता को संरक्षिति रखता है। यदि यह आवरण भी संयोग के समय समाप्त हो जाता, तो विभिन्न कणों के वियोग के समय पूर्व कण कभी प्रकट नहीं हो सकते थे। ध्यातव्य है कि

कणों के वियोग के समय सूक्ष्म वाला आवरण क्षीण हुए आवरण को पुनः उत्पन्न करके कण के साथ बाहर आता है, जिससे उस कण का पूर्ववत् तेज, बल, गति प्रकट हो जाते हैं।

आधुनिक विज्ञान का मत



If a photon hits an atom and the energy of the photon is the same as the gap between two electron energy levels in the atom, then the electron in the lower energy level can absorb the photon and jump up to the higher energy level. If the photon energy does not correspond to the difference between two energy levels then the photon will not be absorbed.As the electrons in the atoms fall back down, they emit electromagnetic radiation (light).[8]

उपसंहार

श्री आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक ने अपने भाष्य में इन अति सूक्ष्म प्रक्रियाओं का गम्भीर विज्ञान उदघाटित किया है, जिसके बारें में वर्तमान वैज्ञानिक अनभिज्ञ है। इस प्रकार सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में जहाँ भी ऊर्जा के अवशोषण एवं उत्सर्जन की क्रिया होती है, वहाँ वैदिक छन्द रश्मियां अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे स्पष्ट है कि वर्तमान भौतिकी अभी तक फॉटोन की संरचना तथा इलेक्ट्रॉन एवं फॉटोन के मध्य होने वाली अन्योन्य क्रिया को गहराई से समझने में असमर्थ बना हुआ है। ऐसी स्थिति में उसे वैदिक विज्ञान का सहयोग लेने का प्रयास करना चाहिए। इस दिशा में **वेदविज्ञान-आलोकः** नामक ग्रन्थ उनके लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकता है।

संदर्भ-

1. 2.10.3 वेदविज्ञान-आलोकः (ऐतरेय ब्राह्मण की वैज्ञानिक व्याख्या), आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक, श्री वैदिक स्वस्ति पन्था न्यास, 2018
2. 1.21.3 वेदविज्ञान-आलोकः (ऐतरेय ब्राह्मण की वैज्ञानिक व्याख्या), आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक, श्री वैदिक स्वस्ति पन्था न्यास, 2018
3; 1.22.1 वेदविज्ञान-आलोकः (ऐतरेय ब्राह्मण की वैज्ञानिक व्याख्या), आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक, श्री वैदिक स्वस्ति पन्था न्यास, 2018

4. 1.22.3 वेदविज्ञान-आलोकः (ऐतरेय ब्राह्मण की वैज्ञानिक व्याख्या), आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक, श्री वैदिक स्वस्ति पन्था न्यास, 2018
5. Physics (Halliday.Resnick.Krane) Vol - 2, Pg. No. 1016
6. Physics (Halliday.Resnick.Krane) Vol - 2, Pg. No. 1020
7. Wikipedia
8. https://www.siyavula.com/read/science/grade-12/optical-phenomena-and-properties-of-matter/12-opticalphenomena-and-properties-of-matter-03
9. Physics (Halliday.Resnick.Krane) Vol 2, Pg. No. 1020

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (50-56) January-June 2019 ISSN 2277-4351

ऋग्वेद में अग्नि का वैज्ञानिक स्वरूप

डॉ. भगवान दास जोशी

विज्ञान की अवधारणायें समय-समय पर परिवर्तित होती रहती हैं, परन्तु वैदिक विज्ञान की स्थापनाएँ अविकल रूप में आज भी यथावत् विद्यमान हैं। आज का विज्ञान कुछ दिन पूर्व तक यह मानता था कि यह संसार अनेक तत्त्वों के समूह से बना है, परन्तु विकास के क्रम में अब उसने जिस धरातल का स्पर्श किया है, उस स्थान पर खड़ा होकर वह यह मानने लगा है कि इस संसार का मूल तत्व एक है और वह है-ऊर्जा।

सृष्टि के मूल में निहित इस तत्त्व को यजुर्वेद का ऋषि पुरुष रूप में निरूपित करता है।[1] वेदों की व्याख्या करते हुए एतेरेय ब्राह्मण कहता है कि- 'अग्निः सर्वा देवताः'।[2] मैत्रायणी और काठक संहिताओं के द्वारा भी उक्त कथन की पुष्टि हो जाती है।[3] आचार्य दुर्ग 'दैवत' का स्वरूप विवेचन करते हुए कहते हैं कि 'देवतास्मिन्देवतेति दैवतः'[4] कि सभी देवता जिसमे ं विद्यमान हैं, ऐसा देवता 'दैवत' कहलाता है। दुर्ग के अनुसार इस प्रकार का देवता अग्नि है, क्योंकि यह सभी देवताओं का पूज्य है। इसलिये सभी देवताओं में अग्नि सबसे बड़े भाग का अधिकारी है और 'अपरिग्रहं च श्रेष्ठगामि'[5] इस न्याय के अनुसार जिस वस्तु का कोई स्वामी नहीं होता, उसका स्वामी वह होता है, जो उपलब्ध व्यक्तियों में सर्वश्रेष्ठ होता है, अग्नि सम्पूर्ण देवताओं में श्रेष्ठ है, अतः अस्पष्ट लिङ्ग वाले मन्त्रों का देवता अग्नि होता है अर्थात् ऐसे मन्त्र आग्नेय कहलाते हैं, यह आचार्य दुर्ग का विचार है।[6] आचार्य दुर्ग की उपर्युक्त व्याख्या निस्सन्देह समीचीन है। जो देवता आकाश से लेकर पाताल तक सर्वत्र विद्यमान है, उसके सम्बन्ध में 'अग्निर्वै सर्वा देवताः' कथन कैसे

---

1. यजु. 31.2. पुरुष एवेदं सर्वम्।
2. ऐ.ब्रा. 2.3
3. मै. सं. 2.1.4 2.3.1. काठ. सं. 10.1
4. दुर्ग, निरुक्तवृत्ति, पृ. 629
5. दुर्ग, निरुक्तवृत्ति, पृ. 629
6. दुर्ग, निरुक्तवृत्ति, पृ., 629

अनुचित माना जा सकता है। तैत्तिरीय ब्राह्मण स्पष्ट रूप से कहता है:- 'ते देवा अग्नौ तनूः सन्यदधत। तस्मादाहुरग्नि सर्वा देवता इति'[1] कि उन देवताओं ने अपने शरीर को अग्नि में स्थापित कर दिया, इस कारण यह कहा जाता है कि अग्नि में ही सम्पूर्ण देवता स्थित हैं।

खगोलविज्ञान के रहस्य को उद्घाटित करते हुए ऋग्वेद के मेध्य काण्व ऋषि कहते हैं-

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः।
एकैवोषाः सर्वमिदं वि भात्येकं वा इदं वि बभूव सर्वम्॥[2]

'एक मात्र अग्नि ही अनेक रूपों में ऊर्जा का संचार कर रहा है, एक सूर्य ही समस्त संसार में अनेक रूपों में उत्पन्न हो रहा है, एक ही उषा सर्वत्र दिखायी दे रही है अथवा एक ही है जो समस्त रूपों में उत्पन्न हो रहा है।'

If Yoga Asans are practised regularly individual he will defiantly feel less anxious and more relived in his day to day life. Malathi and Damodaran(1999). Found a significant reduction in anxiety after treatment of yoga. Yoga is also a tool that can be learned and clients can use on their own outside of therapy to cope with stress and anxiety (Novotney, 2009). A review done on yoga's effectiveness of depression and anxiety with older adults (60 years and above) determined yoga to be an intervention that may counteract negative effects of aging; improve physical functioning; stimulate the mind; increase hope; and reduce the risk of anxiety and depression (Klainin-Yobas et al., 2015). One study of Siddha Samadhi yoga that encouraged daily practice found that there was a significant reduction in scores on depression and anxiety scales, as well as a significant increase in individuals' overall wellbeing (Kozasa et al., 2008). Furthermore, with a regular practice of yoga,individuals can create powerful changes within themselves that aid them in leading rich and fulfilling lives.

Reference :

American Psychiatric Association (2013). Diagnostic and Statistical Manual of Mental Disorders (Fifth ed.). Arlington, VA: American Psychiatric Publishing. p. 189. ISBN 978-0-89042-555-8.

Anxiety and Depression Association of America. (2010-2016). Depression: Understand the facts. Retrieved from https://www.adaa.org/understanding-anxiety/depression.

Barker P (2003). Psychiatric and Mental Health Nursing: The Craft of Caring. London: Edward Arnold. ISBN 978-0-340-81026-2.

Bouras N, Holt G (2007). Psychiatric and Behavioural Disorders in Intellectual and Developmental Disabilities (2nd ed.). Cambridge University Press.

Chang, D. G., Holt, J. A., Sklar, M., & Groessl, E. J. (2016). Yoga as a treatment for chronic lowback pain: A systematic review of the literature. *Journal of Orthopedic Rheumatology, 3*(1), 1-8.

Chopra, S., & Lotvin, A. (2011). *Live better, live longer.* New York, NY: St. Martin's Press.

Cramer, H., Ward, L., Steel, A., Lauche, R., Dobos, G., & Zhang, Y (2016). Prevalence, patterns,and predictors of yoga use: Results of a U.S. nationally representative survey. *American Journal of Preventative Medicine, 50* (2), 230-235.

https://doi.org/10.1016/j.amepre.2015.07.037

Davison G.C. (2008). Abnormal Psychology. Toronto : Veronica Visentin. p. 154. ISBN 978-0-470-84072-6.

Desveaux, L., Lee, A., Goldstein, R., & Brooks, D. (2015). Yoga in the management of chronic disease: A systematic review and meta-analysis. *Medical Care, 53*(7), 653-661.

https://doi.org/10.1097/MLR.0000000000000372

"Depression Hotline Call Our Free, 24 Hour Depression Helpline". Psych Guides.com. Retrieved 2018.

Farach, F. J., Pruitt, L. D., Jun, J. J., Jerud, A. B., Zoellner, L. A., & Roy-Byrne, P. P. (2012).

Pharmacological treatment of anxiety disorders : Current treatments and future directions.

Journal of Anxiety Disorders, *26*(8), 833-843.

https://doi.org/10.1016/j.janxdis.2012.07.009

Farah M S &Asgarpour M. (2017). Yoga and Mental Health: A Review, *Journal of Physiotherapy & Physical Rehabilitation.2,(*1) DOI: 10.4172/2573-0312.1000132

Harvard Mental Health Letter.(2009).Yoga for anxiety and depression. Harvard Health Publications, Harvard Medical School. Retrieved from

http://www.health.harvard.edu/mind-and-mood/yoga-for-anxiety-and-depression

Horovitz, E., &Elgelid, S. (2015). *Yoga therapy: Theory and practice*. New York, NY : Routledge.

https://www.anxiety.org/treatments anxiety treatment: medication, therapies ,self -help- anxiety. org

Kozasa, E. H., Santos, R. F., Rueda, A. D., Benedito-Silva, A. A., De Ornellas, F. L., & Leite, J.R. (2008). Evaluation of siddha samadhi yoga for anxiety and depression symptoms: A preliminary study. *Psychological Reports, 103*(1), 271-274. doi:10.2466/pr0.103.1.271-274.

Malathi A, Damodaran A.(1999). Stress due to exams in medical students: role of yoga.*Indian J PhysiolPharmacol*43:218û24.

National Institute of Mental Health.(2010). *Anxiety disorders*. Retrieved from

http://www.nimh.nih.gov/health/publications/anxiety-disorders/complete-index.shtml

National Center for Complementary and Integrative Health. (2013). Yoga: In depth. Retrieved from https://nccih.nih.gov/health/yoga/introduction.htm

Novotney, Amy. (2009). Yoga as a practice tool.*November 2009 Monitor on Psychology*,

40(10), pp 38.American Psychological Association. Retrieved September 21, 2015, from http://www.apa.org/monitor/2009/11/yoga.aspx.

Parks KM, Steelman LA (2008) Organizational wellness programs: A meta-analysis. J Occup Health Psychol 13: 58-68.

Powers, M., Becker, E., Gorman, J., Kissen, D., & Smits, J. (2015). Clinical practice review for GAD. Anxiety and Depression Association of America. Retrieved from

https://www.adaa.org/resources-professionals/practice-guidelines-gad

Rynn MA, Brawman-Mintzer O (October 2004). "Generalized anxiety disorder: acute and chronic treatment". CNS Spectrums. **9** (10): 716-23. PMID 15448583.

Saatcioglu F (2013) Regulation of gene expression by yoga, meditation and related practices: A review of recent studies. Asian J Psychiatr 6:74-77.

Sadji, J., & Mills, Paul J., (2013). Effects of yoga interventions on fatigue in cancer patient and survivors: A systematic review of randomized controlled trials. *EXPLORE: The Journal of Science and Healing,* 9(4), pp. 232-243.

Seligmen M.E, Walker .E.F, Rosenhan D.L. (2000). Abnormal psychology (4th ed.). New York: W.W. Norton & Company.

Schumann, D., Anheyer, D., Lauche, R., Dobos, G., Langhorst, J., & Cramer, H. (2016). Effect of yoga in the therapy of irritable bowel syndrome: A systematic review. *Clinical*

Gastroenterology Hepatology, 14 (12), 1720-1731.

https://doi.org/10.1016/j.cgh.2016.04.026

Sharma, M., Lingam, V. C., & Nahar, V. K. (2016). A systematic review of yoga interventions as integrative treatment in breast cancer. *Journal of Cancer Research and Clinical Oncology*, *142*(12), 2523-2540.

Shroff F (2011) Conceptualizing holism in international interdisciplinary critical perspective : Toward a framework for understanding holistic health. Soc Theory Health 9: 244-255.

Smith, Melinda (2008). Anxiety attacks and disorders : Guide to the signs, symptoms, and treatment options. Retrieved March 3, 2009, from Helpguide Web site: *"HelpGuide.org"*.

Smith, Melinda (1987-2008). Anxiety Symptoms, Anxiety Attack Symptoms (Panic Attack Symptoms), Symptoms of Anxiety. Retrieved March 3, 2009, from Anxiety Centre Website: "Anxiety Symptoms and Signs-over 100 listed. Archived from the original on March 7, 2009. Retrieved March 4, 2009.

Smith, Melinda (1987-2008). Anxiety symptoms - Fear of dying. Retrieved March 3, 2009, from Anxiety Centre Website: "Fear of dying

anxiety symptom". Archived from the original on March 5, 2009. Retrieved March 4, 2009.

Streeter CC, Gerbarg PL, Saper RB, Ciraulo DA, Brown RP (2012) Effects of yoga on the autonomic nervous system, gamma-aminobutyric-acid, and allostasis in epilepsy, depression, and post-traumatic stress disorder. Med Hypotheses 78 : 571-579.

Testa A, Giannuzzi R, Sollazzo F, Petrongolo L, Bernardini L,&Daini (2013). "Psychiatric emergencies (part I): psychiatric disorders causing organic symptoms". *European Review for Medical and Pharmacological Sciences. 17 Suppl 1: 55-64.* PMID 23436668.

Vennine.Q(2017). 5 Yoga poses to help alleviate Anxiety. Retrieved from-http://www.mindbodygreen.com/0-16345/5-yoga-poses-to-help-alleviate-anxitey.html

Woodyard, Catherine. (2011). Exploring the therapeutic effects of yoga and its ability to increase quality of life. *International Journal of Yoga,* 4(2), pp 49-54.

World Health Organization (2009). Pharmacological Treatment of Mental Disorders in Primary Health Care (PDF). Geneva. ISBN 978-92-4-154769-7.

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (104-124) January-June 2019 ISSN 2277-4351

वेदों में पुनरुक्ति दोष विषयक पाश्चात्य एवं भारतीय विद्वानों का मत

प्रेम प्रकाश लाल, शोधार्थी (वेद विभाग),
प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री (वेद विभाग)
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वैदिक साहित्य पर अनेक पाश्चात्य विद्वानों की कृतियाँ उपलब्ध हैं जिनमें से कुछ के नाम व उनकी कृतियाँ निम्न हैं-

1. जे. गोण्डा- स्टाइलिस्टिक रिपीटीसन इन द वेद
2. एम.ब्लूमफील्ड- रिलीजन आफ द वेद, द अथर्ववेद, ऋग्वेद रिपीटीसन्स।
3. ए. वर्गेनी- हिम्स आफ द ऋग्वेद।
4. हिलेब्रान्ट- वैदिक मिथ, रिचुअल लिटरेचर
5. ओल्डेनबर्ग- ऋग्वेद नोट्स।
6. पिशेल और गेल्डनर- वेद स्टडीज।
7. मैक्समूलर- हिस्ट्री आफ़ एनसेंट संस्कृत लिटरेचर, सेक्रेड बुक आफ द ईस्ट।
8. एरनाल्ड- वैदिक मीटर

इनके अतिरिक्त अनेक विद्वान हुए हैं, जैसे- कोल ब्रुक, प्रो. बर्नूफ, एडोल्फ रोठ ह्विटनी, एन.एन.ला, फ्रीडिश रोजेन, थिओडोर आउफ्रेख्त, एच.एच. विल्सन, एच० ग्रासमैन, ए. लुडविग, प्रो. ग्रिफिथ, एस. ए. लांग्ल्वा, गेल्डनर और केगी, मैक्डानल, थामस, पीटर्सन, प्रो. हाउग, प्रो. लिन्डनर, डा. कीथ, स्टेन्त्सलर, वेवर, डब्ल्यू. कैलेंड, जे. इग्लिग, एव.वी. श्नेडर, विन्टरनित्स, गार्वे, क्नाउएर, स्टेवेन्सन, वेन्फे, ए.सी.वर्नेल, एच. एर्टल, प्रो. स्टेनकोनो, डी. गास्ट्रा, लानमैन, जे.वाकरनागेल, लूई रेनू, एलिजारेन कोवा, शेपटेलोविल्स, एच. त्सिम्मेर, ग्रिसवोल्ड, फार्कुहर, क्लेटन, याकोवी, गोल्डस्टूकर आदि।

वेदों में पुनरुक्तियों के सम्बन्ध में मुख्य रूप से एम.ब्लूमफील्ड और जे. गोण्डा ने विवेचना की है। जे.गोण्डा ने तो पुनरुक्तियों को शैलीगत बताया है, परन्तु एम. ब्लूमफील्ड ने इस विषय में बहुत ही विस्तार से विवेचना करते हुए अनेकानेक आक्षेप आरोपित किये हैं। ब्लूमफील्ड कृत विवेचना इतनी विस्तृत है कि अन्य सब पाश्चात्य विद्वानों द्वारा फुटकर आक्षेप ब्लूमफील्ड कृत ग्रन्थ "Rig- Veda Repetiations" के अन्तर्गत समाहित हो गए हैं। अत: अन्य विद्वानों के विषय में चर्चा न करके ब्लूमफील्ड कृत इस ग्रन्थ में आक्षेपित बिन्दुओं पर ही चर्चा करना पर्याप्त होगा। इसके बाद जे.गोण्डा कृत "Stylistic Repetitions in the Veda" के बिन्दुओं पर विचार करेंगे।

एम.ब्लूमफील्ड कृत- Rig-Veda Repititions ब्लूमफील्ड ने अपने इस ग्रन्थ को तीन भागों में विभक्त किया है, जिसका विवरण संक्षेप में निम्न प्रकार है-

भाग 1- यह ग्रन्थ का मुख्य भाग है, जिसमें पुनरुक्तियों को ऋग्वेद के क्रमानुसार, कात्यायन सर्वानुक्रमणी में अंकित ऋषि और देवता के अनुसार लिया गया है। प्रत्येक पुनरुक्तियों की व्याख्या, उनका गुणदोष विवेचना तथा सापेक्ष कालक्रम भी ब्लूमफील्ड ने दर्शाया है।

भाग- 2 इस भाग में व्याख्या और विश्लेषण है, जो पाँच भागों में बंटा है- चैप्टर-1 इस अध्याय में पुनरुक्तियों की 10 श्रेणियाँ बनायी गयी है। चैप्टर-2 इस अध्याय में मन्त्रांशों में शब्दों/ अक्षरों को जोड़कर या कम करके छन्द परिवर्तन को बताया है।

चैप्टर-3 पुनरुक्तपादों में शाब्दिक और व्याकरणीय परिवर्तन को दिखाया गया है।

चैप्टर-4 इसमें विषय/ भाव की पुनरुक्तियों को दिखाया है।

चैप्टर-5 कालक्रम के सापेक्ष पुनरुक्तियों को बताया गया है।

भाग-3 इस भाग में तीन परिशिष्ट निम्न प्रकार हैं-

परिशिष्ट-1 मूर्छनाओ (आरोह-अवरोह) की सूची।

परिशिष्ट-2 एक ही सूक्त में पुनरुक्त मन्त्रांशों की सूची।

परिशिष्ट-3 टेक (Refrain) पंक्तियों की सूची।

ब्लूमफील्ड ने अपने ग्रन्थ की भूमिका में ही निम्न उदाहरण देने हुए बताया है कि कम से कम 25 अष्टाक्षरी पादों के प्रारम्भ में चार अक्षरों को संयुक्त करके द्वादश अक्षरीय पाद बनाकर पुनरुक्ति की गयी है:-

ऋ. 8.40.7 सासह्याम पृतन्यतो।

ऋ. 1.132.1 इन्द्रत्वोताः सासह्याम पृतन्यतो।

निम्न उदाहरण देते हुए ब्लूमफील्ड ने कहा है कि अनेकों बार पादों के प्रारम्भ में ही एक शब्द के स्थान पर अन्य शब्द रख कर पुनरुक्ति की गयी है-

ऋ. 1.102.8 अशत्रुरिन्द्र जनुषा सनादसि।

ऋ. 8.21.13 अनापिरिन्द्र जनुषा सनादसि।

ब्लूमफील्ड ने अपने ग्रन्थ की भूमिका में कहा है कि ऋग्वेद के कवियों ने पादों/ अर्धर्चो/ मन्त्रों को अनेक स्थलों पर अन्य कवियों के कृतियों का अनुकरण किया है और यह अनुकरण जानबूझ कर पूर्ण चेतना में किया गया है, जिससे वेद के विभिन्न भागों की रचना कालक्रम के सापेक्ष ज्ञात करना एक प्रश्न है।

ब्लूमफील्ड के उक्त ग्रन्थ के पृष्ठ-3 पर अंकित आक्षेपों का अंश निम्न प्रकार है-

Repetitions range from hymns (which are made intensionelly in the image of one another as in case some Valkhilya hymns) to mere collocations of two or more consecutive words. Between these two extremes- lie repetitions of some consecutive group of stangas; repetition of single stangas, repetition of three verses or pādas of a stanga; repetition of distiches; and repetition of Verses or pādas. The imitative moment in mere groups of words is, as a rule, faint, accidental and more or less unconscious, because such collocation tend to as some the nature of set phrases. it will be seen that repetition of two or more consecutive words is an established feature of Rigvedic Compositaons in general.

ब्लूमफील्ड का कथन है कि मन्त्रों के समूह मन्त्रों के समह, मन्त्रों, मन्त्रांशों, अर्धर्चो में कुल कम से कम 2400 पाद लगभग 21/2 बार अर्थात् 6000 पाद (लगभग) पुनरुक्त हुए हैं। इस संख्या में उसी सूक्त में पुनरुक्त पाद सम्मिलित नहीं है। इनमें 150 टेक (Refrains) पाद लगभग 1000 वार पुनक्त हैं। इस प्रकार कुल लगभग 8000 पाद पुनरुक्त हैं, जो कि ऋग्वेद का 1/5 वाँ भाग है।

ब्लूमफील्ड के कथनानुसार आंशिक पुनरुक्तियाँ निम्न प्रकार की गयी हैं-

1. एक ही मन्त्र/ मन्त्रांश ठीक उसी प्रकार दो या अधिक स्थानों पर।
2. मन्त्र/ मन्त्रांश को दूसरे स्थनों पर कुछ परिवर्तन करके।
3. मन्त्र/ मन्त्रांश को दूसरे स्थलों पर अन्य दूसरे देवता हेतु।

4. मन्त्र/ मन्त्रांश को अन्य स्थलों पर कुछ परिवर्तन से छन्द परिवर्तन कर।

5. मन्त्र/ मन्त्रांश में कुछ शब्दों को जोड़/ घटाकर त्रिष्टुप् से जगती अथवा जगती से त्रिष्टुप् छन्दों में परिवर्तन करके।

6. मन्त्र/ मन्त्रांश को अन्य प्रसंग में प्रयुक्त करके।

इस सम्बन्ध में ब्लूमफील्ड ने अपने भाव प्रकट किए हैं, उसकी कुछ पंक्तियाँ निम्न प्रकार हैं-

The poets rejoice in the at most freedom in this pespect. They curtail and extend, vary and adapt previously existent verse units to suit their needs and fancies. All these Variations bring with them the opportunity for critical historical study to the Rg-ved text and their interrelatins in the redaction. Especially the question of the relative date of the repeated materials comes to the force constantly when the same metreal unit is found in two or more different forms or different connexion.

विचार शृंखला या घटनाक्रम का रूप- ब्लूमफील्ड का कथन है कि घटना क्रम या विचार शृंखला के प्रस्तुतिकरण में बहुत अधिक पुनरुक्तियाँ की गयी हैं और यह वैदिक कवियों के परम्परा के रूप में पायी जाती है। सूक्त के किसी मन्त्र का अन्तिम पाद अगले मन्त्र के प्रथम पाद में प्रयुक्त किया गया है। इसके अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए गए हैं, जैसे एक उदाहरण निम्न है।

तं मा सं सृज वर्चसा। (ऋ. 1.23.23)

सं माग्ने वर्चसा सृज। (ऋ. 1.23.24)

कुछ उदाहरण ऐसे हैं जिनमें पदों (शब्दों) के क्रम परिवर्तित है-

जैसे-

समग्निरिध्यते वृषा। (ऋ. 3.27.13)

वृषो अग्निः सामेध्यते। (ऋ. 3.27.4)

इसके अतिरिक्त भी ब्लूमफील्ड के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रश्नोत्तर सम्बन्धी ऋचाओं में पुनरुक्तियाँ- इसके उदाहरण निम्न हैं-

कथं रसाया अतरः पयांसि। (ऋ. 10.108.1)

तथा रसाया अतरं पयांसि। (ऋ. 10.108.2)

इसके अतिरिक्त ब्लूमफील्ड ने ऋ. 6.27.1- 6.27.2 और ऋ. 5.44.14- 5. 44.15 को उद्धृत करके हुए कहा है कि पुनरुक्ति की यह शैली लोकगीत (ballad)

के अनुसार है।

किमस्य मदे किम्वस्य पीताबिन्द्रः किमस्य सख्ये चकार।
रणा वा ये निषदिकिं ते अस्य पुरा विविद्रे किमु नूतनासः॥

(ऋ. 6.27.1)

सदस्य मदे सद्वस्य पीताविन्द्रः सदस्य सख्ये चकार।
रणा वा ये निषदि सत्ते अस्य पुरा विविद्रे सदु नूतनासः॥

(ऋ. 6.27.2)

ब्लूमफील्ड का कथन है कि वैदिक साहित्य में बहुतायत अन्त में निम्न पदों/ पादों से पुनरुक्ति की गयी है–

भूतम् च, भव्यम् च, प्रदीवो दिशश्च, इन्द्रश्च अग्निश्च तन्वा तना च।

ब्लूमफील्ड ने कहा है कि मन्त्रों/ मन्त्रांशों में एकरूपता लाने के लिए निम्न मन्त्रांशों की पुनरुक्ति की गयी है–

एको विश्वस्य भुवनस्य राजा। (ऋ. 3.36.2 और ऋ. 6.36.4)

तेन विश्वस्य भुवनस्य राजा। (ऋ. 5.85.3)

सोमो विश्वस्य भुवनस्य राजा। (ऋ. 9.97.56)

अस्य विश्वस्य भुवनस्य राजा। (ऋ. 10.168.2)

इसी प्रकार ऋग्वेद में **"वरुणो मित्रो अर्यमा"** की 11 बार **"मित्रस्य वरुणस्य धाम"** की 4 बार, **"विश्वानि वार्या"** की 8 बार पुनरुक्ति हुयी है, इसके अतिरिक्त निम्न पादों की पुनरुक्ति उनके सम्मुख अंकित मन्त्रों में की गयी है–

ऋ. 5.63.3, 5.63.7, 10.177.1, अथर्ववेद 6.72.1– असुरस्य मायया।

ऋ. 2.39.3, 10.10.7–8, 10.89.2, 10.117.5– रथ्येव चक्रा।

ऋ. 1.73.8, 1.136.7– मघवानो वयं च।

ऋ. 1.29.5, 10.85.30, 10.135.2, अर्थव. 7.56.6 पापयामुया।

ब्लूमफील्ड ने कुछ निकटवर्ती सूक्तों का सन्दर्भ देते हुए बताया है कि उन सूक्तों पदों/ पादों में एकरूपता/ समान्तरता पायी जाती है, जैसे–

ऋ. 9.31.1, 9.32.1 और 9.33.1 **'प्र सोमासः'** से प्रारम्भ होते हैं

अभि गावो अनूषत। (ऋ. 9.32.5)

अभि ब्रह्मीरनूषत। (ऋ. 9.33.5)

उपरोक्त दोनों मन्त्रांशों में सादृश्यता है, कुछ अन्य उदाहरण निम्न हैं-

प्रास्य धारा अक्षरन्। (ऋ. 9.29.1)

प्र धारा अस्य शुष्मिणो वृथा पवित्रे अक्षरन्। (ऋ. 9.30.1)

आशुं दध्रिकां तमु नु ष्टवाय दिवस्पृथिव्या उत चर्किराम।
उच्छन्तीर्मामुषसः सूदयन्त्वति विश्वानि दुरितानि पर्षन्।।

(ऋ. 4.39.1)

दधिक्रावण इदु नु चर्किराम विश्वा इन्मामुषसः सूदयन्तु।

(ऋ. 4.40.1)

ब्लूमफील्ड का कथन है कि कुछ मन्त्रों के जोड़े ऐसे हैं, जो विभिन्न स्थलों पर बिखरे हुए, परन्तु पुनरुक्त हैं। मूल मन्त्र पुनरुक्त नहीं है परन्तु बाद के कवियों ने उनको पुनरुक्त किया है, जब कि पुनरुक्त मन्त्रों के भाव भी मूलमन्त्रों जैसे ही हैं इसका एक उदाहरण निम्न है-

कस्य नूनं कतमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम।
को नो मह्या अदितये पुनर्दात्पितरं च दृशेयं मातरं च।।

(ऋ. 1.24.1)

कथा देवानां कतमस्य यामनि सुमन्तु नाम शृण्वतां मनामहे।
मो मृळाति कतमो नो मयस्करत्कतम ऊतीअभ्या वर्तति।।

(ऋ. 10.64.1)

इस प्रकार के अन्य उदाहरणों के सन्दर्भ निम्न हैं-

ऋ. 1.114.9: 10.127.8; 1.64.4: 5.54.11; 3.41.7: 7.31.4, 1.114.2: 2. 33.13; 3.62.10: 5.82.1; 1.143.8: 6.8.7, 4.7.8: 4.8.4; 2.11.4, 5: 10.148.2; 7.11.2: 10.70.3 2.18.7: 7.29.2; 8.100.2: 10.83.7; 3.19.2: 10.89.7; 3.17.2: 4.6.3 8.45.4, 5: 8.77.12।

ब्लूमफील्ड का कथन है कि कुछ स्थलों पर समान्तर सूक्तों की रचना कर पुनरुक्ति की गयी है, जिनमें शब्दों की समानता तो नहीं है परन्तु मन्त्रों का भाव एक ही है। मन्त्रों की, छन्दों की और सामान्य भावों की समानता होने से सूक्तों की समानता स्पष्ट होती है। कुछ उदाहरण निम्न हैं-

श्यावाश्वस्य सुन्वतस्तथा शृणु यथाशृणोरत्रेः कर्माणि कृण्वतः।
प्र त्रसदस्युमाविथ त्वमेक इन्नृषाह्य इन्द्र ब्रह्माणि वर्धयन्।।

(ऋ. 8.36.7)

श्यावाश्वस्य रेभतस्था शृणु यथा शृणोरत्रेः कर्माणि कृण्वतः।
प्र त्रसदस्युमाविथ त्वमेक इन्नृषाह्य इन्द्र क्षत्राणि वर्धयन्।।

(ऋ. 8.37.7)

अन्य उदाहरण-

ऋ. 8.36.18, 8.37.2, 4.432.4.44, 10.652 10.66, 10.358,10.36, 10. 432, 10.44, 10.632. 10.64।

धार्मिक कर्मकाण्डीय आप्री सूक्तों में समानता निम्न प्रकार बतायी गयी है-

ऋ. 1.13, 1.142, 1.18; 2.3, 3.4, 5.5, 7.2, 9.5, 10.70, 10.110

ऋ. 3.4.8-11= 7.2.8-11

इस सम्बन्ध में ब्लूमफील्ड का कथन है कि प्रागैतिहासिक काल के रचित आशीर्वाद के मन्त्रों को बाद के ऋषियों ने ग्रहण कर लिया, जिससे रचनाओं की शैली में अधिक अन्तर नहीं है।

ब्लूमफील्ड द्वारा जो मुख्य आक्षेप आरोपित किए गए हैं, वे निम्न प्रकार हैं-

1. ऋग्वेद के मन्त्रों, अर्थर्चों और पादों की पुनरुक्तियाँ अधिकांशतः साहित्यिक और ऐतिहासिक हैं। प्रतीत होता है कि उस समय में हिन्दुओं को साहित्यिक ज्ञान अपूर्ण था। ब्लूमफील्ड ने निन्दक स्वर में कहा है कि पुनरुक्ति करने वाले कवियों ने दूसरे की कृतियों/ विचारों को अपना कह कर अपने पाण्डित्य के दर्भ को प्रदर्शित किया है। ऋग्वेद के कवि अपने पूर्ववर्ती कवियों की कृतियों को अपनाने में स्वतंत्र थे, जिसके कारण पुनरुक्तियाँ हुयी हैं।

2. ब्लूमफील्ड के अनुसार ऋग्वेद के सूक्तों की रचना दो बार हुयी है, एक पूर्व में और दूसरी रचना पूर्ववती रचनाओं में वृद्धि करके, पूर्व विचारों को लेकर और कुछ रचनाओं की पुनरुक्ति या समान्तर रचनाएँ करके। ब्लूमफील्ड ने 'A new song for a right old god' (पुराने देवताओं हेतु नये गीत) कहा है।

3. ब्लूमफील्ड का कथन है कि प्रत्येक पुनरुक्त मन्त्रों/ सूक्तों की परस्पर तुलना कर उनके शब्द विन्यास, योग्यता संदर्भ/ प्रसंग, छन्द, ऋषि, देवता के आधार पर उनके कालक्रम का अनुमान किया जा सकता है। कौन सा मन्त्र/मन्त्रांश सूक्त पूर्व का है और कौन बाद का, इस बात का अनुमान किया जा सकता है।

ब्लूमफील्ड ने अपने ग्रन्थ के भाग-एक में ऋग्वेद के मण्डलवार सभी मण्डलों के पादों, अर्धर्चो, मन्त्रों एवं सूक्तों की हुयी पुनरुक्तियों को दर्शाया है। उनके द्वारा दर्शायी गयी अधिकांश पुनरुक्तियाँ ऐसी हैं जो दो बार या अधिक बार उनके ग्रन्थ में आयी हैं।

ब्लूमफील्ड ने अपने ग्रन्थ भाग-दो, चैप्टर-1 विश्लेषणात्मक और व्याख्यात्मक भाग के अन्तर्गत "पुनरुक्तियों की प्रकृति और उनका वर्गीकरण" शीर्षक को दस भागों में विभक्त कर निम्नरूप में सोदाहरण प्रस्तुत किया है-

1. मन्त्रों के समूहों की पुनरुक्ति।
2. सूक्तों के अन्त में टेक (Refrains) के रूप में प्रयुक्त एकल अपरिवर्तित मन्त्रों की पुनरुक्ति।
3. पूर्ण एकलमन्त्रों (जो टेक न हों) की सूक्तों के किसी भाग में पुनरुक्ति।
4. समानार्थक अनुरूप मन्त्रों में अल्प परिवर्तन के साथ पुनरुक्ति।
5. सदृश मन्त्रों (Similar stanzas) की पुनरुक्ति।
6. बिना परिवर्तन के अर्धर्चों की पुनरुक्ति।
7. परिवर्तन रहित अर्धर्चों की पुनरुक्ति।
8. अतिरिक्त पद/ पादों के संयोग से एकल पादों की पुनरुक्ति।
9. दो या अधिक असम्बद्ध पादों की उसी या आसन्न (Adjacent) सूक्त युग्मों में पुनरुक्ति।
10. मन्त्रों के 4, 3 अथवा 2 पादों का विभिन्न मन्त्रों में पुनरुक्ति। इसके भी निम्न चार भाग किए गए हैं।

1. ऐसे मन्त्र जिनके प्रत्येक चरण अन्य विभिन्न स्थलों पर पुनरुक्त हैं।
2. ऐसे मन्त्र जिनके 3 (तीन) पाद अन्य मन्त्रों में पुनरुक्त हैं।
3. ऐसे मन्त्र जिनका एक अर्धर्च और एक किन्हीं दो अन्य मन्त्रों में पुनरुक्त हैं परन्तु एक पाद अपुनरुक्त हो।
4. ऐसे मन्त्र जिनके दो पाद अन्य दो मन्त्रों में पुनरुक्त हुए हैं।

ब्लूमफील्ड ने अपने उक्त ग्रन्थ के भाग-2, चैप्टर-2 में "पुनरुक्त पादों में वर्णों/ पदों के जोड़ने, घटाने या क्रिया पदों में परिवर्तन से छन्दोगत भेद" के अन्तर्गत छन्दोगत परिवर्तनों का वर्गीकरण निम्न प्रकार दिया है, तथा प्रत्येक का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है-

श्रेणी- 1 विभिन्न प्रकार के त्रिष्टुप् और जगती छन्दों के परस्पर परिवर्तन

इनका भी विभाजन निम्न प्रकार किया गया है-

1. बिना अर्थ परिवर्तन के त्रिष्टुप् और जगती छन्दों के परस्पर परिवर्तन।

2. अल्प शब्दों और अर्थ में परिवर्तन के साथ त्रिष्टुप् और जगती छन्दों के परस्पर परिवर्तन।

3. व्याकरणीय परिवर्तन से त्रिष्टुप् और जगती छन्दों के परस्पर परिवर्तन।

4. अर्थ परिवर्तन से त्रिष्टुप् और जगती छन्दों के परस्पर परिवर्तन।

5. काल क्रम के सापेक्ष त्रिष्टुप् और जगती छन्दों के परस्पर परिवर्तन।

6. त्रिष्टुप् और द्विपदा विराज छन्दों के परस्पर परिवर्तन।

श्रेणी 2 द्विपादीय और त्रिपादीय छन्दों के परस्पर परिवर्तन-

इसका विभाजन निम्न प्रकार किया गया है-

1. कृत्रिम जगती या त्रिष्टुप् छन्द।
2. बिमद सूक्त के पाद जो बिना द्विपादी टेक के प्रयुक्त हैं।
3. अन्य टेक पाद जो बिना द्विपादी टेक के प्रयुक्त हैं।
4. पादों से जुड़े हुए द्विपाद जो टेक नहीं हैं।
5. अष्टवर्णीय पादों का सामान्य रूप से त्रिष्टुप् और जगती में विस्तार।
6. अष्टवर्णीय पादों का जगती में विस्तार।
7. अष्टवर्णीय पादों का आकस्मिक परिवर्तन से जगती में विस्तार।
8. अष्टवर्णीय पादों का त्रिष्टुप् में विस्तार।
9. अष्टवर्णीय त्रुटिपूर्ण छन्दों का सामान्य जगती और त्रिष्टुप का पारस्परिक परिर्वतन।
10. अष्टवर्णीय पादों में चार अक्षरों का उपसर्ग रूप में प्रयोग।
11. उपसर्गों के समावेश से विस्तार।

भाग-2, चैप्टर-3- पुनरुक्त पादों के क्रिया पदों में परिर्वतनः शाब्दिक और व्याकरणीय

ब्लूमफील्ड ने मन्त्रों/ मन्त्रांशों के क्रिया पदों में शाब्दिक और व्याकरणीय परिवर्तन कर पुनरुक्ति होना कहा है और इसे दो श्रेणियों में विभक्त किया है, जो निम्न प्रकार हैं-

श्रेणी-1 पुनरुक्त पादों में शाब्दिक परिवर्तन- उदाहरण देते हुए इसके भी निम्न विभाग हैं-

1. एक ही या समान शब्दों में परिवर्तन से निर्मित पाद।

2. बिना छन्द परिवर्तन के पर्यायवाची शब्दों में परस्पर परिवर्तन से निर्मित पर्यायवाची पाद।

3. छन्दों में परिवर्तन कर पर्यायवाची शब्दों में परस्पर परिवर्तन से निर्मित पर्यायवाची पाद।

4. युक्त किए गए या हटाये गए शब्दों से निर्मित पर्यायवाची पाद।

5. देवताओं/ व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के परिवर्तन से निर्मित पर्यायवाची पाद।

6. छन्दों के परिवर्तन/ बिना परिवर्तन से निर्मित अपर्यायवाची पाद।

श्रेणी-2. पुनरुक्त पादों में व्याकरणीय परिवर्तन-

ब्लूमफील्ड के अनुसार व्याकरणीय परिवर्तन में मुख्य क्रिया, क्रिया विशेषण, संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण वाले शब्दों को अनेक रूपों में परिवर्तित कर मन्त्रों/ मन्त्रांशों में प्रयोग किया गया है। ब्लूमफील्ड ने इस श्रेणी को सोदाहरण ग्यारह (11) भागों में निम्नानुसार विभक्त किया है-

1. क्रिया पदों में ऐच्छिक और छन्दोगत परिवर्तन।

2. द्वितीय और तृतीय पुरुष में परिवर्तन।

3. प्रथम और अन्य पुरुष में परिवर्तन।

4. मुख्य क्रिया और क्रिया विशेषण में परिवर्तन।

5. मुख्य क्रिया और क्रिया विशेषण अथवा जीरन्ड (gerund) या उनके तुल्य शब्दों में परिवर्तन।

6. क्रिया पदों में मिश्रित एवं जटिल परिवर्तन।

7. सम्बोधन के नामों (Vocatives) इत्यादि में परिवर्तन।

8. कर्ता और कर्मकारक विभक्तियों में परिवर्तन।

9. परिवर्तन के अन्य प्रकरण।

10. संख्या और लिङ्ग में परिवर्तन।

11. सर्वनाम पदों का परिवर्तन।

भाग-2, चैप्टर-4 The Themes of the Repetitions अर्थात् पुनरुक्तियों के भाव/ प्रसंग/ विषय- ब्लूमफील्ड का कथन है कि वेदों में पुनरुक्तियों की मात्रा बहुतायत में हैं। इन्द्र के सम्बन्ध में लगभग 250 पुनरुक्तियां हैं, और इतने ही

लगभग अग्नि और सोम के भी हैं। देवताओं और देवता विशेष के सम्बन्ध में उपमाओं व अन्य अलंकारों व वर्णन शैलियों की पुनरुक्ति वेदों में अत्यधिक है। विभिन्न वर्गीकरण के अन्तर्गत ब्लूमफील्ड ने कई विभाग करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके द्वारा किए गए विभाग निम्न प्रकार हैं–

1. एक ही पाद/ पंक्ति/ अर्धर्च का विभिन्न प्रसंगों में प्रयोग।

2. प्रचलित पद/ पादों का विभिन्न प्रसंगों (भावों) में ग्रहण।

3. वेद मन्त्रों में भिन्न परिस्थितियों में अलंकारों का ग्रहण।

14. ब्रह्माण्डीय कार्यों हेतु देवताओं से सम्बन्धित पुनरुक्तमन्त्र (Henotheism) इसके निम्न विभाग हैं–

1. ब्रह्माण्डीय कार्यों हेतु मन्त्रों की सूची।

2. ब्रह्माण्डीय क्रियाओं से सम्बन्धित सूर्य, स्वर्ग और प्रकाश।

3. विभिन्न देवताओं का विश्व या उसके भाग पर और उसके प्राणियों तथा नियमों का नियन्त्रण।

5. अन्य प्रकार की पुनरुक्तियाँ इसके अन्तर्गत निम्न प्रकार की पुनरुक्तियों का उल्लेख है–

1. देवताओं के प्रति श्रद्धा और सेवा भाव।
2. ईश्वरीय प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में देवता।
3. श्रद्धा रूप में अर्पण हेतु बर्हि।
4. देवताओं हेतु प्रार्थनाएँ और मन्त्र।
5. सोम अर्पण और अन्य।
6. पाप निवारक/ प्रायश्चित मन्त्रों की पुनरुक्ति।
7. देवताओं के अनुग्रह एवं उपस्थिति हेतु प्रतिस्पर्धी/ विरोधी मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।
8. शत्रुओं और दुर्भाग्य से देवताओं द्वारा रक्षां
9. कपट, शत्रुता और दुर्भाग्य के विरुद्ध मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।
10. शत्रुओं के विनाश सम्बन्धी मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।
11. दीर्घजीवन, सन्तान, समृद्धि और उदार संरक्षता हेतु प्रार्थना के मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।

12. पुत्रों और सेवकों हेतु मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।
13. आशीर्वाद के मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।
14. धन, विशेषतया पशु और घोड़े सम्बन्धी मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।
15. स्थायी ख्याति सम्बन्धी पुनरुक्तियाँ।
16. उदार संरक्षता के मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।
17. अलंकारों और विधियों की पुनरुक्ति।
18. अन्य उपमाओं की पुनरुक्ति।
19. परम्परागत नियमों के अन्तर्गत विभिन्न पादों/ मन्त्रांशों की पुनरुक्ति।

6. देवताओं से सम्बन्धित पुनरुक्तियाँ- ब्लूमफील्ड का कथन है कि ऋग्वेद में समान या लगभग समान पादों, अर्धर्चों या मन्त्रों का प्रयोग दो या अधिक बार एक ही देवता के लिए किया गया है और दूसरी तरफ उन्हीं का प्रयोग अन्य देवताओं के लिए भी किया गया है। इन पुनरुक्तियों को ब्लूमफील्ड ने निम्न तीन भागों में विभक्त किया है-

1. एक ही देवता अथवा देव समूह से सम्बन्धित पुनरुक्तियाँ।
2. दो भिन्न देवताओं अथवा उनके समूह से सम्बन्धित पुनरुक्तियाँ।
3. दो से अधिक देवताओं से सम्बन्धित पुनरुक्तियाँ।

ब्लूमफील्ड का कथन है कौन सा मन्त्र/ मन्त्रांश का प्रयोग प्रथम हुआ है और कौन बाद में, इसका उत्तर स्पष्ट नहीं होता है/ उपरोक्तं तीनों समूहों से सम्बन्धित देवताओं और उनके कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न है-

1. एक ही देवता अथवा देव समूह से सम्बन्धित पुनरुक्तियाँ

अग्नि 1. अग्नि का जलना, चमकना और उसका व्याप्ति रूप।
2. मनुष्यों और देवताओं के बीच मध्यस्थ और सन्देश वाहक रूप में।
3. होता के रूप में।
4. ऋत्विज के रूप में।
5. पुरोहित के रूप में।
6. यज्ञ आहुति का धारक और अर्पण प्राप्ति में अग्रणी।
7. पौराणिक और ब्रह्माण्डीय भाव में।
8. मनुष्य का रक्षक और समृद्धि प्रदायक के रूप में।

9. प्रशंसा और आहुति प्राप्त कर्त्ता के रूप में।

इन्द्र 1. वृत्रहन्ता और बन्धक जल के मुक्तकर्ता के रूप में।

2. राक्षसों और दुश्मनों के वधकर्त्ता के रूप में।

3. अन्य दिव्य कर्म।

4. ब्रह्माण्डीय शक्ति और अन्य देवताओं के सम्बन्ध में।

5. युद्धक सामर्थ्य।

6. सोम के मुख्य भोक्ता के रूप में।

7. मनुष्यों के रक्षक और समृद्धि प्रदायक के रूप में।

8. प्रशंसा और आहुति प्राप्त कर्त्ता के रूप में।

सोम 1. धुलाई और सफाई।

2. छानना/ छाँटना।

3. निचोड़ना, प्रवाहित करना और स्वच्छ करना।

4. सोम और उसके अधिमिश्रण।

5. इन्द्र और अन्य देवताओं को सोम का लाभ।

6. मनुष्यों के रक्षक और समृद्धि प्रदायक के रूप मे।

7. दिव्य और अन्य गुण: सोम पूजा।

अश्विनौ 1. अश्विनौ के अद्‌भुत कार्य।

2. मनुष्यों के रक्षक और समृद्धि प्रदायक के रूप में।

3. प्रशंसा और अर्पण प्राप्तकर्ता के रूप में।

उषा

मरुत

आदित्य समूहः मित्र, वरुण, अर्यमा, अदिति।

1. आदित्य की दिव्यता और अन्य श्रेष्ठ गुण।

2. मनुष्यों के रक्षक और समृद्धि प्रदायक के रूप में।

3. सामान्य आदित्य- पूजा/ आराधना।

विश्वेदेवा

सूर्य और सविता (तवस्तर, भग)।

ऋभव, वायु, वृहस्पति, रुद्र, पर्जन्य, विष्णु, सरस्वती, वाच् (वाग्) अहिर्बुध्न्य, द्रधिका, त्राता (सबका रक्षक), देवपत्नयः पितृ, उशिजः, ग्रावा, आप्री, दानस्तुति।

देवताद्वन्द्व- इन्द्र और अग्नि, इन्द्र और वायु, इन्द्र और वरुण, इन्द्र और विष्णु, इन्द्र और बृहस्पति/ ब्रह्मणस्पति, द्यावा-पृथिवी/द्यावा -भूमि, पृथिवी और अन्तरिक्ष।

2. दो भिन्न देवताओं अथवा उनके समूह से सम्बन्धित पुनरुक्तियाँ अग्नि और इन्द्र, अग्नि और सोम, अग्नि और वृहस्पति (ब्रह्मणस्पति), अग्नि और वायु, अग्नि और अश्विनौ, अग्नि और सूर्य/ सविता, अग्नि और त्वष्टा, अग्नि और विष्णु, अग्नि और पूषा, अग्नि और उषा, अग्नि और वरुण, अग्नि और यम, अग्नि और अपान्नपात्, अग्नि और मन्यु, अग्नि और सरस्वती, अग्नि और रात्रि, अग्नि और विश्वेदेवा, अग्नि और देवता द्वन्द्व (इन्द्राग्नी, सोमारुद्रौ, मित्रावरुणौ) इन्द्र और सोम, इन्द्र और मरुतगण, इन्द्र और अश्विनौ, इन्द्र और वायु, इन्द्र और रुद्र, इन्द्र और बृहस्पति/ ब्रह्मणस्पति, इन्द्र और पर्जन्य, इन्द्र और सूर्य/सविता, इन्द्र और त्वष्टा, इन्द्र और विष्णु, इन्द्र और पूषा, इन्द्र और उषा; इन्द्र और वरुण, इन्द्र और वेन, इन्द्र और मन्यु, इन्द्र और सरस्वती, इन्द्र और अप्वा, इन्द्र और रोदसी, इन्द्र और विश्वेदेवा, इन्द्र और मित्रावरुणौ, इन्द्र और इन्द्रावरुणौ, इन्द्राग्नी, इन्द्रवायू और विविध सम्बन्धों में पुनरुक्तियां सोम के साथ ब्रह्मणस्पति, वेन, सविता, पूषा, उषा, सारस्वन्त, वरुण, सदसस्पति, अनुमती, विश्वेदेवा, अग्निषोमौ, मित्रावरुणौ, विष्णुः, इन्द्रावरुणौ, असमती राजा, नद्यः और इन्द्र सम्बन्धी पुनरुक्तियां।

अश्विनौ के साथ उषा, सूर्य, सरस्वती, आदित्याः, मरुतगण, इन्द्रवायू, इन्द्राग्नी, इन्द्रासोमौ, इन्द्राबृहस्पति, इन्द्र, मित्रावरुणौ, और उषासानक्ता सम्बन्धी पुनरुक्तियां।

आदित्यगण के साथ दम्पत्योरशिषः, वायुः मरुत, विश्वेदेवा, ग्रावाण, अग्नि, वरुण के साथ सोमारुद्रौ, सोम, इन्द्र, द्यावापृथिवी, दुःस्वप्नघ्न, विश्वावसु, विश्वेदेवा और इन्द्र मित्र और वरुण के साथ अग्नि, इन्द्र, विश्वेदेवा, अबोषधिसूर्या, इन्द्रावरुणौ, इन्द्राग्नी, पवमान सोम और इन्द्रावृहस्पति, मरुत के साथ अग्नि, इन्द्र, अश्विनौ, आदित्यगण, विश्वेदेवा, ऋभव, ब्रह्मणस्पति, वायु, इन्द्रावरुणौ, इन्द्राबृहस्पति, सोम और बृबुस्तक्षा।

उषा के साथ अग्नि, इन्द्र, सोम, अश्विनौ, सूर्य/सविता, सरस्वती, वाग्, विश्वेदेवा, आप्रिय।

विश्वेदेवा के साथ अग्नि, इन्द्र, सोम, आदित्यगण, मरुतगण, वरुण, पितृ, मित्रावरुणौ और इन्द्रासोमौ।

सूर्य/सविता/त्वष्टा के साथ अग्नि, इन्द्र, अश्विनौ, उषा, पर्जन्य और विश्वेदेवा।

ऋभव के साथ मरुत गण, अर्बुद का द्रवेयसर्प और प्रजावान्प्राजापत्य वायु के साथ इन्द्र, मरुतगण, आदित्यगण, सिन्धु और इन्द्रवायू। बृहस्पति/ ब्रह्मणस्पति के साथ अग्नि, इन्द्र, सोम, मरुतगण, रुद्र, सरस्वती, अपान्नपात्, इन्द्र और अग्नि।

रुद्र के साथ इन्द्र और बृहस्पति।

पर्जन्य के साथ इन्द्र, सूर्य और विश्वकर्मा।

विष्णु के साथ अग्नि, इन्द्र।

पूषा के साथ अग्नि, इन्द्र, सोम और इन्द्राग्नी।

सरस्वती के साथ अग्नि, इन्द्र, सोम, अश्विनौ, उषा, वायु, ब्रह्मणस्पति वाग् के साथ उषा और विश्वकर्मा।

वेन के साथ इन्द्र।

विश्वकर्मा के साथ पर्जन्य और वाग्।

मन्यु के साथ अग्नि और इन्द्र।

पितृ के साथ विश्वेदेवा, इन्द्राग्नी।

ग्रावाण के साथ आदित्य गण, ऋभव और विश्वेदेवा।

इसके अतिरिक्त विभिन्न सम्बन्धों में आप्रीदेवता, विभिन्न सम्बन्धों में दान स्तुति, छोटे और बड़े देवताओं का सम्बन्ध शीर्षकों के अन्तर्गत पुनरुक्तियाँ बतायी गयी हैं। पुनः "देवता द्वन्द्वों का अन्य देवता द्वन्द्वों या बहुदेवताओं से सम्बन्ध विषयक पुनरुक्तियाँ" के अन्तर्गत इन्द्र-अग्नि, इन्द्र-वायु, इन्द्र-वरुण, इन्द्र-बृहस्पति/ ब्रह्मणस्पति, इन्द्र सोम, इन्द्र-विष्णु, इन्द्र-पूषा, इन्द्र-हरी, अग्नि-सोम, अग्नि-पर्जन्य, मित्रा-वरुणा, उषासानक्ता, द्यावापृथिवी, दैव्याहोतारा, ग्रावाण देवता द्वन्द्वों का अन्य देवता द्वन्द्वों के मन्त्रों/ मन्त्रांशों में हुयी पुनरुक्तियों को दर्शाया गया है।

3. **"दो से अधिक देवताओं से सम्बन्धित पुनरुक्तियाँ"** शीर्षक के अन्तर्गत तदनुसार पुनरुक्तियों को दर्शाया गया है।

भाग-2, चैप्टर-5. ब्लूमफील्ड के कथनानुसार ऋग्वेद में पुराने मूल और नवीन दो प्रकार के सूक्त हैं, पुराने सूक्तों की रचना प्रथमतः पुराने ऋषियों ने की है और उन्हीं के आधार पर नवीन ऋषियों ने पदों/ पादों/ अर्धर्चों/ मन्त्रों/ सूक्तों में निम्न प्रकार के परिवर्तन कर नवीन रचना की है-

1. किसी मन्त्र को दो या अधिक स्थानों पर ठीक उसी प्रकार रखना।

2. अल्प परिवर्तन के साथ किसी मन्त्र को अन्य स्थानों पर रखना।

3. विशेषकर अन्य देवताओं के सन्दर्भ में किसी पद/ मन्त्र का अन्य भाव में प्रयुक्त होना।

4. पादों/ मन्त्रों के छन्दों में परिवर्तन कर पुनरुक्ति करना।

5. बड़े छन्दों वाले पादों/ मन्त्रों में परिवर्तन कर छोटे छन्दों वाले पादों/ मन्त्रों में य इसके उलट प्रक्रिया से पुनरुक्ति करना।

6. नए सन्दर्भ में किसी पाद/ मन्त्र की पुनरुक्ति करना।

इनके अनेक उदाहरण ब्लूमफील्ड ने प्रस्तुत किये हैं। इसके अतिरिक्त मण्डलवार अनेक मन्त्रों से पुनरुक्त मन्त्रों की तुलना कर स्तरहीन और कमजोर बताया है। इस हेतु उन्होंने एक लम्बी सूची प्रस्तुत की है।

भाग-3 में तीन परिशिष्ट दिए गए हैं।

पुनरुक्तियों के सम्बन्ध में अन्य पाश्चात्य विद्वान् हालैण्ड निवासी जे.खोंदा (J. Gonda) ने वेदों में पुनरुक्ति को शैलीगत बताया है। जे. खोंदा कृत प्रसिद्ध ग्रन्थ 'Stylistic Repetition in the Veda' में अनेक भाषाओं जैसे- ग्रीक, डच्, फ्रेंच, जर्मन इत्यादि के उद्धरण उन्हीं भाषाओं में अंकित होने के कारण उनके सही तात्पर्य का ज्ञान नहीं हो पाता है, परन्तु आभास होता है कि वैदिक शैली के समर्थन के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने कहीं-कहीं आक्षेप भी किया है। जे. खोंदा ने वेद मन्त्रों के उद्धरण के साथ-साथ अनेक उपनिषदों, ब्राह्मण ग्रन्थों, महाभारत, गीता, बाल्मीकि रामायण तथा अनेक विदेशी ग्रन्थों आदि के भी उद्धरण बहुतायत में दिए हैं। श्री खोंदा ने अन्य भाषाओं की पद्यात्मक शैली से वैदिक मन्त्रों की शैलियों की तुलना की है, तथा वेदमन्त्रों में प्रयुक्त विभिन्न अलंकारों, शब्दों वाक्यों आदि का सूक्ष्म परीक्षण किया है। उनके ग्रन्थ में प्राचीन संस्कृत साहित्य और भारतीय साहित्य के परिप्रेक्ष्य में वेदमन्त्रों की विशेषताओं का उल्लेख किया गया है।

श्री जे. खोंदा कृत उनके ग्रन्थ का सार यह है कि वेदों में प्रयुक्त पुनरुक्तियाँ वेदों की शैलीगत विशिष्टता की द्योतक हैं।

अपने ग्रन्थ की भूमिका में श्री खोंदा ने अन्य पाश्चात्य विद्वानों पिशेल, गेल्डनर और वर्गेनी के सम्बन्ध में लिखा है कि इन्होंने ऋग्वेद को साहित्य का स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं माना है। उसी संदर्भ में श्री काण्डे, भारतीय विद्वान का सन्दर्भ देते हुए लिखा है कि उन्होंने अपने लेख "अलंकार साहित्य के इतिहास की रूप रेखा-outlines of History of Alankāra literature" में लिखा है कि बिना रूपक और उपमा के कोई भाषा आगे नहीं बढ़ सकती और यह असामान्य अलंकार

(Figures of Speech) वैदिक साहित्य में भी उपलब्ध हैं। श्री खोंदा ने वेदों की शैली को दर्शाने हेतु अपने ग्रन्थ को 25 भागों में सोदाहरण प्रस्तुत किया है, जो निम्न प्रकार है–

1. भूमिका।
2. समतुल्य रचनाओं में मूल और पुरातन शैली पर सामान्य अध्ययन।
3. समतुल्य रचनाएँ और समरूप शब्द-समूह।
4. एक ही विचार की वस्तु निष्ठात्मक और निषेधात्मक अभिव्यंजना। (Positive and Negative Expressions)
5. विपर्यास (Chriasmus)
6. वाक्य में एक ही शब्द/ शब्दों की पुनरावृत्ति (anaphora)।
7. एक ही शब्द/ शब्दों का सब पादों में संगत स्थानों पर पुनरुक्ति (Responsio)।
8. अनुप्रास (Alliteration)।
9. तुकान्त और पदान्त में वर्णों की पुनरुक्ति (Rhyme and Homoiotelenlon)।
10. स्वरों की एकता (समानता-Assonance)।
11. श्लेष (paronomasia)
12. शब्दव्युत्पत्ति में अलंकार विधान (Figura Etymologica)।
13. एक ही शब्द का अनेक रूपों में प्रयोग (Polyptoton)।
14. पूर्व प्रचलित (कथित) शब्दों/ वाक्यों की व्याख्यात्मक रूप से पुनरुक्ति (Explieative Conduplication)।
15. विचार-शृंखला/ घटनाक्रम की अनेक पुनरुक्तियाँ।
16. शब्दों का दुहराव- शब्द समूह और वाक्य।
17. पूरक शब्द समूह।
18. शब्दों व विचारों की पुनरुक्ति (Perseveration)।
19. मन्त्र-पदों/ पादों के आकार में वृद्धि (Amplification)।
20. सारूप्यता/ समानता (Identifications)।
21. क्रमागत पदान्तों में शब्दों या उक्तियों की पुनरुक्ति(Epiphora)।

22. निरुक्ति/शब्दव्युत्पत्ति (Etymologies)।

23. गणना (Enumeration)।

24. विशिष्ट व्यक्तिवाचक/निजीनाम (Proper Names)।

25. छोटे वाक्य (Sentence Contraction)।

निम्नांकित विद्वानों ने अपने-अपने लेखों के माध्यम से ठोस तर्क एवं कारण प्रस्तुत करते हुए सिद्ध किया है कि वेदों में पुनरुक्ति दोष नहीं है। इस सम्बन्ध में अन्य अनेक विद्वानों का भी यही मत है।

1. पं. जगदेव सिंह 'सिद्धान्ती' शास्त्री।

2. महामहोपाध्याय स्व. पं. युधिष्ठिर मीमांसक।

3. आचार्य पं. धर्मदेव विधामार्तण्ड

4. डॉ. रामनाथ वेदालकार 'विद्यामार्तण्ड'।

5. डॉ. दिनेशचन्द्र शास्त्री।

6. डॉ. रघुवीर वेदालंकार आदि

उपरोक्त विद्वानों द्वारा दिए गए कारणों से वेदों में किसी भी स्थल पर पुनरुक्ति दोष नहीं है। उक्त विद्वानों के सम्बन्धित शोध निबन्ध 'वेदों में पुनरुक्ति दोष नहीं' नामक ग्रन्थ में देखे जा सकते हैं जिसे हितकारी प्रकाशन समिति हिण्डौन सिटी ने प्रकाशित किया है।

वेदार्थों को जानने हेतु देवता, ऋषि, छन्द और प्रसंग का ज्ञान होना आवश्यक है। प्राचीन आचार्यों का कथन है कि ऋषि, देवता और छन्दों के ज्ञान के बिना वेदार्थ को आत्मसात् करना असम्भव है। महर्षि यास्क के अनुसार एक ही देवता अपने ऐश्वर्य के कारण उपकरण, उपकर्त्तव्य आदि बहुत से रूपों में ऋषियों द्वारा प्रशंसित हैं। कात्यायन के अनुसार महान् आत्मा ही एक देवता है, वही सब पदार्थों में विद्यमान है। यही एक आत्मा ही सब विकारों की प्रकृति है अर्थात् जगत् के सब विकार इसी में होते हैं अथवा सम्पूर्ण जगत् का निर्माता है-

एकैव वा महानात्मा देवता। स हि सर्व भूतात्मा।
तद्विभूतयोऽन्या देवताः॥ सर्वानुक्रमणी 14.16.18॥

अतएव ऋषि अश्व आदि प्राकृतिक तत्त्व की स्तुति करते समय विविध विकारों में विद्यमान उस एक महान् आत्मा की ही स्तुति करता है। महर्षि दयानन्द ने 'देव' शब्द का मूल अर्थ परमात्मा माना है। परमात्मा ही सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का सर्वोच्च नियन्ता है। इन्द्र, वरुण, मित्र, विष्णु आदि विविध नाम उस परमात्मा की

विभिन्न शक्तियों एवं गुणों के व्यञ्जक हैं। वेदों में एकदेवतावाद का ही प्रतिपादन है-

"एकं सद् विप्रा वहुधा वदन्ति।"

अतः विद्वान् एक ही सत्ता का अनेक प्रकार से वर्णन करते हैं। यास्क ने भी सभी देवताओं को एक आत्मा के प्रसंग में स्वीकार किया है। बृहदेवता में एकेश्वरवाद का मुक्त कण्ठ से समर्थन किया गया है, और उसका शाश्वत सिद्धान्त- एकमेवाद्वितीयम् है यास्क ने देवताओं का वर्गीकरण निम्न दो प्रकार से किया है-

प्रथम	द्वितीय
1. पृथिवी स्थानीय -अग्नि	1. प्रत्यक्ष देवता
2. अन्तरिक्ष स्थानीय- वायु और इन्द्र	2. परोक्ष देवता
3. द्युस्थानीय- सूर्य	3. आध्यात्मिक

आचार्य राजवीर शास्त्री कृत "वैदिक कोष" में वैदिक देवताओं के अनेक अर्थ दिए गए हैं, उनमें से प्रमुख देवताओं के अर्थ परमात्मा को ही इंगित करते हैं, अन्य को नहीं। इसी सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि "वैदिकदेवता" और "वैदिक ऋषि" पर प्राचीन एवं वर्तमान विद्वानों का मत है कि ऋषि स्वयं वेदमन्त्रों के निर्माता नहीं बल्कि अर्थद्रष्टा थे। वेदमन्त्र तो अपौरुषेय हैं, परमात्मा की वाणी हैं, जो सृष्टिकाल और प्रलयकाल दोनों में सदा आकाश में रहते हैं। सृष्टि के सृजन के साथ ही ये मानवों के लौकिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान और उनके हितार्थ चार योग्यतम ऋषियों को प्रत्यक्ष किए जाते हैं तथा गुरु-शिष्य परम्परा से श्रुति के माध्यम से इनका प्रसार होता है, ग्रन्थों में आबद्ध होकर तो बहुत बाद में आए हैं। ऋग्वेद का मन्त्र निम्न रूप में द्रष्टव्य है-

तस्माद् यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तस्मादजायत॥ (ऋ. 10.90.9)

ऋग्वेद का कथन है कि वेद रूपी वाणी विभिन्न रूपों वाली है और नित्य है-

वाचा विरूप नित्यया। (ऋ. 8.75.6)

ऋषियों के सम्बन्ध में यास्क का कथन है कि-ऋषियों ने वेदों का प्रातिभ चक्षु से साक्षात्कार किया। वे वेदों के वस्तुतः कर्त्ता नहीं हैं-

साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुः। (निरुक्त 1.20)

न्यायदर्शन के अनुसार ईश्वर आप्त (प्रामाणिक) है, अतः आप्त वाक्य होने के कारण वेद प्रामाणिक है-

मन्त्रायुर्वेदप्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यमाप्तप्रामाण्यात्।।

(न्याया 2.1.68)

वैशेषिक दर्शन भी कहता है, ईश्वरीय वाक्य होने के कारण वेद प्रामाणिक हैं- तद्वचनाद् आम्नायस्य। (वैशेषिक 1.1.3)

महर्षि अरविन्द का कथन है कि ऋषि सूक्त/ मन्त्र के निर्माता नहीं थे, वे द्रष्टा थे। वेद मन्त्रों में प्रतीकों का आश्रयण किया गया है, जो ऊपर से तो भौतिक अर्थ बताते हैं, ये मौलिक अर्थ के आवरण से ढ़के हुए हैं, और ये आवरण कहीं घना और कहीं स्पष्ट है, परन्तु इनका वास्तविक अर्थ गूढ़ और आध्यात्मिक होता है क्योंकि इनमें वैदिक संस्कृत के द्व्यर्थक शब्दों का प्रयोग है। वैदिक प्रतीकों का अभिप्राय ज्ञात हो जाने से इनके सच्चे अर्थों का ज्ञान हो जाता है। वेद का प्रत्येक तत्त्व दूसरे प्रत्येक तत्त्व के साथ गुंथा हुआ है। महर्षि अरविन्द का कथन है कि ऋग्वेद अपने सब मण्डलों में एकवाक्यता रखता है। उसके दस मण्डलों में एक ही तत्त्व, एक ही विचार, एक से अलंकार और एक ही से वाक्यांश पाते हैं क्योंकि ऋषिगण एक ही सत्य के द्रष्टा हैं, और उसे अभिव्यक्त करते हुए वे एक समान भाषा का प्रयोग करते हैं। महर्षि अरविन्द ने स्पष्ट कहा है कि वेदों के समस्त मन्त्र/ सूक्त/ मण्डल एक दूसरे से सम्बद्ध और परस्पर ग्रथित हैं, जिससे प्रत्येक भाग एक दूसरे भाग पर प्रकाश डालते हैं। इनमें असंगति तभी दिखती है, जब हम उनके आवरण को नहीं हटा पाते हैं। इसके अतिरिक्त वेदों में प्राचीन आदिम शब्दों तथा घुमावदार भाषा का प्रयोग किया है, जिसको समझ पाना सभी के सामर्थ्य में नहीं है, विशेषतया पाश्चात्य विद्वानों के। महर्षि अरविन्द की वेदों के सम्बन्ध में दृष्टि रहस्यवादी है। ये वेदों में अध्यात्म के गूढ़ रहस्यों की उपस्थिति मानते हैं। वेद आध्यात्मिक अनुभूतियों के कोश हैं। उन्होने कुछ शब्दों की व्याख्या निम्न प्रकार की है-

1. इन्द्र प्रबुद्ध मन का देवता हे, वृत्र अज्ञान या अविद्या का प्रतीक है।
2. ऋत आध्यात्मिक सत्य है।
3. घृत घी ही नहीं, अपितु ज्ञान के प्रकाश का द्योतक है।
4. वैदिक देवता विश्वव्यापी शक्तियाँ हैं।
5. सरस्वती आन्तरिक ज्ञान को प्रबुद्ध करने वाली शक्ति का नाम है।

पं. वुद्धदेव विद्यालंकार ने अपने ग्रन्थ 'ऋग्वेद मण्डल-मणि-सूत्र' में उदाहरण और प्रमाण सहित ऋग्वेद के समस्त दस मण्डलों में एक सूत्रता, तारतम्यता और परस्पर सम्बद्धता स्थापित की है। इसके अतिरिक्त महर्षि दयानन्द कृत वेद भाष्यों

में भी मन्त्रों, सूक्तों, अध्यायों में एकसूत्रता और सातत्य सिद्ध है।

पाश्चात्य विद्वानों, विशेषतया ब्लूमफील्ड के आक्षेप कि, वेदों में पुनरुक्ति दोष बहुतायत में है; ऋग्वेद में सूक्तों की रचना दो बार हुयी है, एक प्राचीन और एक नवीन जिससे प्राचीन सूक्तों/ मन्त्रों में परिवर्तन कर नवीन का निर्माण किया गया है; वेदों की रचनाएँ आदिम, असभ्य और जंगली कारीगरों की कृति है; ऋग्वेद के समस्त मण्डलों में परस्पर असम्बद्धता है, इत्यादि भारतीय ऋषियों एव विद्वानों द्वारा प्रस्तुत तर्कों/साक्ष्यों एवं विवेचनाओं के आधार पर स्वतः निरस्त हो जाते हैं। वेदों में सामान्यतया समझ में न आने योग्य प्रतीकों का प्रयोग, शब्दों की द्व्यर्थकता, प्राचीन भारतीय संस्कृति का अज्ञान, तपस्वी कर्म और भाव का अभाव और अंग्रेजी भाषी होने से वैदिक संस्कृत के शब्दों के मर्म को न समझने के कारण पाश्चात्य विद्वानों ने वेदों पर आक्षेप किए हैं। वेद तो अपौरुषेय हैं, ऋषि मात्र अर्थ द्रष्टा हैं, अतः परमात्मकृत वेदों में किन्हीं प्रकार के दोषों की सम्भावना हो ही नहीं सकती है। वेद की वाक्य रचना बुद्धि पूर्वक है, इस सम्बन्ध में वैशेषिक दर्शन का निम्न सूत्र द्रष्टव्य है–

बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे।। (वैशेषिक 6.1.1)

वेद में जो वाक्य रचना है, वह सब बुद्धि पूर्वक है, नित्यज्ञान की मूलक है। वेद में भ्रम, प्रमाद आदि की सम्भावना नहीं है। इसी कारण धर्म व अधर्म का बोध कराने में वेद का स्वतः प्रामाण्य है। ईश्वरीय ज्ञान होना इसका मूल है। मानव अज्ञान मिश्रित होता है, पूर्णज्ञानी कभी नहीं। ईश्वरीय ज्ञान पूर्ण और नित्य है। मानव हेतु सम्पूर्ण अपेक्षित ज्ञान वेदरूप में प्राप्त है। यथार्थ धर्म का स्वरूप वहीं से जाना जाता है। इस प्रकार वेदों में किसी प्रकार की अपूर्णता या दोष नहीं है।

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (125-130) January-June 2019 ISSN 2277-4351

यजुर्वेदीय ब्राह्मणों के सन्दर्भ में 'वाणी' का वेदत्व

डॉ. अपर्णा (धीर) खण्डेलवाल
असिस्टेन्ट प्रोफेसर,
इन्स्टिट्यूट ऑफ ऐड्वान्स्ड साइन्सीस,
डार्टमोथ, एम.ए., यू.एस.ए.

भूमिका

सम्पूर्ण विश्व में मनुष्य ही सर्वोत्तम जीव है, जो वाक्-व्यवहार द्वारा अपने विचार-विनिमय एवं ज्ञान-विज्ञान के चिन्तन को व्यक्त करने में समर्थ है। वास्तव में 'वाक्' भाषा के प्रकाशन का माध्यम है क्योंकि ज्ञान भाषा है और उसकी अभिव्यक्ति वाणी द्वारा ही सम्भव है।[1] निरुक्त में स्पष्टत: कहा है कि जो बोली जाती है, वही भाषा वाक् है।[2] वाणी के महत्त्व की ओर वैदिक ऋषियों ने प्रथमत: ऋग्वेद के वाक्-सूक्त (10.125) में ध्यान आकृष्ट किया है। ऋग्वैदिक दृष्टि में भाषा का संस्कार-सम्पन्न स्वरूप 'वाक्' है।[3]

ऐसा माना गया है कि वैदिक संहिताओं में कहे गये मन्त्रों की ही व्याख्या, विवेचन अथवा विश्लेषण प्राय: ब्राह्मण ग्रन्थों में यत्र-तत्र उपलब्ध है। कहा भी गया है- *'वेदानां ब्रह्मणां व्याख्यानानीमानि'*।[4] मन्त्रब्राह्मणात्मक वेदशास्त्र को भारतवर्ष की मौलिक निधि माना गया है।[5] इस दृष्टि से यहाँ वाणी के स्वरूप एवं उसके वेदत्व के अध्ययन हेतु शुक्लयजुर्वेदीय वाजसनेयी-संहिता की माध्यंदिन शाखा से सम्बद्ध शतपथ ब्राह्मण और कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय-संहिता से सम्बद्ध तैत्तिरीय ब्राह्मण को मूल आधार के रूप में ग्रहण किया गया है।

---

1. कपिलदेव द्विवेदी, *भाषा-विज्ञान एवं भाषा-शास्त्र*, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2003, पृ. 43
2. वाक् कस्मात् वचे:। निरुक्त 2.23
3. शशि तिवारी, *ऋग्वैदिक अध्ययन*, न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन, दिल्ली, 2018, पृ. 216
4. सावित्री देवी शर्मा, *शतपथब्राह्मण के प्रतीक (एक विवेचनात्मक अध्ययन)*,श्री घूडमल प्रहलादकुमार आर्य धर्मार्थ ट्रस्ट, राजस्थान, 2004, पृ. 301 में उद्धृत।
5. मोतीलाल शास्त्री, *'वेद का स्वरूप विचार'*, राजस्थान पत्रिका पा. लिमिटेड, जयपुर, पृ. 5

वाणी का स्वरूप

वस्तुतः वेद साक्षात् ईश्वर की वाणी है। जिस प्रकार ऋग्वेद-संहिता[1] में वाक्तत्त्व को विरूप और नित्य कहा गया है, उसी प्रकार तैत्तिरीय ब्राह्मण[2] में वाणी को प्रथम उत्पन्न होने वाला, अक्षर एवं शाश्वत माना है। यही कारण है कि वाणी से ही समस्त संसार की उत्पत्ति कही गई है- *'वाचं देवी उपजीवन्ति विश्वे'*।[3] इन यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में कर्मकाण्ड का ऐसा विवेचन है कि समस्त संसार यज्ञमय कहा गया है- *'सर्वं यज्ञमयं जगत्'*। यज्ञ-शैली का कथन करने वाले इन ग्रन्थों में बताया गया है कि हम आहुतिकाल के समय जो मन्त्रोच्चारण करते हैं, उसी से समस्त संसार बनता है। शतपथ ब्राह्मण में भी यज्ञ की दृष्टि से इस तथ्य को प्रतिपादित किया गया है। कथित है कि वाणी से ही यज्ञ का स्वरूप बनता है इसीलिए चार ऋत्विजों में से वाक् को यज्ञ का होता माना गया है।[4] क-च-ट-त आदि वर्ण वाणी के माध्यम से शब्दों में परिगणित होकर मन्त्र का रूप लेते हैं। मन्त्र के साथ डाली गई अग्नि में आहुति देवताओं द्वारा ग्राह्य होती है। इस प्रकार वाणी द्वारा ही यज्ञ सफलतापूर्वक सम्पादित किया जाता है।[5] अतः वाणी का स्वरूप उसमें प्रयुक्त शब्दों पर आधारित है।

शब्दों के माध्यम से समस्त व्यवहार सम्भव है। वास्तव में व्यवहार ही समस्त क्रियाकलाप से बने इस संसार का मूल है। तैत्तिरीय ब्राह्मण में इसी दृष्टि से वर्णित है कि समस्त प्राणीजन यथा- मनुष्य, गन्धर्व, पशु आदि वाणी द्वारा ही व्यवहार करते हैं और इस प्रकार लोकव्यवहार से ही समस्त भूमण्डल का निर्माण होता है।[6] आचार्य दण्डी ने भी **काव्यादर्श** में शब्द को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यदि शब्द रूपी ज्योति संसार में न जलती तो संसार में चारों ओर अधेरा ही रहता।[7] शब्द-व्यवहार पर आधारित इस संसार में ऐसा माना जाता है कि सार्थक शब्द ही ज्ञान के साधन होते हैं। ब्राह्मणकालीन ऋषि ने मनुष्य की वाणी को समझने योग्य माना

---

1. वाचा विरूपनित्यया। ऋग्वेद 8.8.75.6
2. वागक्षरं प्रथमजा ऋतस्य।तै. ब्रा. (तैत्तिरीय ब्राह्मण) 2.8.8.5
3. वही, 2.8.8.4
4. वाग्वै यज्ञस्य होता। श. ब्रा.(शतपथ ब्राह्मण) 12.8.2.23, 14.6.1.15
5. मोतीलाल शास्त्री, *शुक्लयजुर्वेदीय-माध्यन्दिन शतपथब्राह्मण विज्ञानभाष्य*, 'अध्वरनाम' तृतीयकाण्डान्तर्गत प्रथम खण्ड, जयपुर, पृ. 310
6. वाचं गन्धर्वाः पशवो मनुष्याः। वाचीमा विश्वा भुवनान्यर्पिता। तै. ब्रा. 2.8.8.4
7. इदमन्धन्तमः कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम्।
   यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारं न दीप्यते।। काव्यादर्श 1-4

है क्योंकि सभी प्रकार के पशुओं, जीव-जन्तुओं आदि में से केवल मानव-जाति की वाणी ही सार्थक शब्दों से अलंकृत है।[1]

वाणी के स्वरूप को बताते हुए यजुर्वेदीय ब्राह्मणोंमें *'चत्वारि वाक्परिमिता पदानि'*[2] कहकर शब्द-व्यवहार की ओर संकेत किया गया है अर्थात् वाणी चार प्रकार की है। आगे कहते है कि मेधावी विद्वान् इसके ज्ञाता हैं; उसके तीन पद गुहा में निहित, बुद्धिगम्य और अज्ञात हैं; चौथे पद को ही साधारण मनुष्य बोलते हैं। इस विषय में सायणाचार्य के मतानुसार परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी चार प्रकार के पद होते हैं, मनीषिगण इन चारों पदों के ज्ञाता माने गये हैं। उनके अनुसार परा, पश्यन्ती, और मध्यमा शरीर के मध्य गूढ़ रूप से स्थापित रहते हैं, केवल वैखरी पदों में ही मनुष्य बोलते हैं।[3] अतः शब्द-संचार वैखरी द्वारा सम्भव है, वाणी के अन्य तीनों रूप चैतन्य भाव से स्थित रहते हैं। इस प्रकार वाणी के स्वरूप को समझने हेतु हमें 'परा' को सूक्ष्मतम और 'वैखरी' को स्थूलतम जानना चाहिए। इस प्रकार ऋक्, यजु और साम भेद से सार्थक वाणी के तीन रूप कहे गये हैं- मौन (या धीरे बोलना), थोड़ी से तेज, एवं ऊँची।[4] तीनों तरह की यह वाणी सत्य और अनृत के रूप में सुनाई पड़ती है।[5] एक सन्दर्भ में संगीत की वाणी को 'परम वाणी' कहा गया है[6] क्योंकि कर्णों को प्रिय लगने वाली वाणी वास्तव में परम है। यज्ञ के सन्दर्भ में कहा गया है कि ऋक्, यजु और साम भेद वाली यह वाणी वस्तुतः दैवी है परन्तु अध्वर्यु जब मानुषी वाणी में आदेश देता है 'यह करो वह करो', तभी वेदी चिनी जाती है।[7]

इसके अतिरिक्त भी तैत्तिरीय ब्राह्मण में *'एकाक्षरां द्विपदा षट्पदां च'*[8] बताकर वाणी की विविधता को स्पष्ट किया गया है। एकाक्षर अर्थात् प्रणव रूपी, द्विपद अर्थात् संस्कृत और अपशब्द रूपी, तथा षट्पद अर्थात् प्राकृत, पैशाचिक आदि भाषाओं के भेद से वाणी को षड्विध अथवा उससे भी कहीं अधिक भेद वाली

1. तदेतत्तुरीयं वाचो निरुक्तम् यन्मनुष्या वदन्ति। श. ब्रा. 4.1.3.16
2. तै. ब्रा. 2.8.8.5; श. ब्रा. 4.1.3.17
3. तैत्तिरीयब्राह्मणम् (श्रीमत्सायणाचार्यविरचितभाष्यसमेतम्), (सं.) पुष्पेन्द्र कुमार, नाग प्रकाशक, दिल्ली, 2003, भाग-2, पृ. 759
4. ...त्रेधाविहिता हि वागृचो यजूंषि सामान्यथो यदिदं त्रयं वाचो नूपमुपांशु व्यन्तरामुच्चैः। श. ब्रा. 6.5.3.4
5. ...दैवं च वदति मानुषं चाथो यत्सत्यं चानृतं...। वही, 6.3.1.34
6. एषा वै परमा वाग्या सप्तदशानां दुन्दुभीनां...। वही, 5.1.5.6
7. वागेवोपनिषद्वाचा हि चीयत....सा वा एषा वाक् त्रेधा विहिता। ऋचो यजूँषि सामानि। वही, 10.5.1.1-2
8. तै. ब्रा. 2.8.8.4

आचार्य सायण ने माना है।[1] इस प्रकार वाक्शक्ति को सर्वत्र सहस्र रूपों में व्याप्त जानना चाहिए। शतपथ ब्राह्मण में भी इस ओर इंगित करते हुए वाणी के लिए 'सहस्र'[2] शब्द का प्रयोग किया गया है।

वाक् द्वारा सृष्टि

यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में कुछ आख्यान ऐसे मिलते हैं, जिन में वाणी को सृष्टि का कारण बताया गया है। जैसे-

तैत्तिरीय ब्राह्मण के आख्यानानुसार प्रजापति ने प्रजा की कामना की। उसने स्वयं को दस भागों में विभक्त करके दशहोतृ मन्त्र के द्वारा तप किया। सृष्टि की कामना से किया गया पर्यालोचन (विवेचन) ही तप है। इस मनन रूपी यज्ञ में अन्तःकरणवृत्ति ही स्रुक् थी। अन्तःकरण आज्य था। प्रजापति ने दशहोतृ मन्त्रानुष्ठान से चतुर्होतृ मन्त्र को रचा। उसने चतुर्होतृ मन्त्र से पुनः तप किया। अपने इस परिश्रम से थक कर प्रजापति ने दीर्घ निःश्वास छोड़ा, जिससे 'भू' शब्द निकला। भू से भूमि को रचा। तत्पश्चात् अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास आदि यज्ञों द्वारा तप किया। अपने इस परिश्रम से थक कर प्रजापति ने दीर्घ निःश्वास छोड़ा, जिससे 'भुवः' शब्द निकला। भुवः से अन्तरिक्ष को रचा। फिर चातुर्मास्य यज्ञ द्वारा तप किया। अपने इस परिश्रम से थक कर प्रजापति ने दीर्घ निःश्वास छोड़ा, जिससे 'सुवः' शब्द निकला। सुवः से द्युलोक की रचना की। इस प्रकार ये भू आदि व्याहृतियाँ लोकत्रय रूप में परिणत हो गई। इन लोकों का अनुसरण करते हुए प्रजा, पशु, छन्द इत्यादि उत्पन्न हुए। इसी प्रकार पंचहोतृ मन्त्र द्वारा तप करके प्रजापति ने क्रमशः असुरों और देवों को रचा। सप्तहोतृ मन्त्र द्वारा तप करके प्रजापति ने फिर स्वर्गलोक की रचना की।[3] इस वाक्य में व्याहृतियों के आधार पर रचे गये यज्ञ द्वारा सम्पूर्ण सृष्टि कही गई है।

शतपथ ब्राह्मण के आख्यानानुसार पहले सब सलिल था। उन्होंने प्रजा की कामना कर श्रम एवं तप किया। तब सालभर में एक अण्डे से पुरुष बना। वह पुरुष ही प्रजापति हुआ। सालभर बाद उसने बोलने की इच्छा की। उसने 'भू' शब्द से पृथिवी को, 'भुवः' शब्द से अन्तरिक्ष को तथा 'सुवः' शब्द से द्युलोक की रचना की।[4]

---

1. तैत्तिरीयब्राह्मणम् (श्रीमत्सायणाचार्यविरचितभाष्यसमेतम्), (सं.) पुष्पेन्द्र कुमार, नाग प्रकाशक, दिल्ली, 2003, भाग-2, पृ. 757
2. वाग्वाऽएषा निदानेन यत्साहस्रययातयाम्नी...श. ब्रा. 4.5.8.3,
   वाग्वाऽएषा निदानेन यत्साहस्री तस्या एतत्सहस्रं वाचः। वही, 4.5.8.4
3. तै. ब्रा. 2.2.4.1-6
4. श. ब्रा. 11.1.6.1-3

तैत्तिरीय ब्राह्मण के द्वितीय काण्ड के तृतीय प्रपाठक के अष्टम अनुवाक में प्राप्त आख्यानानुसार असुर, पितर, मनुष्य और देव इन चारों सृष्टियों को जल के समान कहा गया है- '*तानि वा एतानि चत्वार्यम्भांसि। देवा मनुष्याः पितरोऽसुराः*'। प्रस्तुत आख्यान में जल को नभ के समान कहा गया है- *'तेषु सर्वेष्वम्भो नभ इव भवति'* अर्थात् सब प्रकार का जल आकाशादि है और ये सब आकाशादि प्रजापति के रूप हैं। इस प्रकार आकाश को समस्त सृष्टि के कारण के रूप में जाना जा सकता है। आकाश का गुण है शब्द। व्याकरण-दर्शन के अनुसार सारा संसार शब्द से ही उत्पन्न हुआ है।[1] शब्द (वाणी) से सृष्टि का अभिप्राय भी आकाश से सृष्टि का उद्भव सिद्ध करता है। तैत्तिरीयोपनिषद् में इसी ओर इङ्गित करते हुए आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथिवी, पृथिवी से वनस्पत्ति, वनस्पत्ति से अन्न, अन्न से पुरुष की उत्पत्ति कही गई है।[2] शब्द या वाणी को संसार के रचयिता के रूप में प्रतिपादित करते हुए शतपथ ब्राह्मण में वाणी के लिए प्रयुक्त सृष्टि-प्रक्रिया के मूल तत्त्व विराट्, विश्वकर्मा एवं प्रजापति विशेषण निश्चित ही प्रशंसनीय है।

इस प्रकार शतपथ ब्राह्मण में भी पुनः एक आख्यान में कहा है कि प्रजापति ने प्रजा की इच्छा की। उसके पास उस समय केवल त्रयी विद्या रूपी वाणी ही थी। इस वाणी से प्रजापति ने जल एवं सम्पूर्ण सृष्टि बनाई।[3]

वाणी के लिए विशेषण

अपनी उपरोक्त प्रभावशीलता के कारण वाणी के लिए शतपथ ब्राह्मण में अनेक विशेषण कहे गये हैं। इन विशेषणों द्वारा वाणी के स्वरूप तथा महत्त्व को ज्ञात किया जा सकता है। यथा-'विराट्', 'विश्वकर्मा', 'प्रजापति', 'सर्वभेषजम्', 'लोकम्पृणा', 'इन्द्र', 'अनुष्टुप्', 'धेनु', 'प्राण', 'चन्द्रमा', 'ब्रह्म', 'यज्ञ', 'देवता', 'वसिष्ठ' इत्यादि विशेषण प्रयुक्त किये गये हैं।[4] अर्थात् वाणी सबसे विशाल है, वाणी से ही विश्व के

---

1. शब्दस्य परिणामोऽयम्....एतद् विश्वं व्यवर्तत। वाक्यपदीय 1.120
2. तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः....स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः। तैत्तिरीयोपनिषद् 2.1
3. श. ब्रा. 6.1.1.8-9
4. वाग्वै विराट्। श. ब्रा. 3.5.1.34,
   वाग् वै विश्वकर्मर्षिः। वाचा हीदं सर्वं कृतम्। वही, 8.1.2.9,
   वाग् वै प्रजापतिः। वही, 5.1.5.6, 13.4.1.15,
   वागु सर्वभेषजम्। वही, 7.2.4.28
   वाग् वै लोकम्पृणा। वही, 8.7.2.7,

सभी कर्म किये जा सकते है, वाणी संसार की पालक और शक्तिशाली है, वाणी सब औषधी है (वाणी रूपी मधुर-हितकारी वचनों से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक कष्ट दूर होते हैं), वाणी ब्रह्म है, वाणी यज्ञ है, वाणी सब देवता है आदि विशेषणों द्वारा वाणी की सर्वव्यापकता दिखाई गई है।

निष्कर्ष

उपरोक्त सन्दर्भों से वाणी के वेदत्व को निश्चित ही जाना जा सकता है। जिस प्रकार हम सभी वैदिक ज्ञान को शाश्वत और नित्य कहते हैं, उसी प्रकार वाक् तत्त्व को भी शाश्वत और नित्य जानना चाहिए क्योंकि वाणी कुछ और नहीं अपितु अक्षर ब्रह्म ही है। इसी वाणी से त्रयी विद्या प्रकट हुई क्योंकि सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय उत्कृष्ट ओम् पद में ही तो विद्यमान है। यही वाणी समस्त सृष्टि के मूल में विद्यमान है। सार्थक शब्दों से युक्त वाणी ही ज्ञान का सृजन करती है और इसी ज्ञान के आधार पर समस्त लोक-व्यवहार एवं क्रियाकलाप निर्भर करता है। वैदिक ज्ञान का सार्थक स्वरूप शब्दों में निहित ज्ञानमय मन्त्रराशि वास्तव में कर्मकाण्डीय गतिविधियों की सफलता की कुँजी है। दार्शनिक रूप से देखें तो भी सृष्टि का कारण वाक् तत्त्व पञ्चमहाभूतों में से मुख्यतः आकाश का गुण माना गया है इसीलिए शतपथ ब्राह्मण में वाणी को अग्नि, आदित्य, द्यौ कहा गया है।[1] सामान्य शब्दों में कह सकते हैं कि वाणी वह ऊर्जा स्रोत है, जो साक्षात् ईश्वर है, चेतना है, (समस्त शुभाशुभ कर्मों की) प्रेरक है। यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में प्राप्त वाक् तत्त्व विषयक चर्चा को भाषा-विज्ञान के अन्तर्गत चर्चित ध्वनि-विज्ञान, व्याकरण-शास्त्र में प्राप्त शब्दार्थ, वाक्य आदि कथन, तर्क-शास्त्र में वर्णित शब्द प्रमाण तथा मनोवैज्ञानिक अध्ययन में कथित मन एवं वाणी के संयोग को समझने में पृष्ठभूमि के रूप में ग्रहण किया जा सकता है।

प्राणो वै वाक्। वही, 1.1.2.14
वाग्वै ब्रह्म। वही, 2.1.4.10
वाग्वै यज्ञः। वही, 1.1.2.2, 3.1.3.27,
वागिति सर्वे देवाः। वही, 14.4.3.13

1. वागेव अग्निः। श. ब्रा. 3.2.2.13, वाग्वा अग्निः। वही, 6.1.2.28,
सा या वागसौ स आदित्यः। वही, 10.5.1.4,
वाग्घवा द्यौर्वा। वही, 12.4.1.1

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (131-135) January-June 2019 ISSN 2277-4351

स्मृतिग्रंथों में प्रतिपादित धर्म एवं उसकी प्रासंगिकता

डॉ मोनिका मिश्रा

असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
माता सुंदरी कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी

संस्कृत में धर्म शब्द पुल्लिंग तथा नपुंसक लिंग दोनों में मिलता है। वस्तुतः धर्म ऐसा शब्द है जिसका प्रयोग संस्कृत साहित्य में विविध अर्थों में हुआ है। ऋग्वेद में 50 से भी अधिक बार इस शब्द का कहीं पुल्लिंग में तो कहीं नपुंसक लिंग में प्रयोग हुआ है फिर भी यह निश्चयेन नहीं कहा जा सकता कि धर्म शब्द धृ धातु से निष्पन्न तथा धारण करना अर्थ में प्रयुक्त होता है। ऋग्वेद में धर्म शब्द धार्मिक विधियों अथवा धार्मिक क्रिया संस्कारों के रूप में प्रयुक्त हुआ है। वैदिक साहित्य में धर्म शब्द के विविध अर्थों पर विचार करते हुए डॉ. पी.वी. काणे ने लिखा है- "किंतु अंत में ये मानव में विशेष अधिकारों, कर्तव्यों, बंधनों का द्योतक, आर्य जाति के सदस्य की आचार विधि का परिचायक एवं वर्णाश्रम का द्योतक हो गया।" -धर्मशास्त्र का इतिहास, प्रथम भाग, पृष्ठ-4

मीमांसा दर्शन धर्म जिज्ञासा को ही प्रमुख प्रतिपाद्य मानते हुए वेदानुमोदित प्रेरक तत्व को ही धर्म मानता है। -मीमांसा सूत्र 1.1.2

वैशेषिक दर्शन भी धर्म की व्याख्या कर अपना प्रमुख प्रतिपाद्य घोषित करता है-

"अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः।
यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः ।।"

-वैशेषिक सूत्र 1.1.1 तथा 1.1.2

इनके अनुसार जिसके द्वारा अभ्युदय अर्थात् आनंद तथा निःश्रेयस अर्थात मोक्ष की प्राप्ति हो उसे ही धर्म कहते हैं। स्मृति ग्रंथों में धर्म का जो लक्षण प्राप्त होता है वह या तो उसका विवरणात्मक स्वरूप प्रकट करता है अथवा धर्म के विविध उपादानों के आधार पर उसका स्वरूप निर्धारित करता है, मनुस्मृति में धर्म के मूल में संपूर्ण वेदों को रखा गया है तथा साथ ही साथ उसमें वेद जानने वालों की स्मृति एवं शील, उनके आचार और सज्जनों की मनस्तुष्टि को रखा गया है-

वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्।
आचारश्चैव साधूनामात्मानस्तुष्टिरेव च।। -मनुस्मृति 2.6

धर्म का लक्षण करते हुए मनुस्मृति में कहा गया है कि वेद स्मृति सदाचार तथा अपनी रुचि के अनुसार कार्य को करना-यही धर्म का लक्षण है-

वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।
एतश्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम्।। -मनुस्मृति 2.12

धर्म के इस लक्षण में धर्म की चार बातों की ओर निर्देश किया गया है परन्तु मनुस्मृति में ही आगे धर्म के दस लक्षणों का उल्लेख प्राप्त होता है जिसमें कहा गया है कि संतोष, क्षमा मन को वश में रखना, न्यायपूर्वक धन लेना. पवित्रता, इंद्रियों को वश में रखना, बुद्धि, विद्या, सत्य और अक्रोध ये दस धर्म के लक्षण हैं-

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिंद्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। -मनुस्मृति 6.92

इस तरह मनुस्मृति में आए धर्म के दोनों ही लक्षण विवरणात्मक हैं। मनुस्मृति की भांति याज्ञवल्क्य स्मृति में भी धर्म का विवरणात्मक लक्षण ही दिया गया है-

श्रुतिः स्मृतिः सदाचार स्वस्य च प्रियमात्मानः।
सम्यक्संकल्पजः कामो धर्मम् लक्षणमिदं स्मृतम्।।

-याज्ञवल्क्य स्मृति आचार अध्याय-7

मनुस्मृति में वर्णित धर्म के दस लक्षणों की भांति याज्ञवल्क्य स्मृति में यज्ञानुष्ठान, आचार, इंद्रियनिगृह, अहिंसा, दान, वेदाध्ययन तथा ऐसे कर्म करना जो योग के द्वारा आत्मदर्शन कराने में समर्थ हो, श्रेष्ठ धर्म के अंदर विवेचित है।

इज्याचारदमाहिंसा दानस्वाध्यायकर्मणाम्।
अयं च परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम्।।

-याज्ञवल्क्य स्मृति आचार अध्याय-8

मनुस्मृति तथा याज्ञवल्क्य स्मृति के विपरीत पराशरस्मृति में धर्म का कोई स्वरूप स्पष्ट नहीं होता है। पराशरस्मृति में कहा गया है कि सभी युगों में अलग-अलग धर्म होते हैं। सत्य-युग में तप की प्रधानता थी, त्रेता में ज्ञान की प्रधानता थी, द्वापर में यज्ञ की प्रधानता थी, लेकिन कलियुग में दान की प्रधानता है।

अन्ये कृतयुगे धर्मस्त्रेतायाम् द्वापर युगे।
अन्ये कलियुगे नृणां युगरूपानुसारतः।।
ततः परम् कृतयुगे त्रेतायाम् ज्ञानमुच्यते।
द्वापरे यज्ञमेवाहुर्दानमेव कलौ युगे।। -पराशर स्मृति 1.22-23

इस तरह पराशर स्मृति में केवल तप, ज्ञान, यज्ञ और दान को ही धर्म के रूप में समाहित किया गया है। पराशर स्मृति में यह भी कहा गया है कि वेद को जानने वाले तीन या चार व्यक्ति जिस बात को कहेंगे वही धर्म होगा, हजारों अन्य व्यक्तियों के द्वारा कही हुई बातें धर्म नहीं होंगी।

चत्वारो वा त्रयो वापि ये ब्रूयुर्वेदपारगाः।
स धर्म इति विज्ञेयो नेतरैस्तुसहस्त्रशः।। –पराशर स्मृति 8.15

धर्म किसी व्यक्ति की जीवन प्रणाली का नाम है, और व्यक्ति समाज में रहता है यद्यपि प्रत्यक्षरूप से समाज का धर्म के साथ संबंध नहीं है, किंतु व्यक्ति के बिना जिस तरह समाज और धर्म के बिना व्यक्ति की कल्पना नहीं की जा सकती उसी तरह धर्म के बिना समाज की भी कल्पना नहीं हो सकती है अतः समाज में धर्म एक परम आवश्यक तथा अपरिहार्य तत्व है।

स्मृति ग्रंथों में भिन्न भिन्न समाज के लिए भिन्न भिन्न धर्मों का विवेचन किया गया है, महर्षि मनु ने कहा कि अपना धर्म निकृष्ट होने पर भी अच्छा है और दूसरे का धर्म उत्तम होने पर भी उचित नहीं है–

वरं स्वधर्मो विगुणो ना पारक्यः स्वनुष्ठितः। –मनुस्मृति 10.97

महर्षि याज्ञवल्क्य ने यह बताया है कि मनसा, कर्मणा और वचसा धर्म का आचरण करना चाहिए किंतु यदि वह धर्म लोकविरुद्ध हो तो उसे भी त्याग देना चाहिए। इस कथन से स्पष्ट होता है कि यद्यपि धर्म आचरणीय होता है किंतु यदि कोई धर्म समाज विरुद्ध प्रतीत होता हो तो उन दोनों में समाज की ही प्रमुखता होगी।

स्मृति ग्रंथ धर्म शास्त्रीय ग्रंथ है अतः उनमें जितने विषय विवेचित होते हैं वे सब धर्म के अंतर्गत आएंगे। संपूर्ण मनुस्मृति में धर्म के नाम पर मुख्यरूप से तीन विषयों–आचार, व्यवहार, प्रायश्चित का विवेचन हुआ है। याज्ञवल्क्य ने भी इन्हीं तीनों को प्रमुखता देते हुए तीन अध्यायों की रचना की है जबकि पराशर मुनि ने स्मृति ग्रंथ में केवल आचार और प्रायश्चित को विवेच्य बनाया।

मनुस्मृति में धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि पिता, माता, पुत्र, स्त्री और अपनी जाति के लोग परलोक में साथ नहीं देते हैं, सहायक केवल धर्म ही होता है। मृत्यु के बाद भाई बंधु श्मशान से लौट कर चले जाते हैं, केवल धर्म ही साथ जाता है इसलिए थोड़ा थोड़ा धर्म संचय प्रतिदिन करना चाहिए। धर्म उसी की रक्षा करता है जो धर्म की रक्षा करता है–धर्मो रक्षति रक्षितः। –मनुस्मृति 8.15

मनुस्मृति में सत्य को परम धर्म माना गया है, मनु ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कोई भी धर्म सत्यवादिता के द्वारा ही बढ़ता है– धर्मः सत्येन वर्धते (मनुस्मृति

8.83) तथा किसी प्रकार का धर्म निर्णय करने में जो व्यक्ति असत्य बोलता है वह नरक-गामी होता है।

मनुस्मृति में सत्य के अतिरिक्त भार्या की रक्षा के द्वारा भी धर्म की रक्षा होती है ऐसा कहा गया है। धर्म को संपादित करने में मनुष्य को भार्या का सहयोग लेना चाहिए, मनुस्मृति की भांति याज्ञवल्क्य स्मृति में भी भार्या की सुरक्षा को धर्म माना गया है। -याज्ञवल्क्य स्मृति आचार अध्याय 78

मनुस्मृति तथा याज्ञवल्क्य स्मृति दोनों में ही धर्म की रक्षा करने के लिए दंड को आवश्यक माना गया है। मनुस्मृति में तो दंड देने के कारण ही राजा चारों आश्रमों का साक्षी माना गया है। -मनुस्मृति 7.17-18

याज्ञवल्क्य मुनि यहां तक कहते हैं कि ब्रह्मा ने सर्वप्रथम दंड को ही धर्म के रूप में निर्मित किया-

धर्मो हि दंडरूपेण ब्रह्मणा निर्मितः पुरा।

-याज्ञवल्क्य स्मृति आचार अध्याय-354

पराशर स्मृति में दान को ही सर्वोत्तम धर्म परिगणित किया गया है।

कलौ पाराशरः स्मृतः। -पराशर स्मृति 1.22-23

इस प्रकार के उद्घोष वाली स्मृति में शरीर रक्षा को सर्वाधिक महत्व प्रदान किया गया है और कहा गया है कि देश भंग के समय परदेश में, रोग तथा व्यसन के समय में पहले शरीर की रक्षा करनी चाहिए उसके बाद धर्म के विषय में सोचना चाहिए।

इस प्रकार जहां मनुस्मृति धर्म के विविध रूपों में सत्य को सर्वोपरि मानती है वहीं याज्ञवल्क्य स्मृति किसी एक तत्व को प्रमुखता प्रदान नहीं करती है परंतु पराशर स्मृति में दान को सर्वोपरि धर्म माना गया है।

स्मृति ग्रंथों में विवेचित धर्म की प्रासंगिकता (आज के संदर्भ में)

स्मृति ग्रंथों में जिस धर्म का विवेचन हम प्राप्त करते हैं वह वस्तुतः समाज में समुचित रीति से रहने के लिए व्यक्तियों की जीवन प्रणाली का नाम है। स्मृति ग्रंथों में जिस जीवन प्रणाली का वर्णन हुआ है वह वैदिक जीवन प्रणाली को व्याख्यायित करता है।

"धारणात् धर्मः" इस अर्थ में आने वाला भारतीय, आर्य या सनातन धर्म कभी भी मानव-मानव के बीच विभेद की बात कर ही नहीं सकता। मानव की आचार

विधि अथवा जीवन पद्धति का उल्लेख करने के कारण स्मृतियों में विवेचित धर्म आज भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है।

स्मृति ग्रंथों में धर्म के अंतर्गत कुछ ऐसे विषयों का विवेचन हुआ है जिनकी प्रासंगिकता विचारणीय हो जाती है जैसे यज्ञ करना, अहिंसा आदि। आज के वैज्ञानिक युग में यज्ञ करने की बातें हास्यास्पद लग सकती हैं किंतु गंभीरतापूर्ण विचार करने पर यज्ञ की भी महत्ता सिद्ध हो जाती है। यज्ञ करने से मानव का तो चित्त शुद्ध होता ही है समस्त प्रकृति भी शुद्ध हो जाती है।

स्मृति ग्रंथों में अहिंसा को धर्म के अंतर्गत स्थान दिया गया है।

अनेक भारतीय ग्रंथों में "जीवो जीवस्य भोजनम्" कहकर पशु हिंसा की बात कही गई है, हमारे स्मृति ग्रंथ भी इसका विरोध नहीं करते हैं, किंतु स्मृति ग्रंथों में जिस अहिंसा का उल्लेख प्राप्त होता है वह यह बताता है कि व्यर्थ में ही ऐसे जीवों की हिंसा नहीं करनी चाहिए जो हमारे लिए किसी ना किसी रूप से लाभदायक हैं। इस तरह स्मृति ग्रंथों में विशिष्ट अभिप्राय को अभिव्यक्त करने वाला अहिंसा शब्द आज के युग में भी प्रासंगिक बना हुआ है। पराशर स्मृति में कहा गया है कि सतयुग में तप प्रधान युग था, त्रेता में ज्ञान, द्वापर में यज्ञ और कलियुग में दान सर्वप्रधान धर्म है। दान को महत्व प्रदान करने का अभिप्राय यह है कि मनुष्य केवल अपनी इच्छापूर्ति में ना लगा रहे बल्कि वह अपनी अर्जित संपत्ति में से कुछ अंश जरूरतमंद लोगों को प्रदान करे।

आज धर्म शब्द का जो अर्थ हो रहा है वह संप्रदाय अथवा पंथ विशेष को बोधित करता है। उदाहरण के लिए हिंदू धर्म अलग है और हिंदू संप्रदाय अलग। जब हिंदू धर्म का उल्लेख करते हैं तो उससे जिस जीवन प्रणाली का बोध होता है वह वैदिक अथवा सनातन धर्म प्रणाली को द्योतित करता है।

स्मृति ग्रंथों में आया हुआ धर्म शब्द निश्चित रूप से आज के प्रयुक्त धर्म शब्द से पूर्ण रूपेन भिन्न है, इस प्रकार स्मृति ग्रंथों में आगत धर्म तत्व पूर्णतया प्रासंगिक है।

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (136-143) January-June 2019 ISSN 2277-4351

आधुनिक जीवन में क्रियायोग की प्रासंगिकता

-डॉ. ऊधम सिंह

असिस्टेंट प्रोफेसर, योग विज्ञान विभाग,
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

डॉ. ईश्वर भारद्वाज

प्रोफेसर, योग विज्ञान विभाग
संकायाध्यक्ष, आयुर्विज्ञान एवं स्वास्थ्य संकाय,
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

अज्ञानता एवं अविवेक के कारण जब भावनाओं पर आघात होता है तो क्लेश का जन्म होता है। किसी कार्य की पूर्ति न होने पर जो मन में क्षोभ उत्पन्न होता है, उसे क्लेश कहते हैं। क्लेश को दु:खों का पर्याय कहा गया है। योगदर्शन में क्लेश शब्द का अर्थ शाब्दिक अर्थ से भिन्न है। इसके अर्थ गहरे और सूक्ष्म, दार्शनिक और अध्यात्मिक हैं। महर्षि पतंजलि के अर्थों में क्लेश दु:खों का कारण है। जन्म, जीवन और भोग का कारण भी क्लेश है। क्लेश के कारण ही संसार में आवागमन बना रहता है। अत: क्लेशों से मुक्त होना ही जीवन की वास्तविकता का बोध है। इन क्लेशों से मुक्ति का माध्यम क्रियायोग है जो केवल साधना के दृष्टिकोण से ही नहीं अपितु हमारे दैनिक जीवन के लिए भी उपयोगी है।

पंचक्लेश:

क्लेशों के कारण ही जीवात्मा बार-बार पाँच महाभूतों से निर्मित शरीर, संसार और सांसारिकता के जाल में उलझता है। दुखों से छूटने के उपाय कितने ही खोजे गए लेकिन दुख यथावत् बने हुए हैं। आधुनिक युग में वैज्ञानिक तथा मनोवैज्ञानिक सभी मिलकर मनुष्य को प्रसन्न रखने, दुखों से मुक्ति तथा सुख में उत्तरोत्तर वृद्धि के प्रयास कर रहे हैं किन्तु सुविधाओं और सुखों के साधनों में अतिशय वृद्धि के उपरांत भी मनुष्य अशांत और दुखी ही बना हुआ है।

महर्षि पतंजलि ने क्लेशों की व्याख्या करते हुए लिखा है- **अविद्यास्मिता-रागद्वेषाभिनिवेशा: पंच क्लेशा:**[1] अर्थात् अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष तथा अभिनिवेश

1. पातंजल योगसूत्र 2/3

ये पांच क्लेश हैं। पांचो क्लेशों के कारण प्राणिमात्र जगत् के प्रपंचों के बन्धन रूप विकारों में आबद्ध होकर पीड़ित होता रहता है। क्लेश ही दु:खों के प्रदाता हैं।

अविद्या:

अविद्या एक प्रकार से भ्रम एवं अविवेक का कारण है, इसके प्रभाव से मनुष्य का विवेक एवं बोध अज्ञान के प्रभाव में आ जाता है। और इसका जीवन विपरीत पथ पर चल देता है। इस विपरीत ज्ञान के कारण नश्वर शरीर को अविनाशी मानने की भूल होती है। यहां तक कि इसी भूल के कारण वह मरण धर्मा शरीर के मोह जाल में पड़कर आत्मतत्व को विस्मृत कर देता है। पतंजलि क्लेशों की व्याख्या करते हुए सर्वप्रथम अविद्या का वर्णन करते हैं-**"अनित्याशुचिदु:खानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या"**[1] अर्थात् अनित्य में नित्य, अपवित्र में पवित्र, दु:ख में सुख और अनात्मा में आत्मा का ज्ञान अविद्या है। इस सूत्र में अविद्या के स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है।

अनित्य में नित्य का ज्ञान

अनित्य से तात्पर्य जो चिर स्थायी न रहे, जो प्रत्येक क्षण परिवर्तित होता रहे, जो नष्ट हो जाने वाला है, उसे अनित्य कहते हैं। संसार और संसारिक वैभव सब अनित्य हैं। शरीर नाशवान है किन्तु हम इसे शाश्वत समझकर व्यवहार करते हैं। यही अविद्या है।

अपवित्र में पवित्रता का ज्ञान

शरीर कफ, रूधिर, मल मूत्र आदि से निर्मित है, जो अपवित्र माना गया है। इसको पवित्र मानना। अन्याय, चोरी, हिंसा आदि से कमाया हुआ धन अपवित्र है, ऐसे धन को पवित्र मानना। अधर्म, पाप, हिंसा आदि से रंगा हुआ अन्त:करण अपवित्र है, उसको पवित्र समझ लेना अविद्या है।

दु:ख में सुख का ज्ञान

संसार के विषय भोगादि जो केवल दुख प्रदान करने वाले हैं, उनको सुख प्रदाता अथवा सुख स्वरूप समझ लेना अविद्या है। भवन भूमि, पुत्र, धन आदि प्राप्ति के समय सुखकारक प्रतीत होते हैं किन्तु नष्ट हो जाने पर यही दुखदायक बन जाते हैं अत: संसार दुख रूप ही है। कोई वस्तु या सम्बंध प्रारम्भ में सुखकर प्रतीत होता है। और अंत में दु:खदायी बन जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि वह वस्तु अथवा

---

1. पातंजल योगसूत्र 2/5

सम्बंध मूलरूप से दु:खदायी ही था। अविद्या के कारण दुख की सुखरूप में प्रतीति होती है।

अनात्मा में आत्मा का ज्ञान

देह, मन सहित दस इन्द्रियां एवं चित्त जड़ कहे गये हैं, तथा आत्मा से पृथक् हैं, किन्तु मनुष्य अविद्या के कारण इसी को अपना स्वरूप मान लेता है। आत्मा इस शरीर में चेतन तत्व है, जो देह से सर्वथा असंग है लेकिन अविद्या मनुष्य देह, मन, इन्द्रियों आदि को ही सब कुछ मानकर जीवन पर्यंत इसी ज्ञान में जीवन जीता है तथा मृत्युपर्यंत तटविक बोध न होने के कारण जन्म-मृत्यु के पास में बंधकर संसार में आवागमन करता हुआ दुख भोगता रहता है। यही उसकी नियति बन जाती है। अतः इससे ऊपर उठकर सोचने का प्रश्न ही नहीं होता है।

अस्मिताः

अस्मिता को समझाते हुए पतंजलि अपने सूत्र में लिखते हैं- **दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता**[1] अर्थात् दृक्-शक्ति और दर्शन-शक्ति इन दोनों का, एकरूप सा हो जाना, अस्मिता रूप क्लेश है। दृक् शक्ति पुरूष चेतन और दर्शन शक्ति चित्त जड़ है, ये दोनों एक हो नहीं सकते, किन्तु अविद्या के कारण ही दोनों की एकरूपता सी प्रतीति हो रही है। दृष्टा स्वयं को दृश्य समझने की भूल कर बैठता है। सरल शब्दों में कह सकते है कि पुरुष तथा चित्त दोनों भिन्न होते हुए भी उनकी जो अभिन्न प्रतीति होती है, उसको अस्मिता कहते हैं। स्वामी विवेकानंद लिखते हैं कि "आत्मा ही यथार्थ दृष्टा है, वह शुद्ध, नित्य, पवित्र, अनन्त और अमर है। दर्शन शक्ति अर्थात् उसके व्यवहार में आने वाले यन्त्र कौन-कौनसे हैं? चित्त, बुद्धि अर्थात निश्चयात्मिका वृत्ति, मन और इन्द्रियां ये उसके यन्त्र हैं, ये सब बाह्य जगत् को देखने के लिए उसके यन्त्रस्वरूप हैं और उसकी इन सब के साथ एकरूपता को अस्मितारूप अविद्या कहते हैं"[2]। अस्मिता के द्वारा ही देह और इन्द्रियों में आत्मभाव का प्रादुर्भाव हो जाता है। अहंकार को अस्मिता कहा गया है। मैं बलवान हूँ, बीमार हूँ, दुखी हूँ, सुखी हूँ आदि ये सब उसके आकार हैं।

रागः

राग को परिभाषित करते हुए पतंजलि कहते हैं- **सुखानुशयी रागः**[3] अर्थात्

---

1. पातंजल योगसूत्र 2/6
2. राजयोग, स्वामी विवेकानंद, पृ. स. 147
3. पातंजल योगसूत्र 2/7

सुख के आभास के पीछे रहने वाला क्लेश राग है। शरीर, इंद्रिय और मन में आत्मबुद्धि उत्पन्न हो जाती है, तब राग की उत्पत्ति होना स्वाभाविक है। जिन विषयों के भोग के कारण शरीर, मन और इंद्रियों को तृप्ति होती है अर्थात् उन्हें सुख प्राप्त होता है, उन विषयों के प्रति विशेष लगाव हो जाता है, जिसे राग कहा जाता है। महर्षि व्यास ने सूत्र की व्याख्या करते हुए लिखा है- व्यक्ति के चित्त में सुख या दु:ख की स्मृतियों का संग्रह होता है। उन संगृहीत स्मृतियों के अनुरूप सुख या दुख अनुभव होता है। वस्तुत: सुख या दु:ख का अस्तित्त्व नहीं है, यह व्यक्ति की धारणा मात्र है कि वह किसे सुख और किसे दुख मानता है। इस प्रकार सुखात्मक भावों के प्रति उठने वाली लालसा या प्रीति ही राग कही जाती है।

सुख के आभास के प्रति आकर्षण एवं आसक्ति ही राग है। यह राग हम सभी के जीवन में नित्य नवीन ढंग से किसी न किसी रूप में घटित होता रहता है। राग का संसार बड़ा व्यापक और जटिल है। राग पनपता है व्यक्तियों में, वस्तुओं में। कोई हमें यों ही अच्छा लगने लगता है, और हम अटक जाते हैं। आसक्ति और आकर्षण की डोर से बंधे हम अपने संचित पुण्यों को, संचित तप को गंवाते रहते हैं। होश तब आता है जब यह बहुमूल्य कोष पूर्णत: रिक्त हो जाता है। "सुख की प्रतीति केवल वस्तुओं और व्यक्तियों में ही नहीं पनपती वल्कि विचार और भाव यहां तक कि कल्पनाओं के मायाजाल के आकर्षण में उलझे रहते हैं"।

द्वेष-

यह राग ही द्वेष का कारण है, क्योंकि चित्त में राग के संस्कार जम जाने पर जिन वस्तुओं से शरीर, इन्द्रियां और मन को दु:ख प्रतीत हो अथवा जिनसे सुख के साधनों में विघ्न पड़े, उनसे द्वेष होने लगता है। द्वेष के विषय में पतंजलि कहते हैं- **दु:खानुशयी द्वेष:**[1] अर्थात् दु:ख की प्रतीति के पीछे रहने वाला क्लेश द्वेष है। महर्षि व्यास द्वेष को समझाते हुए लिखते हैं- चित्त में सुख और दु:ख के संस्कार बने हैं, उनमें जो संस्कार दु:ख के हैं, उनकी स्मृति होने पर प्रतिघ, मन्यु, जिघांसा और क्रोध होता है वही द्वेष कहलाता है।

- **प्रतिघ:** प्रतिघ का अर्थ है प्रतिकार का भाव। इसे प्रतिघात करने या बाधा देने का भाव भी कह सकते हैं।
- **मन्यु:** मन्यु अर्थात् मानसिक क्षोभ। मानसिक रूप से क्रोध करना भी कह सकते हैं।

---

1. पातंजल योगसूत्र 2/8

– **जिघांसाः** जिघांसा का अर्थ है हनन करने की इच्छा। जिससे दुःख प्राप्त होता है उसे नष्ट करने की इच्छा का भाव जिघांसा कहलाता है।

– **क्रोधः** शारीरिक भाव से क्रोध करना।

विवेकानंद लिखते हैं कि जिसमें हम दुःख पाते हैं, उसे तत्क्षण त्याग देने का प्रयत्न करते हैं।[1] जो चीजें हमें दुःख देती हैं, उनसे द्वेष उपजता है। मनुष्य के मन की एक निश्चित सरंचना है। उसके अन्तःकरण का एक निश्चित आकार है। व्यक्ति की अपनी मान्यताएं, विश्वास, आग्रह, दृष्टिकोण एवं सोच है। जब व्यक्ति अपनी इन्हीं सीमित सरंचना में बंधना चाहता है जो भी विपरीत घटित होता है तो उसके अपने आग्रह, मान्यताएं एवं विश्वास उसे दुःख पहुंचाने लगते हैं और द्वेष की सृष्टि प्रारम्भ हो जाती है, जो कई श्रङ्ख्लाओं को जन्म देती है जिससे मनुष्य कई जीवन अथवा जन्म जन्मांतरों तक जकड़ा रहता है।

अभिनिवेशः

अभिनिवेश की व्याख्या करते हुए पतंजलि लिखते हैं- **स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः**[2] अर्थात् जो स्वभावतः चला आ रहा है एवं जो विवेकशील पुरूषों में भी विद्यमान देखा जाता है, वह अभिनिवेश अर्थात जीवन के प्रति ममता है। कोई भी प्राणी यह नहीं चाहता कि मेरी मृत्यु हो या मैं इस जगत् में न रहूं। सभी इस संसार में अपनी उपस्थिति चाहते हैं। मृत्यु रूप भय मूढ़जनों की भांति विद्वज्जनों को भी सताता है।

महर्षि व्यास ने इस सूत्र का भाष्य करते हुए लिखा है- अभिनिवेश का भाव सभी में समान भाव से रहता है। सदा बने रहने की इच्छा तब होती है जब किसी ने पूर्वजन्म में मरण का अनुभव किया हो, वर्तमान जन्म में यह अनुभव हुआ नहीं है, इसलिए मरने का भय समान रूप से सभी प्राणियों में पाया जाता है और मरने से बचने के लिए सभी उद्दत दिखायी देते हैं।

क्लेशों की अवस्थाएं :

पंच क्लेशों की अवस्थाओं का महर्षि पतंजलि वर्णन करते हैं- **"अविद्या क्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम्"**[3] अर्थात् प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार अवस्थाओं वाले समस्त अविद्यादि क्लेशों का मूल कारण अविद्या है।

---

1. राजयोग, स्वामी विवेकानंद, पृ. स. 148
2. पातंजल योगसूत्र 2/9
3. पातंजल योगसूत्र 2/4

प्रसुप्त-

प्रसुप्त क्लेश उन्हें कहा गया है, जो चित्त में स्थिर रहकर भी अपना कार्य सम्पादित नहीं कर पाते। जिस प्रकार बाल्यावस्था में विषयभोग की वासनाएं बीजरूप से विद्यमान रहती हैं, युवावस्था होने पर जाग्रत होकर अपना फल दिखलाती हैं।

तनु-

जिन क्लेशों को क्रियायोग द्वारा शक्ति से रहित कर दिया जाता है, लेकिन उनकी वासनाएं बीज रूप में निरन्तर चित्त में विद्यमान रहती है। क्लेशों की इस अवस्था को तनु कहतें हैं। ऐसी स्थिति में व्यक्ति कार्य करने में समर्थ न होकर शांत रहते हैं।

विच्छिन्न-

विच्छिन्न क्लेशों की वह अवस्था है, जिसमें एक क्लेश किसी दूसरे बलवान क्लेश से दबा हुआ रहता है। जैसें द्वेष अवस्था में राग छिपा रहता है और राग अवस्था में द्वेष।

उदार-

जब क्लेश अपने समस्त सहयोगी विषय भोगों को प्राप्त करके अपना कार्य पूर्ण रूपेण सुचारू ढंग से सम्पन्न कर रहे हों, तो उस समय उदार अवस्था कहलाती है।

क्लेश है जन्म-मरण का कारणः

"कर्माशय" अपने आप में अनूठा शब्द है। यह कई अर्थ लिए हुए है। इससे मिलता जुलता शब्द गर्भाशय भी है। जिस प्रकार गर्भ में जीव का आना फिर विकास प्रक्रिया से गुजरना और फिर नौ माह बाद प्रसव वेदना के साथ शिशु के रूप में जन्म लेना कुछ ऐसी ही प्रक्रिया कर्माशय में भी सम्पन्न होती है। अंतर बस इतना है कि गर्भाशय स्थूल शरीर की प्रक्रिया है और कर्माशय सूक्ष्म शरीर की। चित्त में सभी संस्कार बीज रूप में संचित रहते हैं। फिर निश्चित क्रम में इनका अभिवर्धन विकास एवं परिपाक होता है और सुख-दुख के रूप में हमारे समक्ष आ जाते हैं। महर्षि पतंजलि के शब्दों में इसे कर्माशय कहा गया है-**क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः**[1] अर्थात् क्लेश मूलक कर्म संस्कारों का समुदाय वर्तमान और भविष्य दोनों ही प्रकार के जन्मों में भोगा जाने वाला है। कर्माशय को समझने के

1. पातंजल योगसूत्र 2/12

लिए इसके अर्थ को समझना आवश्यक है। कर्म का आशय इसका शाब्दिक अर्थ है ख्र कर्म का प्रसुप्त संचय। कर्म बीज या कर्म संस्कार का जहां संचय होता है, उसे कर्माशय कहते हैं। यह कर्माशय दो प्रकार का कहा गया है- 1 दृष्ट जन्म वेदनीय ख्र जो वर्तमान जन्म मे जाना जाय। 2 अदृष्ट जन्म वेदनीय- जो आगामी दूसरे जन्मों में भोगा जाए। अर्थात् कर्माशय का भोग कुछ इसी जन्म में तथा कुछ कर्मों का भोग आने वाले जन्मों में भोगा जाता है। क्लेश ही शरीर, इंद्रिय एवं मन की समस्त क्रियाओं का कारण है। आगे के सूत्र में महर्षि पतंजलि लिखते हैं- **"सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः"**[1] अर्थात् अविद्यादि क्लेश मूल में रहने पर उस कर्माशय के कारण जाति, आयु और भोग इन तीनों कि प्राप्ति होती है। ये तीनों तब तक प्राप्त होते रहते हैं, जब तक कि उसकी जड़ को योगाभ्यास रूपी कुल्हाड़ी से विच्छिन्न नहीं कर दिया जाता है।

क्रिया योग की प्रासंगिकताः

महर्षि पतंजलि ने क्रियायोग को परिभाषित करते हुए कहा है- **तपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः**[2] क्रियायोग का अभ्यास क्लेशों को तनु कर देता है। महर्षि पतंजलि ने तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान के अभ्यास को क्रियायोग कहा है। स्व कर्तव्यों का पालन करते हुए जो शारीरिक व मानसिक कष्ट मिलते हैं, उन्हे सहर्ष सह लेना ही तप कहलाता है। स्वाध्याय सद्-ग्रन्थों के आलोक में स्वयं के अध्ययन के रूप में परिभाषित किया गया है। वेद, शास्त्र, महापुरुषों के द्वारा कहे गए वाक्यों का पठन-पाठन एवं इष्ट देवता के मंत्र का जप करना स्वाध्याय की श्रेणी में आता है। ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव ईश्वर प्रणिधान कहलाता है। जब इन तीनों का अभ्यास किया जाता है तो क्लेशों का प्रभाव कम हो जाता है। क्रिया योग के अभ्यास से क्लेश तनु हो जाते हैं। महर्षि पतंजलि ने कहा है- **"समाधिभावनार्थ क्लेशतनूकरणार्थश्च"**[3] अर्थात् क्रिया योग के अभ्यास से क्लेश तनु हो जाते हैं और यह समाधि की ओर ले जाता है।

क्रियायोग साधना के द्वारा मनुष्य अपने पूर्वजन्म में अर्जित किए गए कर्मों के संस्कारों को इतना दुर्बल कर देता है कि वे फल देने योग्य नहीं रहते हैं। उन संस्कारों को भी समाधि की अवस्था में दग्धबीज करके समाप्त कर देने से चित्त का प्रतिप्रसव हो जाता है। साधक इस प्रकार जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष

---

1. पातंजल योगसूत्र 2/13
2. पातंजल योगसूत्र 2/1
3. पातंजल योगसूत्र 2/2

या कैवल्य की स्थिति प्राप्त कर लेता है। जहां सदा-सर्वदा के लिए दु:खों से छुटकारा प्राप्त हो जाता है।

आधुनिक युग में भी क्रियायोग की साधना द्वारा हम शरीर व मन को सुदृढ़ करके भलीभांति जीवन यापन कर सकते हैं। संसार में रहकर भी कमलपत्रवत् अलग रह सकते हैं तथा परमेश्वर के प्रति समर्पण करके स्वयं को मृत्युपर्यंत अभय होकर, निश्चिंत भाव से जीवन व्यतीत कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का कष्ट जीवन में नहीं आएगा।

क्रिया योग का अभ्यास करने वाला साधक शारीरिक दृष्टि से बलिष्ठ, विषम परिस्थितियों में भी धैर्यपूर्वक कार्य करने वाला, पाप-पुण्य की समझ वाला, परोपकाररत, भागवद् भक्त, किसी का भी बुरा न चाहने वाला कहा जाता है। आज के भौतिकता के युग में तनावपूर्ण जीवन जीता हुआ व्यक्ति व्याधिग्रस्त, मन व बुद्धि की दृष्टि से विचलित तथा अनिर्णय की स्थिति वाला हो गया है। उसे शरीर, मन व बुद्धि की दृढ़ता देने के लिए क्रियायोग ही एकमात्र साधन है जो सरल, तनावमुक्त, स्वस्थ एवं शांत जीवन व्यतीत करने में सहायक हो सकता है। अत: क्रियायोग को जीवन में अपनाकर आनन्दपूर्ण जीवन जीने का प्रयास करना श्रेयष्कर है।

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (144-146) January-June 2019 ISSN 2277-4351

उपनिषदों में प्राणायाम का स्वरूप

डॉ. विजेन्द्र प्रकाश कपरूवान

विभागाध्यक्ष, सत्त्वयोगपीठ

अमितग्राम गुमानीवाला, ऋषिकेश

उपनिषदों में प्राणायाम का यद्यपि बहुत अधिक वर्णन नहीं किया गया है तथापि जितना भी प्राणसम्बन्धी वर्णन उपलब्ध होता है उसमें प्राणों का महत्त्व भली भांति प्रतिपादित किया गया है। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है कि सभी भूत प्राण से ही उत्पन्न होते हैं तथा प्राणों में ही लीन होते हैं।[1] तैत्तिरीयोपनिषद् में भी इस प्राण से भूतों की उत्पत्ति बतलाकर प्राण को साक्षात् ब्रह्म ही कह दिया गया।[2] प्रश्नोपनिषद् में प्राण की उत्पत्ति आत्मा से बतलाते हुए प्राण के अन्य भेद व्यान, उदान, समान आदि का भी उल्लेख किया गया है। इस उपनिषद् के अनुसार चक्षु, श्रोत्र, मुख, नासिका, पायु तथा उपस्थ में स्वयं प्राण तथा शरीर के मध्य भाग में समान नामक प्राण रहता है। शरीर में फैली हुयी सहस्त्रों नाड़ियों में व्यान नामक प्राण विचरण करता है।[3] मनुष्य के पाप पुण्य के अनुसार उदान नामक प्राण उसको पापलोक अथवा पुण्यलोक को प्राप्त कराता है। पाप तथा पुण्य के मिश्रण से मनुष्य लोक को प्राप्त कराता है। इतना ही नहीं इस उपनिषद् में तो यहां तक कहा गया है कि तेज से संयुक्त होकर प्राण आत्मा को उसके सङ्कल्पित लोक को प्राप्त करा देता है। प्राणवेत्ता विद्वान् पुरुष अमृत हो जाता[4]। कठोपनिषद् में कुछ स्पष्ट रूप में प्राणायाम की एक प्रक्रिया दिखलाई है कि प्रथम प्राणायाम करते समय हृदय देशस्थ प्राण वायु को ऊपर अर्थात् ब्रह्माण्ड में ले जाकर स्थित करता है तथा दूसरा प्राणयाम करते समय अपान वायु को नीचे की ओर धकेलता है। नाभि तथा कण्ठ देशके मध्य हृदय स्थित जीवात्मा की समस्त इन्द्रियां उपासना करती हैं।[5] स्वामी लक्ष्मणानन्द के अनुसार कठोपनिषद् के इस श्लोक में योगदर्शन में निर्दिष्ट प्रथम तथा द्वितीय

---

1. छान्दो. 1.11.5 सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशन्ति।
2. तै. उ. भृ. व. अनु. 3- प्राणो ब्रह्मेति व्यजानत।
3. प्रश्नोपनिषद् 2.3-5
4. प्राणस्तेजसा युक्तः सहात्मना यथा संकल्पितं लोकं नयति।
   य एवं विद्वान् प्राणं वेद न ह्यस्य प्रजा हीयतेऽमृतो भवति॥ -प्रश्नो. 2.10.11
5. कठो.- 5.3 ऊर्ध्वं प्राणमुन्नयत्यपानं प्रत्यगस्यति।
   मध्ये वामनमासीनं विश्वे देवा उपासते॥ कठो. 5.3

प्राणायाम की ही विधि बतलायी गयी है।[1] श्वेताश्तर उपनिषद् में भी संक्षेप में प्राणायाम की विधि बतलाई गई है जिसमें प्राणों को सूक्ष्म-क्षीण करना बतलाया है यहां पर वर्णित प्राण की क्षीणता का संकेत कदाचित् योगसूत्र में वर्णित प्राणायाम की दीर्घता सूक्ष्मता की ओर ही है। इसी प्रसङ्ग में श्वेताश्वतर उपनिषद् में प्राणायाम को मन के एकाग्र करने का साधन बतलाया गया है।

जाबालदर्शनउपनिषद् में प्राणायाम के भेद के बारे में कहा है कि जिस क्रिया द्वारा बाहरी वायु को उदर में भरते हों वह क्रियापूरक कहलाती है अर्थात् सांस द्वारा वायु को भीतर की ओर खींचते हुए पेट (उदर) तक ले जाना पूरक कहलाता है। प्राणायाम तीन प्रकार का बताया गया है-

निम्न, मध्यम और उत्तम।

प्राणायाम करते समय यदि शरीर से पसीना आ जाये तो वह निम्न श्रेणी का प्राणायाम है। शरीर में कम्पन्न होना मध्यम श्रेणी का तथा शरीर का ऊपर की ओर उठता हुआ सा जान पड़ना उत्तम श्रेणी का प्राणायाम माना गया है।[2]

योगकुण्डली उपनिषद् में चार प्रकार के प्राणायामों का वर्णन किया गया है। यथा-सूर्यभदेन, उज्जायी, शीतली और भस्त्रिका।[3] अमृतनादोपनिषद् में प्राणायाम के 3 अंगों-रेचक, पूरक, कुम्भक की चर्चा प्राप्त होती है। साधारणतया बाह्य वायु का शरीर में आपूरण पूरक, शरीर में वायु का विरेचन ही रेचक कहा गया है।[4] तेजोबिन्दु उपनिषद् के अनुसार चित्तादि सभी भावों में ब्रह्म की भावना कर सभी वृत्तियों का निषेध ही प्राणायाम है। प्रपंच का निषेध रेचक है 'ब्रह्मैवास्मि' वृत्ति ही पूरक है, इसवृत्ति की स्थिरता ही कुम्भक है।[5]

ध्यानबिन्दुउपनिषद् में पूरक, कुम्भक एवं रेचक को क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश कहा गया है।[6] मण्डलब्राहमणोपनिषद् में षोडश मात्राओं द्वारा पूरक, चौंसठ मात्राओं द्वारा कुम्भक उसी बत्तीस मात्राओं द्वारा रेचक करने का प्राणायाम कहते हैं।[7]

1. ध्यानयोग प्रकाश, पृ. 144
2. जाबालदर्शन उपनिषद्- 4/23-25
3. योगकुण्डल्युपनिषद्- 1/21 सूर्योज्जायीशीतली च भस्त्री चैव चतुर्थिका।
   भेदैरेव समं कुम्भौ यः स्यात्सहितकुम्भकः।
4. अमृतनादोपनिषद्- 10-14
5. तेजोबिन्दु उपनिषद्- 31-33
6. ध्यानबिन्दु उपनिषद्- मं. 21 ब्रह्मापूरक इत्युक्तो विष्णुः कुम्भक उच्यते
   रेचो रुद्र इति प्रोक्तः प्राणायामस्य देवताः।
7. मण्डलब्राह्मणोपनिषद्-6 पूरक कुम्भक रेचकैः षोडशचतुःषष्टिद्वात्रिशत्संख्यया यथा क्रमं प्राणायामः।

शाण्डिल्योपनिषद् में यम-नियम-आसन से पूर्ण रूपेण सम्पन्न होने के पश्चात् मनुष्य को प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। इसके अभ्यास से नाड़ियों की शुद्धि हो जाती है।[1] इसी उपनिषद् में आगे कहा है कि प्राण तथा अपान को एकत्रित कर देना ही प्राणायाम होता है। रेचक, पूरक तथा कुम्भक के भेद से प्राणायाम तीन तरह का होता है। वे रेचक, पूरक कुम्भक (प्राणायाम) वर्ण के स्वरूप से युक्त हैं इस कारण प्रणव ही प्राणायाम कहलाता है।[2] योगचूड़ामण्युपनिषद् में पूरक, कुम्भक और रेचक ये तीनों क्रियाओं को साक्षात् प्रणव का ही रूप माना है, इस चिन्तन के साथ द्वादश मात्रायुक्त प्राणायाम करना चाहिए।[3] सूर्य और चन्द्रमा का यह द्वादश मात्रा वाला प्राणायाम साधक के सभी दोषों को समाप्त कर देता है। पूरक में द्वादश कुम्भक में षोडश मात्रा और रेचक में दस मात्रा के प्राणायाम को ओंकार प्राणायाम कहा जाता है। यह प्राणायाम द्वादश मात्रा का सामान्य कोटि का इससे दुगनी मात्रा का मध्यम स्तर का और उसकी तिगुनी अर्थात् 36 मात्रा का प्राणायाम उत्तम कोटि का होता है। उपनिषदों में नाड़ी शुद्ध पर बहुत बल दिया है।

✦✦✦

---

1. शाण्डिल्य उपनिषद्- 1/3/15 यमनियमासनाभ्यास युक्तः पुरुषः प्राणायामं चरेत्। तेन नाडयः शुद्धा भवन्ति॥
2. शाण्डिल्य उपनिषद्- 1/6/1-2
3. योग चूडामण्युपनिषद्-म. 101-104 रेचकः पूरकश्चैव..... निर्णयः।

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (147-154) January-June 2019 ISSN 2277-4351

गुह्योपनिषत्सु गूढं मनोवैज्ञानिकं व्यक्तित्वविकासतन्त्रम्

(Personality Development techniques in Upaniṣhads comparative with western theories)

डा. आर. गायत्रीमुरलीकृष्णः

सहायकाचार्यः, शिक्षाशास्त्रम्,
राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, नवदेहली।

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्य पिहितं मुखम्।
तत् त्वं पूषन् अपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये॥[1]

यद्विज्ञातेन सर्वं विज्ञातं भवति तद्विजिज्ञासितव्य[2] येन आनन्दमयस्य अनन्तस्य सत्यस्य ज्ञानस्यानुभवेन[3] ब्राह्मीस्थितिं प्राप्य व्यक्तित्वस्य सर्वतोमुखविकासं प्राप्नुवन्ति अन्तेवासिनः। अथ का सा विद्या? इति जिज्ञासायाम् उच्यते "उपनिषदिति विद्योच्यते"[4] इति श्रुतिः। उपनिषच्छब्दस्य विशरणगत्यवसाधनैः साकम् उपासना, योगः, उपदेशः, दर्शनमित्यर्थाः प्रसिध्यन्ते। यत्र "असुराणां ह्येषोपनिषत्"[5] इति आसुरीप्रवृत्तेः प्रहाणाय यो उपदेशः प्रादीयत सः आसुरीप्रवृत्तितः "उपनिषद् ब्राह्मी वाव त"[6] इति ब्राह्मीस्थितेः पर्यन्तम् उपनिषद्योगबलेन यः विकासः मनुष्येषु सम्भवति सः विकासः व्यक्तित्वविकासः इति वक्तुं शक्यते। तथैव "उपनिषद्सत्यस्य सत्यमिति"[7] यो वेद तस्य "व्यक्तित्वमन्नमयादानन्दमयकोशपर्यन्तं विकस्यते" अतः अधिकारी "गुह्योपनिषत्सु गूढम्"[8] रहस्यं गुरुभिरुपदिष्टस्सन् "उपनिषत्को" भूत्वा "अधिलोकमधिज्यौतिषमधिविद्यमधिप्रजमध्यात्मम्"[9] च समधीत्य समाहितात्मस्सन् सत्वरजस्तमोगुणेषु, Id & Ego &

---

1. ईशावास्योपनिषत्।
2. छान्दोग्योपनिषत् -6.4।
3. तैत्तिरीयोपनिषद्-ब्रह्मानन्दवल्ली 1.1
4. तैत्तिरीयोपनिषद्-शाङ्करभाष्यम्
5. छान्दोग्योपनिषत् 8.8.4
6. केनोपनिषत् 4.7
7. बृहदारण्यकोपनिषत् 2.1.20
8. श्वेताश्वतरोपनिषत् 1.16
9. तैत्तिरीयोपनिषद्-शाङ्करभाष्यम् 1.3.1

Super Ego इति मानसिकप्रवृत्तिषु च साम्यावस्थां प्राप्नोति। एतदेव व्यक्तित्वस्य सर्वतोमुखविकासः भवति।

अत्र उपनिषदः व्यक्तिनिष्टान् साधारणासाधारणगुणान् विविच्य, तत्त्वं संज्ञाप्य अहं ब्रह्मास्मीति तुरीयावस्थां प्रापयन्ति। इत्थम् उपनिषद्भिः व्यक्तित्वविकासः सम्भवतीति निरूपणावसरे प्राच्यपाश्चात्यसिद्धान्तैः सह व्यक्तित्वविकासन्त्राण्यत्र निरूप्यन्ते।

किं नाम व्यक्तित्वम् -

आङ्ग्लभाषायां व्यक्तित्वं Personality इति शब्देन व्यवह्रियते। अस्य अर्थः भवति यत् Persona = Mask इति। के वयं, किं चिन्तयामो वयं, किं कुर्मो वयम् इत्यादीनां प्रश्नानां समाधानमेव व्यक्तित्वम्।[1] "मानवीयव्यवहाराणां मूलभूतः समुदितः यः धर्मविशेषः अथवा संस्कारसंहतीनां तत्त्वं व्यक्तित्वमिति"- (वुडवर्थ)। Personality is sum total of our character, emotions, intellect, behavior, quality etc. which includes conception of ourselves and also the estimate of outside people about us.

उपनिषत् -

का नाम उपनिषदिति सन्देहे सति उच्यते - "उपनिषदिति विद्योच्यते", असुराणां ह्येषोपनिषत्", "उपनिषद् ब्राह्मी वाव त", उपनिषद्सत्यस्य सत्यमिति, "गुह्योपनिषत्सु गूढम्", इत्यादि पारिभाषिकशब्दैः ज्ञायते उपनिषच्छब्दस्य विशरणगत्यवसादनैः साकम् उपासना, योगः, उपदेशः, दर्शनमित्यर्थाः प्रसिध्यन्ते।अतः आसुरीप्रवृत्तितः ब्राह्मीस्थितेः पर्यन्तं व्यक्तित्वविकासः उपनिषद्योगबलेनैव सम्भवति।

उपनिषत्सु व्यक्तित्वविकासः -

पाश्चात्यानां मते persona इत्युक्ते आवरकम् अतः तादृशः एव अर्थः उपनिषत्सु अपि दरीदृश्यते तथैव व्यक्तित्वविकासः इत्यस्यापि समुचितः अर्थः प्रदत्तः इति ज्ञायते यथा -

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्य पिहितं मुखम्।
तत् त्वं पूषन् अपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये।[2]

सत्यधर्माय अर्थात् यः धर्मः सत्याय कल्पते तादृशधर्मसंस्थापनार्थाय अज्ञानमिति हिरण्मयेन पात्रेण पिहितस्य मुखावरकस्य (Mask/Persona) अपावरणं निष्कासनं हे

---

1. Personality means what we are, what we think, what we do- Swamy Vivekananda.
2. ईशावास्योपनिषत्।

पूषन्[1] हे प्रभाकर सूर्य त्वं निष्कासयतु इति व्यक्तित्वस्य लक्षणं निरूपितम्। अत्र पूषन् शब्दः गुरुवाचकोपि विद्यते अतः अज्ञानावृतस्य चेतसः मुखावरकं सत्याय धर्माय निष्काशयतु इति वक्तुं शक्नुमः। अनेन व्यक्तित्वविकासः नाम सत्यधर्माय मनसः मुखावरकं नाम अज्ञानं निष्कास्य धर्माचरणं कर्तव्यमिति। विशिष्य अन्नमय-प्राणमय-मनोमय-विज्ञानमयकोशानामावरकस्य निष्कासनेन आनन्दमयकोशस्य यः प्राप्तिः सः व्यक्तित्वविकासः भवति। तथैव अधः उपनिषत्सु व्यक्तित्वविकासः नाम किमिति उदाहणानि दीयन्ते -

यदा पंचावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।
बुद्धिश्च न विचेष्टति तमाहुः परमां गतिम्।।[2]
तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरमिन्द्रियधारणम्।
अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ।।[3]

आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक् प्राणः चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि। सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्मनिराकुर्यां मा मा ब्रह्मनिराकरोत्। अनिराकरणमस्तु अनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु, ते मयि सन्तु।[4]

वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितम् आवीरावीर्म एधि .....।[5]

इत्याद्याः मन्त्राः व्यक्तित्वविकासप्रक्रियायाः उदाहरणानि वेविद्यन्ते।

उपनिषत्सु व्यक्तित्वविकाससोपानानि Personality Development Steps in Upaniṣads-

तैत्तरीयोपनिषदनुगुणं व्यक्तित्वं मुख्यतः पञ्चायामेषु क्रियाशीलः विद्यते यत् भौतिक-आत्मिक-मानसिक-बौद्धिक-आनन्दा इति (Personality is operational] mainly in five dimensions say Physical, Energical, Mental, Intellectual and blissful) स्वामिविवेकानन्देन भणितम्। अन्नमय-प्राणमय-मनोमय-विज्ञानमय- आनन्दमयकोशाः एव व्यक्तित्वस्य पञ्चायामाः विद्यन्ते -

Body & Physical dimension - अन्नमयकोशः तथा प्राणमयकोशः

Mind & mental dimension - मनोमयकोशः

---

1. भास्वद्विवस्वत्सप्ताश्वहरिदश्वोष्णरश्मयः। विकर्तनार्कमार्ताण्डमिहिरारुणपूषणः। अमरकोशः - 1-3-29-2-6 (vedic deity &Monior Williums Dictionary)
2. कठ. 2-3-10
3. कठ. 2-3-11
4. सामवेदस्य शान्तिपाठः।
5. ऋग्वेदस्य शान्तिपाठः।

Intellect & Intellectual dimension - विज्ञानमयकोशः

Soul & blissful dimension - आनन्दमयकोशः

अत्र या तैत्तिरीयोपनिषदि निगदिता पञ्चकोशप्रक्रिया कीदृशरूपेणव्यक्तित्वं प्रभावयतीति सारण्या स्पष्टीक्रियते।

पञ्चकोशाः (Personality layers)

कोशः	कार्यात्मक-विश्लेषणम्	प्रक्रियाभागाः	शरीरविशेषाः	व्यक्तित्वविकासोप-करणानि
अन्नमयः (Physical)	स्थूलशारीरिकम्-जीवनम् Anatomical	भौतिकशक्तिः	स्थूलशरीरम् (शिरः, बाहू इत्याद्यङ्गानि कार्यं कुर्वन्ति)	शिरः -पार्थिवः दक्षिणःपक्षः-दक्षिणभागः उत्तरः पक्षः-उत्तरभागः आत्मा - शरीरम् पुच्छम् - इदं शरीरम्
प्राणमयः (Energy)	अन्तःशारीरिकम्-आयुः Physiological	क्रियाशक्तिः	सूक्ष्मशरीरम् (5-ज्ञानेन्द्रियाणि, 5-कर्मेन्द्रियाणि च कार्यं कुर्युः)	शिरः -प्राणाः दक्षिणःपक्षः - व्यानः उत्तरः पक्षः - अपानः आत्मा - आकाशः पुच्छम् - पृथिवी
मनोमयः (Mental)	मानसिकम् वाचो निवर्तनम्, आनन्दः, भीतिः .. Psychological	इच्छाशक्तिः	सूक्ष्मशरीरम् (5-ज्ञानेन्द्रियाणि+मनः)	शिरः -यजुः दक्षिणःपक्षः - ऋग् उत्तरः पक्षः - साम आत्मा - आदेशः पुच्छम् - अथर्वाङ्गिरसः
विज्ञानमयः (Intellectual)	ज्ञानात्मकम् उपासनाकर्मणा सर्वान् कामान् समश्नुते Cognition	ज्ञानशक्तिः	सूक्ष्मशरीरम् (5-ज्ञानेन्द्रियाणि+चित्तम्+अहंकारः)	शिरः -श्रद्धा दक्षिणःपक्षः - ऋतम् उत्तरः पक्षः - सत्यम् आत्मा - योगः पुच्छम् - महः
आनन्दमयः (Blissful)	तुरीयम् Unconscious personality	ब्राह्मीस्थितिः	कारणशरीरम् (causal) आत्मा	शिरः -प्रियम् दक्षिणःपक्षः - मोदः उत्तरः पक्षः - प्रमोदः आत्मा - आनन्दः पुच्छम् - ब्रह्मा

उपर्युक्तायां सारण्याम् अन्नमय-प्राणमय-मनोमयकोशाः सर्वेषु मनुष्येषु जन्तुषु पशुपक्षिषु च समानरूपेण भवन्ति। यतः भोजनावासाद्यन्नमयाः श्वासनिश्वासाद्यान्तिरिक-प्रक्रियाः सुखदुःखाद्यनुभवाश्च सर्वेषु प्राणिकोटिषु समानरूपेण भवन्ति। परं विज्ञानं यज्ञं तन्वानः मनुष्यः श्रद्धा, ऋतं (स्पर्धा), सत्यं, योगः, महः (उत्सवः/पूजनं/उत्साहः) इति करणैः मन्त्रद्रष्टारः भवन्ति। अत्र विशेषरूपेण व्यक्तित्वविकासः नाम ज्ञानस्य आत्मसात्करणं केवलं श्रद्धया, स्पर्धया, सत्येन, योगेन, पूजनेन तस्य विकासः जायते इति उपनिषदि स्पष्टीकृतं विद्यते। अत्र सुखम् आनन्दः इत्यनयोः व्यत्यासः ज्ञातव्यः यत् कारणीभूतजन्यः तात्कालिको अनुभवः सुखमिति तथा निष्कारणीभूतजन्यं शाश्वतिकं सुखमानन्दः इति मे अनुभवः। अतः यस्मिन् कार्ये अनिर्वचनीयः आनन्दः जायते सः आनन्दमयकोशः व्यक्तित्वस्य सर्वतोमुखविकासस्तरः इति वक्तुं शक्नुमः। प्रायः एष एव सिद्धान्तः पाश्चात्येषु मास्लो (Maslow) महोदयेनापि प्रतिपादितम्। तस्य सिद्धान्तस्य नाम आत्मयथार्थीकरणसिद्धान्तः। अधः तयोः सिद्धान्तयोः तौलनिकं विमर्शनं क्रियते।

पञ्चकोशाः - आत्मयथार्थीकरणसिद्धान्तः

अब्रहम् मास्लो महोदयेनोक्तः आत्मयथार्थीकरणसिद्धान्तः अपि पञ्चीकरणप्रक्रियायाः सदृशसिद्धान्तमेव प्रतिपादयति। येन व्यक्तित्वविकाससोपानानि पञ्च प्रतिपादितानि यथा-

पञ्चकोशाः - आत्मयथार्थीकरणसिद्धान्तः



अब्रहं मेस्लो महोदयस्य आत्मयथार्थीकरणसिद्धान्त:
Self Actualization Theory / Needs theory

तैत्तरीयोपनिषदि पञ्चकोशसिद्धान्त:
Panchakosha Theory of Upanishad

अत्र विशेषः नाम पाश्चात्यसम्प्रदाये शारीरिकापेक्षायाः कृते प्राधान्यं दीयते। किन्तु प्राच्यसम्प्रदाये आनन्दस्य प्राधान्यं दीयते। अतः सर्वापेक्षाणां पूर्तेः पश्चात् अन्तिमरूपेण आत्मयथार्थीकरणार्थं प्रयतते पाश्चात्यः परं सर्वान् कोशान् परित्यज्य केवलं आनन्दमयकोशनिमित्तं मोक्षप्राप्त्यर्थं यतते भारतीयः इति व्यत्यासः। यद्यपि सिद्धान्तद्वये सोपानानि प्रायः समानानि दृश्यन्ते परं प्राधान्यं भिन्नं विद्यते अतः चित्रे तत् प्रदर्शितम्। तस्मात् भारतीयव्यक्तित्वविकाससिद्धान्तः आत्मयथार्थीकरणार्थमेव यतते तस्य कृते एकः क्रमः नास्तीति निश्चप्रचम्।

माण्डूक्योपनिषदि - मनोविश्लेषणवादस्य प्रतिबिम्बः

अत्र सिग्मण्डफ्राइड् महोदयस्य मनोविश्लेषणसिद्धान्तेन सह माण्डूक्योपनिषद्व्यक्तित्वं प्रभावयत्कारकाणि तौलनिकरूपेण संस्थापितानि। यत्र भारतीयैः चतुर्थावस्था तुरीयावस्था कथिता सा अवस्था प्रायः पाश्चात्यैः नैव दृष्टा। अतः व्यक्तित्वविकासस्य सर्वतोमुखश्रेष्ठावस्था का इति पाश्चात्यैः नैव ज्ञायते या भारतीयानामत्यन्तं प्राधान्या स्यात्। वस्तुतः ओंकारस्य वर्णनावसरे प्रत्येकमवस्थायाम् अनुभोक्तारः भिद्यन्ते इति माण्डूक्योपनिषदि सुष्ठु निरूपितम्। तेषां क्रियाः अपि भिन्नाः एव। क्रियानुगुणं तत्र व्यक्तित्वं प्रभावितः भवतीति विश्वासः। व्यक्तित्वानुगुणं कश्चन गुणः बहिः प्रकटितः स्यात्। स च गुणः अस्मासु व्यक्तित्वस्य प्रधानांशः भवति। अधः विषयोऽयं सविस्तरं तौलनिकरूपेण पट्टिकायां प्रदर्शितम्। येन सर्वेषां स्पष्टता भवेत् प्राच्यपाश्चात्य-व्यक्तित्वकारकाणि कानि भवन्तीति।

ॐ	अवस्था	भोक्ता	क्रिया	व्यक्तित्वं	कोशः
अ	जाग्रत् Conscious	वैश्वानरः	सर्वान् कामानादिस्व	Id तमः	अन्नमयः प्राणमयः
उ	स्वप्नः Unconscious	हिरण्यगर्भः	ज्ञानसन्ततिं समानस्व	Ego रजः	मनोमयः
म	सुषुप्तिः Subconscious	प्राज्ञः	मितेरपीतेर्वा मिनोति सर्वमपीतिश्च	Super Ego सत्वम्	विज्ञानमयः
अमात्रश्चतुर्थः	तुरीयः	ब्रह्म	प्रपञ्चोपशमः शिवोद्वैतः	साम्यावस्था प्रकृतिः	आनन्दमयः

पट्टिकायां प्रदर्शितरीत्या जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यवस्थाः मनुष्याणाम् व्यक्तित्वस्य कोशाः भवन्ति तदा मनुष्याणां व्यक्तित्वानुगुणं भोक्तारः तामसिक-राजसिक-सात्विकप्रकृतिं गृह्णन्ति इति प्रदर्शितम्। यत्र क्रियानामके स्तम्भे प्रदर्शितरीत्या ये मनुष्याः यस्मिन् विषये अधिकम् अवधानं ददति ते तादृशरीत्या क्रियाः कुर्वन्तीति तेषां क्रियाविशेषाणां

प्रदर्शनं कृतम्। अत एव केचन अन्नमयस्य केचन मनोमयस्य केचन विज्ञानमयस्य प्राधान्यं प्रदाय स्वीयप्रवृत्तिं प्रकाशयन्ति। भारतीयपरम्परायां सर्वतोमुखविकासः तुरीयावस्था इति वक्तुं शक्नुमः यस्यामवस्थायां प्रपञ्चोपशमः शिवम् अद्वैतमिति भावनाः मनुष्येषु भवन्ति। एष एव आशयः मुख्यं लक्ष्यं विद्यते अधिगमस्य। "मागृधः कस्य स्विद्धनम्"[1] इति या प्रवृत्तिः सात्विकप्रवृत्तिः भवति सा प्रवृत्तिः विज्ञानेनैव सम्भवति अतः ज्ञानस्य विस्तारः कार्यः। सुषुप्त्यवस्थया सह विज्ञानमयस्य तुलनायाम् एषः अंशः अवगन्तव्यः यत् समस्तं विज्ञानं वाङ्मयम् अधीतशास्त्राणि सर्वाणि अपि मानसिकपटलात् प्रवाहरूपेण बहिरानेतुं सर्वे विषयाः अचैतन्यावस्थायामेव भवेयुः। तथा साधना कर्तव्या। तदा एव प्राज्ञत्वं सम्प्राप्य मितेरपीतेर्वा मिनोति सर्वमपि इति समस्तविज्ञानस्य आधारस्तम्भः इव एषः कोशः प्रतीकात्मकः भवति।

उपनिषद्मनोविज्ञानानुगुणं व्यक्तित्वविकासः –

प्रागुक्तानामंशानामाधारेण व्यक्तित्वविकासम् आङ्ग्लभाषया एवं परिभाषितुं शक्नुमः यत् – It says our inner core of personality is the repository of infinite capability strengths and knowledge. When interacting with the outside world reflects as personality to an outside observer. Hence, the I ness is the core of personality which is like electricity इति। तथैव व्यक्तित्वविकासस्य मूलकारणानि वक्ति छान्दोग्योपनिषदि यथा – न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियोभवति।.....सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति। आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम्।[2] उपनिषत् मनुष्यान् मृत्युभीतेः विमोचयतीति जनक-याज्ञवल्क्यसंवादे सुष्ठु भणितम् एष एव व्यक्तित्वस्य विकासः भवति।[3] Personality development is the inner growth contributing to the other excellence.

यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूद्विजानतः।
तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः॥[4]

इत्थं सर्वाणि उदाहरणानि परिशील्य व्यक्तित्वविकासः नाम कः इति प्रश्नस्य समाधानं उपनिषद्भिः इदमभिज्ञातम् यत् – Personality development is actually discovering. Development of personality is meaningless. Can't develop the

1. ईशावास्योपनिषत् 1
2. छान्दोग्योपनिषत् 2.5
3. छान्दोग्योपनिषत् 1.6
4. ईशावास्योपनिषत् 17

capacity of I ness However we can discover the unexplored infinite possibilities and potential that the I ness is endowed with. This is Upanishad.

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं सङ्ग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत्।।[1] यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्म इति।[2] इत्यादीनि उदाहरणानि व्यक्तित्वस्य सर्वतोमुखविकासं प्रदर्शयन्ति। सर्वं शान्तमेवानुपश्यतः सर्वत्रानन्दावाप्तिः न कोपि प्रियः न कोपि विरोधीति सर्वं ब्रह्मतत्वत्वेनानुपश्यति। तद् अस्मासु एव विद्यते परं अभिज्ञानमावश्यकम्। तदर्थम् उपनिषद्विद्यायाः अध्ययनमनिवार्यम्। न अन्यः पन्थाः विद्यते अयनाय। तदुपदेशः गुरुभिः प्राप्यते। तदर्थं श्रेष्ठः विद्यार्थी भवेत्। तादृशविद्यार्थीनामभिज्ञानार्थं गुरुभिरपि कर्तव्यमिति।

अन्ततोगत्वा निष्कर्षरूपेणेदं वक्तुं शक्यते यत् व्यक्तित्वविकासः अस्मासु सर्वदा वर्तते एव। तस्य विकासः विभिन्नैः विधिभिः करणस्यावश्यकता नास्ति। परं व्यक्तित्वं किमिति अभिज्ञातव्यम्। तेनाभिज्ञानेन आनन्दावाप्तिः शाश्वतः भवति। तद्द्वारा मनुष्यः आसुरीप्रवृत्तितः ब्राह्मी अवस्थापर्यन्तं स्वकीयविकासं अनुभोक्तुं शक्नोतीति शम्।

सन्दर्भग्रन्थसूची -

1. Eight Upanishads Vol- 1 and Vol- 2, Swami Gambhirananda, Advaita Ashrama, Kolkata.
2. Brihadaranyakopanishad with rangaramanujas commentary Vol- 1, Academy of Sanskrit Research, Melkote & 571431.
3. तैत्तिरीयोपनिषत् (भाष्यषट्कोपेता), संस्कृत संशोधन संसत्, मेलुकोटे-571431
4. उपनिषत्संग्रहः, प्रो. जे.एल्. शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।
5. Upanishad-Vakya-Maha-Kosa, Shastri Gajanan Shambhu Sadhale, K.C. Publishers, 448, Ring Road, Azad Pur Flyover, Delhi-33.
6. App, अमरकोशः (शब्दकल्पद्रुम-वाचस्पत्यम्-वीलियम-आप्टे डिक्शनरी सहितः), प्रो. मदनमोहनझा, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, क.जे. सोमैयासंस्कृतविद्यापीठ, मुम्बई।
7. Vaidika Vag Jyotih, An International Refereed & Peer Reviewed Research Journal on Vedic Studies, Vol-/वर्ष-6, No-/अंक 10, Gurukula Kangri Vishwavidyalaya, Haridwar-249404

✦✦✦

1. कठोपनिषत् 1.2.15
2. तैत्तिरीयोपनिषत् 2.22

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 7, No. 12 (155-170) January-June 2019 ISSN 2277-4351

प्राच्यपाश्चात्यदृशा व्यक्तित्वचिन्तनम्

